

■ न्यायिक अधिकारियों के घेराव के लिए एआईएमआईएम व आईएसएफ दोषी - 12



■ इंडक्शन हीटर और बर्तनों का उत्पादन बढ़ाने के उपाय ढूंढने में जुटी सरकार- 12



■ भारत की नई परमाणु-चालित पनडुब्बी 'आईएनएस अरिदमन' सेवा में शामिल - 13



■ भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह ने महेंद्र सिंह धोनी और कपिल देव से मांगी माफी - 14

आज का मौसम
29.0° अधिकतम तापमान
16.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.59
सूर्यास्त 06.32


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष द्वितीया 10:09 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2083

शनिवार, 4 अप्रैल 2026, वर्ष 6, अंक 38, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


प्रधानमंत्री का रोड शो



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पुडुचेरी में विशाल रोड शो किया, जिसने करीब 2 किलोमीटर की दूरी तय की। इस दौरान भारी जनसैलाब उमड़ा। इस दौरान उनके साथ पुडुचेरी के कई बड़े नेता भी मौजूद थे। ● एजेंसी

# न्यायिक अधिकारियों के घेराव का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

कोलकाता, एजेंसी



मास्टरमाइंड मोफक्करुल इस्लाम (दाएं से दूसरे)।

- पश्चिम बंगाल पुलिस ने बागडोगरा हवाई अड्डे से दबोचा, दो अन्य आरोपी भी वहीं से गिरफ्तार
- मुख्य साजिशकर्ता की पहचान अधिवक्ता मोफक्करुल इस्लाम के रूप में हुई

पश्चिम बंगाल पुलिस ने मालदा जिले में सात न्यायिक अधिकारियों के घेराव के मुख्य साजिशकर्ता समेत दो लोगों को शुक्रवार को सिलीगुड़ी के बागडोगरा हवाई अड्डे से गिरफ्तार कर लिया।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुख्य साजिशकर्ता की पहचान अधिवक्ता मोफक्करुल इस्लाम के रूप में हुई है। उसे तब गिरफ्तार किया गया जब वह एक विमान में सवार होने की कोशिश कर रहा था। अधिकारी ने बताया कि वह कालियाचक कांड का मुख्य साजिशकर्ता है, जिसने बुधवार रात को सात न्यायिक अधिकारियों का बीडीओ कार्यालय के अंदर कई घंटों तक घेराव किया था। वह विमान में सवार होकर भागने की फिराक में था। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (उत्तर बंगाल) के. जयरामन ने पत्रकारों को बताया कि मोफक्करुल इस्लाम उत्तर दिनाजपुर जिले के इटाहार का रहने वाला है और वर्तमान में कोलकाता में रह रहा है। उन्होंने बताया कि बुधवार को भाषणों के माध्यम से स्थानीय लोगों को भड़काने के आरोप में कालियाचक पुलिस थाने में उसके खिलाफ तीन मामले दर्ज किए गए हैं। इस भड़काऊ भाषण के बाद मोथाबारी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कालियाचक-2 ब्लॉक कार्यालय के अंदर सात न्यायिक अधिकारियों का घेराव किया गया था। उन्होंने बताया, घटना के बाद हमने मोफक्करुल इस्लाम का पीछा किया और पश्चिम बंगाल आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) और सिलीगुड़ी पुलिस की मदद से उसे और उसके साथी को बागडोगरा हवाई अड्डे से गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ तीन अलग-अलग जगहों पर स्थानीय लोगों को भड़काने के आरोप में तीन मामले दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया कि कालियाचक घटना के संबंध में कुल 19 मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि एनआईए द्वारा जांच अपने हाथ में लेने के बावजूद वह अपनी जांच जारी रखेगी।

### एनआईए की 24 सदस्यीय टीम जांच को मालदा पहुंची

**कोलकाता।** निर्वाचन आयोग द्वारा एनआईए को जांच सौंपे जाने के बाद एक टीम मामले की जांच के लिए मालदा पहुंची और मोथाबाड़ी और कालियाचक थाना क्षेत्रों का दौरा किया। आयोग ने यह कदम सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद उठाया, जिसने इस मुद्दे पर बंगाल प्रशासन की कड़ी आलोचना की थी। एनआईए की 24 सदस्यीय टीम ने मोथाबाड़ी में पुलिस और अन्य कर्मियों से बात की और उस स्थान से सुराग एकत्र किए जहां भीड़ जमा हुई थी और सुरक्षा बलों द्वारा नाकाबंदी हटाने की कोशिश के दौरान वाहनों पर पथराव किया था। इस टीम का नेतत्व डीआईजी स्तर के एक अधिकारी कर रहे हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### सीबीएसई : छठी कक्षा में पढ़नी होंगी तीन भाषाएं

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अपना नया शैक्षिक कार्यक्रम लागू कर दिया है, जिसके तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 से कक्षा 9 के लिए गणित और विज्ञान की दो-स्तरीय प्रणाली तथा कक्षा 6 से तीन-भाषा फॉर्मूले का चरणबद्ध कार्यान्वयन शुरू किया जाएगा।

(विस्तृत देश विदेश पेज पर)

### दिल्ली समेत कई राज्यों में भूकंप के झटके

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर, चंडीगढ़ समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में शुक्रवार रात 9:42 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। जानकारी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान-ताजाकिस्तान बॉर्डर क्षेत्र में था, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.9 मापी गई।

### दो पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव पड़ने का पूर्वानुमान

**नई दिल्ली।** आईएमडी ने शुक्रवार को कहा कि इस सप्ताह उत्तर-पश्चिम भारत पर एक के बाद एक दो पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव पड़ने की संभावना है, जिनकी तीव्रता शुक्रवार, शनिवार और मंगलवार को चरम पर रहेगी। आईएमडी ने कहा कि उत्तर-पश्चिम भारत में ओलावृष्टि होने की संभावना है और कश्मीर घाटी में शुक्रवार व शनिवार को कुछेक स्थान पर भारी बारिश भी हो सकती है।

# मिसाइल हमलों के बीच ईरान ने अमेरिका का विमान गिराया

## अपने पायलटों के बचाव के लिए अमेरिका ने शुरू किया अभियान

- बेहद खतरनाक मोड़ पर पहुंची पश्चिम एशिया जंग, इजराइल-अमेरिका ने तेहरान को निशाना बनाया

दुबई/तेहरान, एजेंसी

पश्चिम एशिया में चल रही जंग बेहद खतरनाक मोड़ पर पहुंच गई है। ईरान ने शुक्रवार को समूचे पश्चिम एशिया में कई ठिकानों पर हमले किए, जिससे कुवैत में समुद्री पानी को पेयजल में बदलने वाला एक विलवणीकरण संयंत्र क्षतिग्रस्त हो गया और एक रिफाइनरी में आग लग गई। वहीं, अमेरिका और इजराइल ने हवाई हमले कर तेहरान को निशाना बनाया।

वहीं शुक्रवार को ईरान ने एक अमेरिकी फाइटर जेट गिराया गया है। इस घटना के बाद अमेरिकी सेना ने अपने लापता पायलटों को बचाने के लिए एक बड़ा तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। युद्ध की शुरुआत के बाद यह पहला मौका है जब ईरान के भीरत किसी अमेरिकी जेट के गिरने की पुष्टि हुई है। इस युद्ध को शुरू हुए लगभग पांच सप्ताह हो गए हैं। युद्ध की शुरुआत के बाद यह पहला मौका है जब ईरान के भीरत किसी अमेरिकी जेट के गिरने की पुष्टि हुई है। ईरानी मीडिया दावा कर रहा है आईआरजीसी ने अमेरिका के दो लड़ाकू विमानों को मार गिराया है। यह भी दावा किया जा रहा है कि विमान का पायलट दक्षिण-पश्चिमी ईरान में पैराशूट के जरिए सुरक्षित कूद गया था, जिसे अब बंधक बना लिया गया है। मेहर न्यूज एजेंसी ने यह भी दावा किया कि मध्य तेहरान में अमेरिका का एक और अत्याधुनिक एफ-35 लड़ाकू विमान मार गिराया गया है। हालांकि, अमेरिका की तरफ से अभी तक सिर्फ एक विमान के क्रैश होने और ऑपरेशन चलने की बात कही गई है।



कराज शहर में हवाई हमलों से क्षतिग्रस्त हुआ पुल।

### थोड़ा और समय मिले तो होर्मुज से आसानी से मुनाफा कमा सकते : ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया है कि अगर अमेरिका को ईरान के साथ चल रहे युद्ध के दौरान थोड़ा और समय मिल जाए तो वह आसानी से होर्मुज को फिर से खोल सकता है और तेल के पूरे प्रवाह पर नियंत्रण कर भारी मुनाफा कमा सकता है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर यह घोषणा की। यह दुनिया के लिए एक खजाना साबित होगा?

### अबू धाबी में 5 भारतीय घायल

**नई दिल्ली।** अबू धाबी में शुक्रवार को एक मिसाइल के मलबे से 12 लोग घायल हो गए, जिनमें पांच भारतीय नागरिक शामिल हैं। पिछले सप्ताह, अबू धाबी में यूएई की हवाई रक्षा प्रणाली द्वारा रोकी गई मिसाइलों के मलबे की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें एक भारतीय भी शामिल था। रियाद में 18 मार्च को हुए ईरानी हमले में एक और भारतीय नागरिक मारा गया था।

### अमेरिका ने शीर्ष अधिकारी को हटाया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने घोषणा की कि रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सेना के शीर्ष अधिकारी और दो अन्य जनरलों को पदों से हटा दिया है। ईरान के खिलाफ जारी युद्ध के बीच सेना के शीर्ष अधिकारियों को हटाए जाने के कारणों की जानकारी नहीं दी गई है।

# विकास और विरासत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही सरकार : धामी

प्रमुख संवाददाता, देहरादून



जुगमन्दर हॉल के जीर्णोद्धार व नवीनीकरण कार्य का लोकार्पण करते सीएम।

- मुख्यमंत्री ने जुगमन्दर हॉल के नवीनीकरण कार्य के लोकार्पण समारोह को किया संबोधित

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण एवं संवर्धन के अंतर्गत 02 करोड़ 32 लाख 50 हजार रुपये की लागत से जुगमन्दर हॉल के जीर्णोद्धार व नवीनीकरण कार्य का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने केदारपुरम स्थित एबीसी सेंटर में कैनालों के निर्माण एवं नगर निगम क्षेत्रांतर्गत 06 स्थानों पर पार्कों के विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का शिलान्यास भी किया। इस कार्यक्रम का आयोजन नगर निगम देहरादून में किया गया था।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार विकास भी और विरासत भी को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रही है। आज हमारा देहरादून अपनी समृद्ध पहचान और सांस्कृतिक धरोहर को संजोते हुए आगे बढ़ रहा है। तेज विकास के साथ-साथ अपनी संस्कृति और पहचान को सहेजने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा, देहरादून को आधुनिक शहर के रूप में विकसित करने के लिए 1400 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं पर व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। अमृत योजना के माध्यम से शहरों में जल आपूर्ति, सीवरेज व्यवस्था और हरित क्षेत्रों के विकास की दिशा में भी अनेक कार्य किए जा रहे हैं।

स्मार्ट सिटी मिशन के माध्यम से देशभर के शहरों को आधुनिक, सुविधायुक्त और भविष्य के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लाखों गरीब परिवारों का स्वयं का घर होने का सपना साकार हुआ है। सीएम धामी के अनुसार, राज्य सरकार उत्तराखंड के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने, युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने तथा अन्य क्षेत्रों में भी पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य किए जा रहे हैं।

देहरादून को स्वच्छ, सुंदर और विकसित शहर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से शहरों में ठोस कचरा प्रबंधन और सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाया जा रहा है।

### दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का शुभारंभ करेंगे पीएम

मुख्यमंत्री ने बताया कि, कहा कि जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का शुभारंभ करेंगे। इससे आवागमन और तेज होगा। इन संभावित चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए पार्किंग, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास पर सरकार विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में देहरादून को देश के शीर्ष स्वच्छ शहरों की श्रेणी में शामिल करने के लिए और अधिक मेहनत करनी होगी।

# सफारी और नाइट-स्टे का झांसा देकर पर्यटकों से ठगी

संवाददाता, रामनगर

कॉर्बेट में ऑनलाइन ठगी

- फर्जी बुकिंग कर पर्यटकों को ठगा, आरोपी पर मुकदमा

**अमृत विचार:** उत्तराखंड के रामनगर स्थित कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में ऑनलाइन ठगी का एक संगठित मामला उजागर हुआ है। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में सफारी और रात्रि विश्राम की बुकिंग के नाम पर पर्यटकों से ठगी की जा रही थी। सोशल मीडिया और फर्जी वेबसाइट के जरिए लोगों को गुमराह कर उनसे एडवांस पैसे वसूले जा रहे थे। पुलिस ने मामले में एक नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आरोप है कि शक्तिनगर निवासी फरमान अली उर्फ फरमान नोशु ने खुद को अधिकृत कॉर्बेट बुकिंग एजेंट बताकर देश भर के पर्यटकों को निशाना बनाया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और आरोपी की तलाश की जा रही है। अधिकारियों ने पर्यटकों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत वेबसाइट और माध्यमों से ही बुकिंग करें तथा किसी भी अनजान लिंक या सोशल मीडिया प्रोफाइल पर भरोसा करने से बचें।

बता दें कि आरोपी ने फेसबुक आईडी 'Corbettvender', इंस्टाग्राम प्रोफाइल 'naija jungle safari' और एक फर्जी वेबसाइट के माध्यम से लोगों से संपर्क करता था। वह कॉर्बेट में सफारी और रात्रि विश्राम की बुकिंग कराने का झांसा देकर पर्यटकों से अग्रिम रकम अपने निजी बैंक खाते में ट्रांसफर करवा लेता था।

इतना ही नहीं, पैसे मिलने के बाद आरोपी पर्यटकों को फर्जी परमिट दस्तावेज भी भेज देता था, जिससे उन्हें बुकिंग कन्फर्म होने का भरोसा हो जाता था। लेकिन जब पर्यटक कॉर्बेट टाइगर रिजर्व पहुंचते, तो उन्हें पता चलता कि उनके नाम से कोई वैध बुकिंग दर्ज ही नहीं है।

इस मामले में दिल्ली निवासी निखिल मेहरा ने कोतवाली रामनगर में एफआईआर दर्ज कराई है। वहीं पुणे की हेमांगी विक्रांत वर्तक ने भी शिकायत करते हुए बताया कि उनसे 1 लाख 20 हजार रुपये के पैकेज के नाम पर 20 हजार रुपये एडवांस लिए गए, लेकिन मौके पर पहुंचने पर उनकी बुकिंग फर्जी निकली।

> इस तरह की ठगी की घटनाएं न केवल पर्यटकों को आर्थिक और मानसिक नुकसान पहुंचा रही हैं, बल्कि कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की साख को भी प्रभावित कर रही हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए इको टूरिज्म यूनिट के वन क्षेत्राधिकारी ललित मोहन आर्य की ओर से कोतवाली रामनगर में आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 338, 336(3) और 340(2) के तहत मुकदमा दर्ज करने का अनुरोध किया गया है।
> -डॉ. साकेत बडोला, निदेशक, कॉर्बेट टाइगर रिजर्व

# केंद्र का दावा, गंगा का पानी स्नान करने योग्य

नई दिल्ली, एजेंसी

- कहा- प्रदूषण के स्तर में आ रही है कमी उत्तराखंड में 19, उत्तर प्रदेश में 41, बिहार में 33, पश्चिम बंगाल में 15 स्थान शामिल

केंद्र सरकार ने दावा किया है कि गंगा का पानी निगरानी किए गए सभी स्थलों पर स्नान के मानकों पर खरा उतरता है और इस नदी में प्रदूषण का स्तर घट रहा है। जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि 2025 (जनवरी से अगस्त) के औसत जल गुणवत्ता आंकड़ों के आधार पर, नदी का पीएच और घुलित ऑक्सीजन स्तर सभी स्थानों पर स्नान के मानदंडों को पूरा करता है।

पीएच (पोटेंशियल ऑफ हाइड्रोजन) किसी तरल पदार्थ या विलयन में हाइड्रोजन आयनों की सांद्रता को मापकर उसकी अम्लीयता या क्षारीयता बताने वाला एक पैमाना है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) पांच राज्यों के कुल 112 स्थासनों पर गंगा नदी की जल गुणवत्ता की निगरानी करता है, जिनमें उत्तराखंड में 19, उत्तर प्रदेश में 41, बिहार में 33, झारखंड में चार और पश्चिम बंगाल में 15 स्थान शामिल हैं। हालांकि, उप्र के कुछ हिस्सों- जैसे फर्रुखाबाद से कानपुर के पुराना राजापुर तक, रायबरेली के डलमऊ व गाजीपुर के तारीघाट तक मिर्जापुर के निचले हिस्से- में यह मानकों पर पूरी तरह खरा नहीं उतरता।

# होर्मुज : भारत में तेल-गैस की आपूर्ति बढ़ाएगा रूस

नई दिल्ली, एजेंसी



- रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री ने एनएसए अजीत डोभाल और विदेश मंत्री जयशंकर से की चर्चा
- दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर भी सहमति जताई

रूस ने पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार में बढ़ती अस्थिरता के बीच भारत को कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बढ़ाने की पेशकश की है। दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर भी सहमति जताई है। रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंतुरोव ने गुरुवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बैठकों में ऊर्जा सहयोग पर विशेष रूप से चर्चा की।

मंतुरोव ने इसके बाद वित्त मंत्री सीतारमण से भी मुलाकात की। गुरुवार शाम वह प्रधानमंत्री मोदी से भी मिले। रूस की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, नई दिल्ली में हुई इन बैठकों में तेल एवं गैस क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग पर विशेष ध्यान दिया गया। मंतुरोव ने पुष्टि की कि रूसी कंपनियों के पास भारतीय बाजार को तेल एवं एलएनजी की आपूर्ति लगातार बढ़ाने की क्षमता है। यह बयान ऐसे समय आया है जब युद्ध के बीच होर्मुज के रास्ते तेल एवं गैस की आपूर्ति प्रभावित होने से वैश्विक ऊर्जा बाजार पर दबाव बढ़ रहा है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने व्यापार, उद्योग, ऊर्जा, उर्वरक, संपर्क एवं परिवहन के अलावा प्रौद्योगिकी, नवाचार तथा महत्वपूर्ण खनिजों में नए अवसरों पर भी व्यापक चर्चा की।

रोमांचक

आज सूर्य की तेज लपटों से गुजरेगा धूमकेतु, नासा और इएसए की दूरबीन सोहो की नजरें इस पर टिकी हुई

# बच निकला तो दिन की रोशनी में नजर आएगा धूमकेतु एमएपीएस

संवाददाता, नैनीताल



**अमृत विचार :** धूमकेतु सी/2026 ए1 (एमएपीएस) शनिवार को सूर्य की लपटों के बीच से गुजरने जा रहा है। यह बचेगा या खत्म हो जाएगा, इसका पता कुछ समय बाद चलेगा। जिंदा रहा तो दिन में भी नग्न आंखों से देखा जा सकेगा। इस धूमकेतु पर दुनियाभर के खगोलविदों के साथ नैनीताल स्थित आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के खगोलविद भी नजर बनाए रखे हैं। इस धूमकेतु का 4 अप्रैल को सूर्य के निकट (पेरिहेलियन) पहुंचना संभव है।

दरअसल, धूमकेतुओं की दुनिया में 'धूमकेतु एमएपीएस' इन दिनों छाया हुआ है। एक ओर नासा और इएसए की दूरबीन सोहो की नजरें इस पर टिकी हुई हैं तो वहीं, एरीज से स्थापित जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप से भी इस पर नजर रखी जा रही है। इस धूमकेतु को दुर्लभ माना जा रहा है। आकार में काफी बड़ा होने के कारण उम्मीद जताई जा रही है कि यह जीवित बच निकलेगा और जीवित रहा तो दिन के उजाले में भी देखा जा सजेगा, जबकि रातों को कुछ अलग अंदाज में चमक बिखेरेगा।

गणना है कि यह धूमकेतु सूरज की सतह से लगभग 1.63 लाख किलोमीटर दूर से गुजरने वाला है। इतनी कम दूरी का मतलब सूरज की भयानक तपिश में डूब जाना है। वैज्ञानिकों का कहना है कि सूर्य की तेज गर्मी के साथ सूरज का अत्यधिक गुरुत्वाकर्षण से इसके अंदर के बर्फ और गैस उबलकर फट सकती है। पूर्व में धूमकेतुओं को इस तरह से फटते हुए देखा जा चुका है। जिस कारण इसके सुरक्षित बच निकलने की संभावना कम है। हालांकि, कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि आकार में बड़ा होने के कारण यह बच निकलेगा। जिस कारण यह धूमकेतु वैज्ञानिकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस धूमकेतु को सीधा देखने की कोशिश कतई नहीं करें। जिससे आंखों के लिए बड़ा खतरा हो सकता है। नासा सोहो अंतरिक्ष दूरबीन से इसका सीधा प्रसारण दिखा रहा है।

### इतिहास रचने को तैयार

नैनीताल : आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ खगोल वैज्ञानिक डॉ. शशिभूषण पांडे के अनुसार बहुचर्चित धूमकेतु एमएपीएस बच निकला इतिहास बना जाएगा। सभी को इसके सूर्य के करीब पहुंचने का इंतजार है। अगर यह बच निकला तो सूर्य की तेज रोशनी से बाहर आते ही कुछ दिन बाद चमक बिखेरने लगेगा। बहरहाल अभी इसके भविष्य को लेकर कहना मुश्किल है।

### अंतरिक्ष एजेंसी संयुक्त मिशन पर

जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप (जेडब्ल्यूएसटी), नासा, ईएसए और कनाडाई अंतरिक्ष एजेंसी का एक संयुक्त मिशन है। इसके माध्यम से 2021 से अंतरिक्ष के रहस्यों को उजागर किया जा रहा है। नैनीताल स्थित एरीज संस्थान सौर मंडल से बाहर के एक दुर्लभ धूमकेतु (3I/एटलस) के अध्ययन में भी अंतर्राष्ट्रीय खगोलविदों के साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है।

## स्टेट ब्रीफ

### बवाल के बाद बंद रहा पौड़ी का बाजार

**देहरादून/पौड़ी :** उत्तराखंड के वीआईपी कहे जाने वाले पौड़ी गढवाल जिला मुख्यालय में जेल गदेरे के समीप एक समुदाय विशेष के युवा से हुए विवाद के बाद शुक्रवार को व्यापार सभा के आह्वान पर शहर के सभी बाजार पूरी तरह बंद रहे। जबकि आक्रोशित महिलाओं ने जुलूस निकालकर रोष व्यक्त किया। बाजार बन्द के आह्वान के बाद आज सुबह से ही बड़ी संख्या में पुलिस बल शहर में तैनात रहा। इससे पहले गुरुवार को घटना के बाद भी जनता का आक्रोश देखते हुए पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार की अगुवाई में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। जबकि आज सुबह भी फ्लैग मार्च किया गया। गुड फ्राइडे के कारण सरकारी दफ्तर और स्कूल बन्द रहने से आवाजाही पहले ही कम थी। जबकि बाजार बन्द होने से शहर की सड़कें पूरी तरह सुनसान हो गईं। पौड़ी व्यापार संघ के अध्यक्ष विनय शर्मा ने बताया कि व्यापारी वर्ग शहर में शांति व्यवस्था का पक्षधर है। इधर पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि किसी को भी कानून हाथ में नहीं लेने दिया जाएगा। ऐसा करने की कोशिश करने वालों पर कड़ी कार्र्वाई की जाएगी।

### आश्रम अस्पताल में 114 यूनिट रक्त संग्रह

**ऋषिकेश :** ऋषिकेश में निर्मल आश्रम अस्पताल द्वारा शुक्रवार को आयोजित 18वें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर मानव सेवा की मिसाल पेश की। शिविर के दौरान कुल 114 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शुक्रवार को एनजीए एवं एनईआई के तीन दिवसीय वार्षिक समागम के दूसरे दिन निर्मल आश्रम, खैरी कलां में आयोजित इस रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। युवाओं के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर रक्तदान कर जरूरतमंदों के जीवन को बचाने में योगदान दिया। अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डा. अजय शर्मा ने बताया कि संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष दो बार रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस बार 114 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर सामाजिक सरोकार का परिचय दिया है। कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। स्वस्थ व्यक्ति स्वेच्छा से रक्तदान कर किसी जरूरतमंद का जीवन बचा सकता है।

### रामगढ़ के पूर्व ब्लॉक प्रमुख लाखन सिंह नेगी की कांग्रेस में हालिया जॉइनिंग के बाद समीकरण बदले

# कांग्रेस में खींचतान, पूर्व जिपं पुष्कर नयाल ने दिया इस्तीफा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** जनपद नैनीताल में कांग्रेस संगठन के भीतर चल रही अंदरूनी खींचतान अब खुलकर सामने आ रही है। पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं नैनीताल विधानसभा के प्रभारी रहे पुष्कर नयाल ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उनका यह फैसला रामगढ़ के पूर्व ब्लॉक प्रमुख लाखन सिंह नेगी की कांग्रेस में हालिया जॉइनिंग के बाद सामने आया है।

पुष्कर नयाल ने अपने इस्तीफे का कारण संगठन द्वारा की जा रही अनदेखी बताया है। उन्होंने आरोप


पुष्कर नयाल।


लाखन नेगी।

लगाया कि पार्टी में बाहर से आने वाले नेताओं को प्राथमिकता दी जा रही है, जबकि वर्षों से जुड़े जमीनी कार्यकर्ताओं की अनदेखी की जा रही है। यह भी कहा कि वह नैनीताल जिले के प्रभारी रह चुके हैं और भीमताल विधानसभा सीट से कांग्रेस के मजबूत दावेदार थे, लेकिन उनके अनुभव और दावेदारी को नजरअंदाज किया गया। दरअसल, भीमताल विधानसभा सीट से पुष्कर नयाल लंबे समय से अपनी दावेदारी जता रहे थे। माना जा रहा है कि ऐसे में लाखन सिंह नेगी की एंट्री के बाद उनका असंतोष और बढ़ गया।

#### लाखन नेगी पर यूं ही नहीं खेला है दांव

**हल्द्वानी :** कांग्रेस ने लाखन सिंह नेगी के ऊपर यूं ही दांव नहीं खेला है। वह बतौर निर्दलीय विधानसभा चुनाव लड़कर अपनी ताकत दिखा चुके हैं। इसके साथ ही उनकी पत्नी जिला पंचायत सदस्य भी हैं।

#### रंजीत और संजय नेगी दोनों बनेंगे विधायक: सुमित



**हल्द्वानी :** इधर रामनगर में संजय नेगी के कांग्रेस में शामिल होने की अटकलें ही चलती रहीं, कहा जा रहा है कि एक कांग्रेस नेता ने ही उनकी ज्वाइनिंग रुकवाई है। हालांकि, विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि चाहे रंजीत रावत हों या फिर संजय नेगी, मेरी भविष्यवाणी है कि दोनों ही नेता अगले चुनाव में विधायक होंगे। हर बात को आपसी सूझबूझ से हल कर लिया जाएगा।

#### भाजपा में कांग्रेस पृष्ठभूमि के बने मंत्री

**हल्द्वानी :** जहां एक ओर कांग्रेस में कई नेता भाजपाइयों की इंट्री से नाराज हैं तो वहीं भाजपा में कांग्रेस पृष्ठभूमि के कई विधायक मंत्री बनाए गए हैं। दोनों ही पार्टियों में नेताओं का आना-जाना चल रहा है। भाजपा में मंत्री बनाए गए राम सिंह कैड़ा, सौरभ बहुगुणा, सुबोध उनियाल, सतपाल महाराज, रेखा आर्या, भरत चौधरी, प्रदीप बत्रा आदि पहले कांग्रेस में ही थे।

# आरती स्थल पर सांप वन विभाग ने पकड़ा

संवाददाता, ऋषिकेश

- आरती स्थल पर सांप के दिखाई देने से लोगों में दहशत

**अमृत विचार:** उत्तराखंड की तीर्थनगरी के आवास विकास क्षेत्र में शुक्रवार को गंगा किनारे स्थित एक आरती स्थल पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अचानक एक सांप दिखाई दिया।

आरती में शामिल श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में कुछ देर के लिए दहशत का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सांप की तांबे जैसी चमक और उसकी अनोखी बनावट के कारण वह लोगों के बीच कौतूहल का विषय भी बना रहा। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल रेस्क्यू अभियान शुरू किया। वन विभाग के कर्मचारी कमल राजपूत ने टीम के साथ मिलकर सावधानीपूर्वक सांप को पकड़ लिया।

इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी जी.एस. धमन्दा ने बताया कि पकड़ा गया सांप कॉपरहेड ट्रिंकेट प्रजाति का है, जिसे स्थानीय भाषा में वन सुंदरी के नाम से जाना जाता है। इसकी लंबाई लगभग सात फीट पाई गई। बाद में इस सांप को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया। इस घटना से लोगों में दहशत रही।

# जाति छिपाकर बेची जमीन अवैध राज्य सरकार के खाते में करें दर्ज

### जाति का उल्लेख किए बिना सामान्य वर्ग के व्यक्ति को जमीन बेची थी, नहीं ली अनुमति

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** ढेला बंदोबस्ती गांव में वर्ष 1993 में हुए एक भूमि सौदे को लेकर कलेक्टर नैनीताल की अदालत ने सख्त रुख अपनाया है। जांच में सामने आया कि अनुसूचित जाति के व्यक्तियों ने अपनी जाति का उल्लेख किए बिना सामान्य वर्ग के व्यक्ति को जमीन बेच दी थी, जबकि इसके लिए सक्षम अधिकारी की अनुमति आवश्यक थी।

प्रकरण "सरकार बनाम सीताराम आदि" में विस्तृत जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि विक्रय विलेख (बैनामा) और मुख्तारनामे में विक्रेताओं की जाति का उल्लेख नहीं किया गया था। बाद में वर्ष 2013 में विक्रेताओं में से एक का अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र जारी हुआ और परिवार रजिस्टर में भी संबंधित परिवार को अनुसूचित जाति वर्ग में दर्ज पाया गया।

अदालत ने अपने आदेश में सर्वोच्च न्यायालय के विभिन्न फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि किसी व्यक्ति की जाति जन्म से तय होती है और यह पिता की जाति के आधार पर निर्धारित होती है। इसी आधार पर विक्रेताओं को अनुसूचित जाति का मानते हुए बिना अनुमति किए गए भूमि हस्तांतरण को अवैध करार दिया गया।

कलेक्टर नैनीताल ललित मोहन रयाल ने इस मामले को उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन एवं भूमि सुधार अधिनियम (UPZALR Act) की धारा 157 का उल्लंघन माना है। इसके तहत आदेश दिया गया है कि संबंधित 1.170 हेक्टेयर भूमि को राज्य सरकार में निहित किया जाए। अदालत ने उपजिलाधिकारी रामनगर को निर्देश दिए हैं कि इस आदेश को तत्काल राजस्व अभिलेखों में दर्ज कराया जाए और भूमि का कब्जा राज्य सरकार के पक्ष में सुनिश्चित किया जाए।

प्रशासन की इस कार्रवाई को अवैध भूमि हस्तांतरण के खिलाफ एक सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है। अधिकारियों का मानना है कि इस तरह के मामलों में सख्ती से कार्रवाई करने से भविष्य में इस प्रकार की अनियमितताओं पर रोक लगाई जा सकेगी।

#### सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न हो: मुख्यमंत्री धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को देहरादून में आयोजित एक कार्यक्रम में दोहराया कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न हो, यह राज्य सरकार का स्पष्ट संकल्प है। सरकारी और निगम की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करना नगर निगम की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने नगर निगम के सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से इस पर सक्रिय कार्रवाई की अपेक्षा की। उन्होंने जनता से देहरादून को स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक शहर बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि देहरादून में ट्रैफिक दबाव कम करने के लिए रिस्पना और बिंदाल नदियों के ऊपर एलिवेटेड रोड निर्माण की योजना भी तैयार की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निगम ने राजस्व संग्रहण को लगभग 52 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 73 करोड़ रुपये तक पहुंचाया है, जिससे राजस्व में 40 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

# महिला को बाघ ने निवाला बनाया

संवाददाता भीमताल

**अमृत विचार:** भीमताल विकासखंड के अंतर्गत ग्राम सभा सूर्य जाला में एक महिला को बाघ नैनीवाल बना दिया। जिससे क्षेत्र में एक बार पूर्ण हो दहशत फैल गई।

जानकारी के मुताबिक भीमताल से लगभग 7 किलोमीटर की दूरी पर सूर्य जाला में हंसी देवी पत्नी लाल सिंह दिन के समय जंगल में लकड़ी लेने गई थी और देर शाम तक जाम नहीं लौटी तो ग्रामीणों ने खोज खबर ली। इस दौरान लगभग 4 घंटे बाद महिला का शव ग्राम सभा से दूरी पर मिला। वन क्षेत्राधिकार नितिन पंत ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि महिला का शव बरामद हो गया है।

इधर एक बार फिर से तेंदुआ या बाघ के द्वारा महिला को निवाला बनाने की घटना से ग्रामीणों में भय बना हुआ है। वहीं, घटना की जानकारी ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों को दे दी है। मालूम हो की 2 फरवरी 2026 को भीमताल के वार्ड नंबर 6 में तेंदुए के द्वारा एक महिला को निवाला बनाने जाने के बाद दो माह के भीतर दूसरी घटना होने से क्षेत्र में एक बार पुनः भय का वातावरण बना हुआ है। इधर इस संबंध में वन अधिकारियों से संपर्क नहीं हो पाया ग्रामीणों के मुताबिक घना जंगल होने के कारण नेटवर्क नहीं होने के कारण कनेक्टिविटी नहीं हो पा रही है। हालांकि वन विभाग के कर्मियों ने घटना की पुष्टि की है।


बाघ द्वारा महिला को निवाला बनाने की घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीण।

#### क्षेत्र में गुलदार की सक्रियता के बाद वन विभाग सचेत

**पौड़ी गढ़वाल :** उत्तराखंड में पौड़ी गढ़वाल के विकासखंड पोखड़ा के ग्राम भटकोट में एक 4 वर्ष की बालिका को गुलदार ने अपना निवाला बनाया तो वहीं आक्रोशित ग्रामीणों ने वन विभाग से ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने की अपील की। घटना के बाद क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी गयी है तथा वन विभाग द्वारा सुरक्षा एवं निगरानी के व्यापक इंतजाम सुनिश्चित किए जा रहे हैं। वन विभाग ने क्षेत्रीय नागरिकों से अपील की है कि वे विशेष रूप से शाम के समय सतर्क रहें, अकेले बाहर न निकलें तथा बच्चों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें। वहीं वनाधिकारी महातिम यादव ने स्वयं घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। घटनास्थल के आसपास 10 कैमरा ट्रैप, 02 सोलर सीसीटीवी कैमरे तथा 02 पिंजरे स्थापित किए गए हैं। साथ ही, आवश्यक वैज्ञानिक साक्ष्य भी एकत्र किए गए हैं ताकि वन्यजीव की पहचान सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि निरंतर निगरानी के लिए 15-15 सदस्यीय दो विशेष दल गठित कर क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गयी है।


सीएम धामी से मुलाकात करते उप सेना प्रमुख (रणनीति) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई।

# सरकार व सेना के समन्वय से विकास कार्यों को मिलेगी गति

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में उप सेना प्रमुख (रणनीति) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दोनों के मध्य विभिन्न समसामयिक एवं सामरिक विषयों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड जैसे सीमावर्ती राज्य में विकास, आपदा प्रबंधन एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से सेना का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार और भारतीय सेना के बीच बेहतर समन्वय से राज्य के विकास कार्यों को और गति मिलेगी।

# इंस्पेक्टर बने डिप्टी एसपी, जल्द ही लेंगे चार्ज

- पीपिंग सेरेमनी में अधिकारियों को दी गई नई जिम्मेदारियों की शुभकामनाएं
- एसएसपी ने लगाए सितारे रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ में ग्रहण करेंगे पदभार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पुलिस में कर्तव्यनिष्ठा और उत्कृष्ट सेवा का सम्मान करते हुए नैनीताल में तैनात दो अधिकारियों को पदोन्नति दी गई है। निरीक्षक के पद पर कार्यरत रहे उमेश कुमार मलिक और वेद प्रकाश भट्ट को डिप्टी एसपी पद पर पदोन्नत किया गया है।

इस अवसर पर एसएसपी डॉ. मंजुनाथ टीसी की मौजूदगी में पीपिंग सेरेमनी आयोजित की गई। एसएसपी ने दोनों अधिकारियों के कंधों पर 'यूपीएस' बैज लगाकर उन्हें नए पद की जिम्मेदारी सौंपी। दोनों पदोन्नत अधिकारियों ने वर्ष 2002 में उपनिरीक्षक के रूप में पुलिस सेवा में प्रवेश किया था। उमेश कुमार मलिक ने देहरादून, पीटीसी मुरादाबाद, नैनीताल, ऊधमसिंह नगर, एसटीएफ, पुलिस मुख्यालय, सीआईडी हल्द्वानी और चंपावत समेत कई महत्वपूर्ण स्थानों पर सेवाएं दीं। वर्ष 2016 में वह निरीक्षक पद पर पदोन्नत हुए थे। मलिक को पिथौरागढ़ में चार्ज मिला है। वहीं, वेद प्रकाश भट्ट ने पीएसी की 31वीं और 40वीं वाहिनी, एसडीआरएफ, ऊधमसिंह नगर और नैनीताल में अपनी सेवाएं दीं। वर्ष 2015 में उन्हें दलनायक पद पर पदोन्नति मिली थी। वेद को रुद्रप्रयाग में चार्ज दिया गया है। कार्यक्रम के दौरान दोनों अधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर एसपी क्राइम डॉ.जगदीश चंद्र, एसपी सिटी मनोज कत्याल, सीओ अमित सैनी आदि उपस्थित रहे।


इंस्पेक्टर से डिप्टी एसपी बने अधिकारियों के साथ एसएसपी डॉ .मंजूनाथ टीसी व अन्य अधिकारी।

# एलपीजी गैस के वितरण को लेकर बड़ी कार्रवाई

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- मैसर्स हीरा गैस सर्विस के सभी 14 हजार गैस कनेक्शन निकटवर्ती एजेंसियों को किया ट्रांसफर

**अमृत विचार:** जिले में एलपीजी गैस वितरण व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुचारु बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए मैसर्स हीरा गैस सर्विस के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है।

जिलाधिकारी सविन बंसल के संज्ञान में लंबे समय से उक्त गैस एजेंसी के विरुद्ध वितरण संबंधी अनियमितताओं की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। शिकायतों की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी द्वारा जांच के निर्देश दिए गए थे। जांच में एजेंसी द्वारा गैस वितरण में अनियमितताएं पाए जाने की पुष्टि हुई। उक्त प्रकरण में पूर्व में भी संबंधित एजेंसी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। इसके बावजूद स्थिति में सुधार न होने पर जिला प्रशासन द्वारा कठोर कदम उठाया गया है। उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसे प्राथमिकता में रखते हुए मैसर्स हीरा गैस सर्विस के सभी लगभग 14,000 गैस कनेक्शनों को निकटवर्ती गैस एजेंसियों- अनिल इंडेन गैस सर्विस एवं आर्केडिया इंडेन गैस सर्विस- में स्थानांतरित कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि जनपद में गैस वितरण व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी गैस एजेंसियों को शासन द्वारा निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# टैक्स चोरी के मामले में जायसवाल ब्रदर्स की करोड़ों की संपत्ति हुई कुर्क

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सहारनपुर की टपरी डिस्टलरी में पकड़ी थी करोड़ों की टैक्स चोरी
- गैंग लीडर प्रणय अनेजा सहित कई पर लगा था गैंगस्टर

**अमृत विचार:** सहारनपुर की टपरी डिस्टलरी में करोड़ों की टैक्स चोरी, मनी लॉड्रिंग और अवैध धन अर्जित करने के मामले में बड़ा एक्शन देखने को मिला है। सहारनपुर डीएम की ओर से गैंगस्टर एक्ट में संपत्ति कुर्क करने के आदेश जारी किए गए थे। जिसके बाद बरेली प्रशासन ने तहसील टीम भेजकर आरोपी मनोज जायसवाल, भाई नीरज जायसवाल व साथी अजय जायसवाल की करीब 48.49 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियां कुर्क कर लीं हैं।

टपरी डिस्टलरी कांड में सहारनपुर पुलिस ने प्रणय अनेजा सहित बरेली के ग्रीन पार्क निवासी मनोज जायसवाल, भाई नीरज जायसवाल, थाना भमौरा क्षेत्र के ग्राम बल्लिया के रहने वाले एवं हाल में बन्नूवाल कालोनी, इज्जतनगर रहने वाले अजय जायसवाल सहित 27 लोगों के खिलाफ गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम (गैंगस्टर एक्ट ) के तहत कार्रवाई की थी। सहारनपुर डीएम ने गिरोह के सदस्यों की संपत्ति कुर्क करने के आदेश जारी किए थे। उसी क्रम में डीएम अविनाश सिंह ने आरोपियों की संपत्ति को कुर्क करने के लिए अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम को प्रशासक नामित कर प्रकरण में अग्रिम कार्रवाई करने के निर्देश दिये। शुक्रवार को एसीएम प्रथम के नेतृत्व में राजस्व एवं थाना बारादरी की टीम के साथ हरुनगला स्थित कृषि भूमि रकबा 948 वर्गमीटर भूमि (बाजार कीमत 18012000 रुपये), आवासीय प्लाट रकबा 84.44 वर्गमीटर भूमि ग्राम हरुनगला (बाजार कीमत 2910000 रुपये) आवासीय प्लाट रकबा 86.95 वर्गमीटर भूमि (बाजार कीमत 30 लाख), व्यवसायिक भूखंड रकबा 3932.45 वर्गमीटर भूमि, योजना संख्या 7 सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत रोड पर (बाजार कीमत 461030000 रुपये) की संपत्ति कुर्क कर ली। जिसे प्रभारी निरीक्षक थाना बारादरी की सुपुर्दगी में दे दिया गया।

बता दें कि 2021 में को-ऑपरेटिव कम्पनी लिमिटेड, टपरी (सहारनपुर) में टैक्स चोरी करने का सौ करोड़ से ज्यादा का घोटाला सामने आया था। इसमें एमडी गैंग लीडर प्रणय अनेजा ने मनोज जायसवाल, नीरज जायसवाल, अजय जायसवाल, अरविंद कुमार, अशोक दीक्षित के साथ गिरोह बनाकर टपरी में सरकार को राजस्व की भारी क्षति पहुंचाई थी। अवैध कार्यों से धन अर्जित कर चल व अचल संपत्तियां खरीदीं थीं।

# सहकारी बैंकों को 270 करोड़ रुपये का लाभ

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

- सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने दी जानकारी

**अमृत विचार:** उत्तराखंड राज्य सरकारी बैंक एवं जिला सहकारी बैंकों की 290 शाखाओं ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में उल्लेखनीय प्रदर्शन कर अपनी वित्तीय मजबूत कर 269.72 करोड़ का लाभ अर्जित किया है। एनपीए नियंत्रण में भी बैंकों ने सख्त वित्तीय अनुशासन दिखाते हुये 39.88 करोड़ का एनपीए कम किया है, जो विगत वित्तीय वर्ष की तुलना में 6 फीसदी से अधिक कम हुआ है।

यह जानकारी शुक्रवार को राज्य के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने यहां जारी एक बयान में दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की पारदर्शी नीतियों के चलते प्रदेश में सहकारी बैंकों का वित्तीय प्रदर्शन लगातार बेहतर हो रहा है।

उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में दस जिलों के जिला सहकारी बैंकों व राज्य सहकारी बैंकों की 290 शाखाएं लाभ की स्थिति में पहुंच गई है, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष यह संख्या 280 थी। डॉ. रावत ने बताया कि इस अवधि में सहकारी बैंकों ने 269.72 करोड़ का लाभ अर्जित कर 150.82 करोड़ का शुद्ध मुनाफा कमाया है, जो पिछले वर्ष के मुकाबले 28.96 करोड़ अधिक है। उन्होंने बताया कि सहकारी बैंकों की बैंकिंग प्रणाली में पारदर्शिता, ऋृण वितरण में सुधार तथा डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया गया। एनपीए की समयबद्ध वसूली के परिणामस्वरूप बैंकों की वित्तीय स्थिति लगातार सुदृढ़ हो रही है साथ ही एनपीए में भी उल्लेखनीय कमी आई है। कहा कि सहकारी बैंकों की कार्यप्रणाळी में सुधार के कारण यह लाभ संभव हो सका है।

# अनियंत्रित कार 20 फीट नीचे गिरी, सात घायल

**बिजनौर :** अफजलगढ़ क्षेत्र में नेशनल हाईवे-734 पर शुक्रवार सुबह अनियंत्रित कार 20 फिट गहरी खाई में चली गई। हादसे में चालक समेत सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में चालक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, हरियाणा के रोहतक से उत्तराखंड के रामनगर जा रही कार मानियावाला क्षेत्र में बनैली नदी पुल के पास तीव्र मोड़ पर चालक का नियंत्रण कार से हट गया। जिससे कार 20 फिट गहरी खाई में चली गई। हादसे में कार में सवार सात लोग घायल हो गए। ग्रामीणों ने दौड़कर कार में सवार सभी घायलों को बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भेजा। जहां चालक सोनू की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर किया गया है। घायलों में नैनीताल निवासी खेमचंद, जगदीश, योगेश, दयाल, गिरधारी और आनंद शामिल हैं, जिन्हें गंभीर चोटें आई हैं।

# झपटमारी करने वाले दो आरोपी किए गिरफ्तार

संवाददाता, हरिद्वार

**अमृत विचार:** रुड़की पुलिस ने शुक्रवार को झपटमारी की घटना का खुलासा करते हुए दो मोबाइल स्नैचरों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद की है।

मिली जानकारी के अनुसार 02 मार्च को वादी संजय मुखर्जी निवासी गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बाइक सवार दो अज्ञात युवकों ने उनका मोबाइल फोन छीन लिया और मौके से फरार हो गए।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत संज्ञान लेते हुए टीमों का गठन कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। जांच के दौरान सामने आया कि घटना के बाद भागते समय आरोपियों ने तेज और लापरवाही से बाइक चलाते हुए


प्रतीकात्मक एआई फोटो।

रुड़की के बोट क्लब के पास एक अन्य मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे सुमित सहित दो लोग घायल हो गए।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों आरोपियों-माजिद पुत्र जुम्मन निवासी मिलाप नगर ढंडेरा और आसिफ पुत्र इरशाद निवासी ढंडेरा, रुड़की-को धर दबोचा। तलाशी के दौरान उनके पास से छीना गया मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद कर ली गई। इस संबंध में कोतवाली रुड़की में मुकदमा अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस द्वारा आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

## सिटी ब्रीफ

### आरएसएस के सौ वर्ष पूरे होने पर होगी संगोष्ठी

**हल्द्वानी :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हल्द्वानी में एक प्रमुख जन संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम रविवार को को सायं 4 बजे लाल बहादुर शास्त्री सभागार, एमबीपीजी कॉलेज में होगा। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में आरएसएस के प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेन्द्र उपस्थित रहेंगे। संगोष्ठी में संगठन के 100 वर्षों की यात्रा, राष्ट्र निर्माण में योगदान तथा समसामयिक विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। आयोजकों ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### चाय के ठेले पर पिलाई शराब, गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** चाय के ठेले पर शराब पिलाने वाले दुकानदार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। काठगोदाम पुलिस के मुताबिक, गश्त के दौरान पुलिस ने पुराने आरटीओ ऑफिस रोडवेज बस अड्डे के पास चाय की दुकान पर पहुंचे तो वहां खड़े लोग भाग गए। पुलिस ने मौके से शराब, गिलास और पानी बरामद किया। दुकानदार मल्ला ब्यूरा काठगोदाम निवासी अशोक तोमर ने पुलिस को बताया कि वह चाय की ठेली में चाय के साथ दाल-चावल बेचता है और लोग उसके ठेले पर आकर शराब पीते हैं।

### इलेक्ट्रिक नाव से होगी नैनी झील की सफाई

**नैनीताल :** नैनी झील की सफाई के लिए अब आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल पहल की जा रही है। नगर पालिका इलेक्ट्रिक बोट के जरिए झील की सफाई करने की तैयारी कर रही है। पर्यटन सीजन शुरू होने से पहले इस बोट को खरीदने की तैयारी है। यह बोट बैटरी और सोलर ऊर्जा से संचालित होगी, जिससे झील की सतह पर तैरते कचरे को तेजी से एकत्र किया जा सकेगा। ईओ रोहिताश शर्मा ने बताया कि सोलर इलेक्ट्रिक बोट करीब 2.5 लाख रुपये की है। पर्यटन सीजन से पहले ही इस बोट को खरीदने की योजना है।

### प्राथमिक स्कूल सुभाषनगर में प्रवेशोत्सव का आयोजन

**हल्द्वानी :** सुभाष नगर प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को प्रवेश उत्सव कार्यक्रम हुआ। इसमें राष्ट्रीय मानव अधिकार एंड एंटी करप्शन फोर्स ने सहयोग किया। कार्यक्रम में नए छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया व निशुल्क पुस्तकें भेंट की गईं। प्रधानाध्यापिका फराह खान की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव शरीफ खान और प्रदेश अध्यक्ष पृथ्वीपाल सिंह रावत मुख्य अतिथि रहे।

---

### जानवरों की दवा से बन रहा मौत का नशा, पुलिस सतर्क, जाइलाजीन, फेंटेनिल और हेरोइन के खतरनाक मिश्रण से तैयार किया जा रही जॉम्बी ड्रग

# मानसिक व शारीरिक रूप से जॉम्बी बना रहा केमिकल्स कॉकटेल

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** दुनिया भर में तेजी से फैल रहा 'जॉम्बी ड्रग' अब सिर्फ एक नशा नहीं बल्कि एक संगठित अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का हिस्सा बन चुका है। जांच में सामने आया है कि इस खतरनाक ड्रग को जाइलाजीन से तैयार किया जा रहा है, जिसे मूल रूप से जानवरों को बेहोश करने के लिए बनाया गया था। अब इसे अवैध नशे के रूप में धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जा रहा है। हालांकि यह किसी एक विशेष दवा का नाम नहीं है, बल्कि यह नशीले पदार्थों के लिए प्रयोग किया जाने वाला एक बोलचाल का शब्द है जो इंसान को मानसिक और शारीरिक रूप से जॉम्बी जैसी स्थिति में पहुंचा देते हैं।



चंढीगढ़ में हाल में वायरल हुए डिलीवरी ब्वॉय का फोटो।



ये है जॉम्बी ड्रग का साइड इफेक्ट।

अगर समय रहते सतर्कता न बरती तो आने वाले समय में उत्तराखंड भी इससे अछूता नहीं रहेगा। उत्तराखंड में स्मैक की तस्करी बड़े पैमाने पर की जाती है। ऐसे में इस ड्रग के यहां पहुंचने के संभावना भी प्रबल है। आईजी रिद्धिम अग्रवाल का कहना है कि नशे के खिलाफ पुलिस जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। अभी इस तरह का मामला प्रकाश में तो नहीं आया है, लेकिन हमारी नजर बनी हुई है। याद दिला दें कि लगभग एक माह पहले इस ड्रग से जुड़ा मामला चंढीगढ़ में सामने आया था। सेक्टर 33बी में डिलीवरी ब्वॉय करीब दो से ढाई घंटे तक बिना हिले-डुले खड़ा रहा। वह बेसुध सा लग रहा था, उसकी आंखें टकटकी लगाए थीं और शरीर एक ही जगह जमा हुआ था। आसपास के लोगों ने पहले तो इसे नजरअंदाज कर दिया, यह सोचकर कि वह बस इंतजार कर रहा है या आराम कर रहा है। डिलीवरी ब्वॉय एक खड़ी कार के पीछे स्थिर खड़ा रहा। मिनट बीत गए। फिर एक घंटा। फिर दो घंटे वह अपनी जगह से हिला तक नहीं। बाद में पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जानकार बताते हैं कि यह जाइलाजीन (सिंथेटिक ओपिओइड), हेरोइन व फेंटेनिल से मिलाकर तैयार किया जाता है। भारत तक पहुंची इस ड्रग को अमेरिका में "ट्रैंक डोप" नाम से जाना जाता है।

#### कहां से आ रहा है सप्लाई नेटवर्क?

**हल्द्वानी :** पड़ताल में सामने आया है कि इस सप्लाई नेटवर्क की एक बड़ी वजह वेटरनरी सप्लाई से लीकेज है। जाइलाजीन एक वैध पशु-चिकित्सा दवा है। इसे चोरी, फर्जी लाइसेंस या ब्लैक मार्केट के जरिए ड्रग नेटवर्क तक पहुंचाया जाता है। इसकी आसान उपलब्धता और सस्ती कीमत, इसे माफिया के लिए एक मुनाफे वाला कारोबार बनाती है। खास बात यह है कि इस उपयोग करने वाला बेहद कम समय में इसका लती हो जाता है।

#### लेकिन अभी तक नहीं हुई है पुष्टि

**हल्द्वानी :** चंढीगढ़ में डिलीवरी ब्वॉय का वीडियो पूरे भारत में तेजी से वायरल हुआ था। वायरल दावों के बावजूद, इस बात की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है कि इसमें किसी ड्रग का हाथ था। विशेषज्ञों और कुछ उपयोगकर्ताओं ने सावधानी बरतने की सलाह दी है, उनका कहना है कि ऐसा व्यवहार किसी मेडिकल इमरजेंसी, न्यूरोलॉजिकल समस्या या अत्यधिक थकान के कारण भी हो सकता है।

---

## बीमार को अस्पताल के बाहर छोड़ गए परिजन

**हल्द्वानी:** यहां मानवता को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। गंगोलीहाट (पिथौरागढ़) निवासी 50 वर्षीय बीरबल राम को उनके ही बेटे और पत्नी ने गंभीर हालत में अस्पताल के बाहर छोड़ दिया।

वह टाइप-2 डायबिटीज और क्रॉनिक किडनी डिजीज जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं और सप्ताह में तीन बार डायलिसिस पर निर्भर हैं। पहले उनका इलाज हल्द्वानी के बेस अस्पताल में चल रहा था, लेकिन हालत बिगड़ने पर समाजसेवी हेमंत सिंह गोनिया ने उन्हें एसटीएच में भर्ती कराया और निशुल्क इलाज की व्यवस्था कराई। लेकिन परिजन उन्हें डिस्चार्ज कराकर बेस अस्पताल के बाहर छोड़कर फरार हो गए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची, लेकिन परिजनों का पता नहीं लग सका।

---

# नैनीताल में बनेगा आधुनिक वेंडर जोन, 121 फड़ व्यवसायियों को मिलेंगी स्थायी दुकानें

### नगरपालिका ने फड़ व्यवसायियों के लिए वेंडर जोन किया चिन्हित, मल्लीताल में लकड़ी टाल में बनेगा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** सरोवर नगरी नैनीताल के सौंदर्यीकरण, यातायात सुधार और स्थानीय व्यापार को संगठित करने के उद्देश्य से नगरपालिका एक आधुनिक शॉपिंग हब और वेंडिंग जोन विकसित करने जा रही है। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत 121 फड़ व्यवसायियों को स्थायी दुकानें आवंटित की जाएंगी, जिससे वर्षों से अस्थायी रूप से व्यापार कर रहे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। नगरपालिका द्वारा इस नए वेंडर जोन के लिए मल्लीताल स्थित लकड़ी टाल की भूमि का चयन किया गया है। प्रस्तावित परियोजना के तहत इस स्थान को एक सुव्यवस्थित और आकर्षक व्यावसायिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ पर्यटकों को भी बेहतर खरीदारी सुविधाएं मिल सकेंगी।

**व्यापारियों और पर्यटकों दोनों को फायदा :** स्थायी दुकान मिलने से फड़ व्यवसायियों को न केवल सुरक्षा और स्थिरता मिलेगी, बल्कि उनके व्यापार में भी वृद्धि होगी। वहीं, पर्यटकों को एक ही स्थान पर विविध उत्पाद उपलब्ध होने से खरीदारी का अनुभव अधिक सुविधाजनक और आकर्षक बनेगा। इस परियोजना के पूरा होने के बाद न केवल 121 व्यापारियों का जीवन स्तर सुधरेगा, बल्कि नैनीताल एक नए, आधुनिक और व्यवस्थित शहर के रूप में उभरकर सामने आएगा।



सरोवर नगरी में पंत पार्क में लगे व्यावसायिक फड़। ● अमृत विचार

#### 4.07 करोड़ की परियोजना, पहली किश्त जारी

इस परियोजना के लिए लगभग 4 करोड़ 7 लाख रुपये की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की गई है, जिसे शासन से स्वीकृति मिल चुकी है। नगर पालिका को पहली किश्त के रूप में करीब 1 करोड़ 62 लाख रुपये जारी भी कर दिए गए हैं, जो कुल बजट का लगभग 40 प्रतिशत है। शेष धनराशि चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध कराई जाएगी। नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा ने बताया कि वेंडिंग जोन के लिए भूमि चयन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जल्द ही निर्माण एजेंसी का चयन कर कार्य शुरू किया जाएगा। उन्होंने इसे शहर को व्यवस्थित और स्मार्ट बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

#### यातायात और सौंदर्यीकरण को मिलेगा बढ़ावा

पर्यटन सीजन में नैनीताल में जाम और अव्यवस्था एक बड़ी समस्या बन जाती है। सड़क किनारे लगने वाले ठेले और अस्थायी दुकानों के कारण यातायात बाधित होता है। नए शॉपिंग हब के बनने से इन समस्याओं में काफी हद तक सुधार होने की उम्मीद है। साथ ही, शहर के सौंदर्यीकरण पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। व्यवस्थित बाजार और साफ-सुथरा वातावरण नैनीताल की छवि को और बेहतर बनाएगा, जिससे देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को आकर्षित करने में मदद मिलेगी।

#### पंत पार्क में नहीं लगेंगी फड़ दुकानें

इस योजना के लागू होने के बाद पंत पार्क सहित शहर के प्रमुख स्थानों पर लगने वाली फड़ दुकानें हटाई जाएंगी और उन्हें नए वेंडिंग जोन में स्थानांतरित किया जाएगा। इससे शहर के मुख्य बाजारों में भीड़भाड़ कम होगी और पैदल चलने वालों को भी सुविधा मिलेगी।

---

## वीकेंड पर डायवर्ट रहेंगे रूट कैंची धाम को मिलेगी शटल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



- भारी वाहनों के आने-जाने पर लगाई गई रोक
- 4-5 अप्रैल को सुबह 9 से रात 10 बजे तक डायवर्जन

**अमृत विचार :** वीकेंड पर कैंची धाम, भवाली और भीमताल क्षेत्र में बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए पुलिस ने डायवर्जन प्लान लागू किया है। 4 और 5 अप्रैल को सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक डायवर्जन रहेगा। भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा और कैंची धाम जाने वालों के लिए शटल सेवा चलाई जाएगी।

पुलिस के अनुसार, अल्मोड़ा और रानीखेत से हल्द्वानी आने वाले भारी वाहनों को क्वारब और खैरना से डायवर्ट कर रामगढ़-मुक्तेश्वर मार्ग से भेजा जाएगा। हल्द्वानी से पहाड़ की ओर जाने वाले आवश्यक सेवा के वाहनों को ही अनुमति मिलेगी। भारी वाहनों को भवाली के मस्जिद तिराहा से पहले रोककर वैकल्पिक मार्गों पर भेजा जाएगा।

भीमताल से कैंची धाम जाने वाले निजी वाहनों को विकास भवन पार्किंग में रोका जाएगा। यहां से यात्रियों को शटल सेवा के जरिए कैंची धाम भेजा जाएगा। नैनीताल-भवाली मार्ग से आने वाले वाहनों को भवाली सैनेटोरियम पार्किंग में पार्क कर शटल से भेजा जाएगा।

हल्द्वानी-काठगोदाम क्षेत्र में भी ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए व्यापक प्लान लागू किया गया है। सुबह 9 बजे से रात 10 बजे तक भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। पर्वतीय क्षेत्रों से आने वाले मालवाहक वाहनों को सुबह 8 बजे से रात 9 बजे तक जनपद सीमा पर ही रोक दिया जाएगा। मैदानी क्षेत्रों से पहाड़ की ओर जाने वाले वाहनों को गौलापार और खेड़ा चौकी के पास रोका जाएगा। बरेली, रुद्रपुर और रामनगर की ओर से आने वाले वाहनों के लिए वैकल्पिक रूट तय किए गए हैं।

5 अप्रैल को आवश्यक सेवाओं के वाहनों पर भी दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक प्रतिबंध रहेगा। शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक भवाली और नैनीताल से लौटने वाले पर्यटक वाहनों को रूसी बाईपास और मंगोली होते हुए कालाढूंगी मार्ग से भेजा जाएगा।

---

## ऑटिज्म के प्रति किया जागरूक

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** विश्व ऑटिज्म दिवस पर सृजन स्पास्टिक सोसायटी में ऑटिज्म (स्वलीनता) के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्यक्रम हुए।

इस मौके पर प्रधानाचार्य श्रद्धा कांडपाल ने बताया कि ऑटिज्म की पहचान शुरुआती उम्र में करना जरूरी है। अक्सर बच्चा ढाई साल तक सामान्य व्यवहार करता है, लेकिन बाद उसके बोलने और सामाजिक व्यवहार में कमी आने लगती है। वह आंखों से संपर्क नहीं बनाता, लोगों से दूरी बनाता है और अपनी बात व्यक्त करने में कठिनाई महसूस करता है। कई बच्चे हाइपरएक्टिव भी हो जाते हैं। उत्तराखंड में लगभग 13,500 दिव्यांगजन हैं, जिनमें करीब 9,000 बच्चे स्वलीनता से प्रभावित बताए जाते हैं। दिव्यांग साक्षरता दर भी अपेक्षाकृत कम है, जिससे कई बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते हैं।

ऐसे बच्चों को विशेष शिक्षा की जरूरत होती है जिससे वह भी मुख्यधारा में शामिल हो सकें। इस मौके पर सृजन स्पास्टिक सोसाइटी में बच्चों ने कार्यक्रम भी किए, जिसमें बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। इस दौरान कैलास पाठक,दया जोशी, ममता पांडेय, दीपा लोहनी आदि रहे।




सृजन स्पास्टिक सोसायटी में ऑटिज्म डे पर कार्यक्रम में मौजूद बच्चे व सोसायटी के लोग।

---

## मोबाइल गिरते ही साइबर ठगी खाते से 1.21 लाख उड़ाए

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मोबाइल खोने के बाद साइबर ठगी का एक और मामला सामने आया है। आवास विकास क्षेत्र के एक नर्सरी संचालक का मोबाइल जेब से गिरते ही साइबर अपराधियों ने यूपीआई के जरिए उनके बैंक खाते से 1.21 लाख रुपये निकाल लिए।

पीड़ित ने बताया कि 22 फरवरी को वह एमबीपीजी कॉलेज से सिंधी चौराहे की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसका मोबाइल फोन जेब से गिर गया। काफी तलाश के बाद भी मोबाइल नहीं मिला। रात में ही अज्ञात लोगों ने मोबाइल में मौजूद यूपीआई एप का दुरुपयोग करते हुए पहले चार हजार रुपये निकाले और फिर कई ट्रांजेक्शन कर खाते से कुल 1.21 लाख रुपये उड़ा लिए।

पीड़ित को ठगी की जानकारी बैंक स्टेटमेंट देखने पर हुई। इसके बाद उसने साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। रुद्रपुर स्थित कुमाऊं साइबर थाने में एफआईआर दर्ज कर मामला हल्द्वानी कोतवाली ट्रांसफर किया गया है। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि पुलिस ट्रांजेक्शन डिटेल खंगाल रही है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

---

## वृद्ध ने बैराज से लगायी मौत की छलांग, तैराकों ने बचा ली जान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गौला बैराज में लगभग 80 वर्षीय सेवानिवृत्त बैंक कर्मी ने छलांग लगा दी। उन्हें कूदता देख वहां काम कर रहे मजदूरों ने शोर मचाया। तभी एक पुलिस कर्मी ने बुजुर्ग के पीछे बैराज से छलांग लगाई और उन्हें पानी की गहराई से ऊपर खींच लाए। लोगों की मदद से बुजुर्ग को बैराज से बाहर निकाल कर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि गंगा विहार कुसुमखेड़ा निवासी 80 वर्षीय मोहन चंद्र उपाध्याय पुत्र नरोत्तम उपाध्याय को-ऑपरेटिव बैंक से सेवानिवृत्त हैं। वह गंगा विहार में परिवार के साथ रहते हैं। बताया जाता है कि शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे अचानक मोहन घर से किसी को बिना कुछ बताए निकल गए और करीब 12 बजे गौला बैराज पहुंच गए। कुछ देर तक उन्हें लोगों ने यहां-वहां टहलते देखा और तभी अचानक उन्होंने बैराज में छलांग लगा दी। जब यह घटना हुई तो कुछ मजदूर वहां काम कर रहे थे। मजदूरों के शोर मचाते ही वहां तैनात तैराक हेड कांस्टेबल प्रताप गड़िया भी बुजुर्ग को बचाने के लिए बैराज में कूद पड़े। प्रताप के साथ तैर पाने वाले कुछ और लोगों ने बैराज में छलांग लगा दी। कुछ ही देर में प्रताप ने लोगों की मदद से डूबते मोहन को पानी से बाहर निकाल लिया।

इसके बाद उन्हें काठगोदाम थाने लाया गया। उनसे पूछताछ की गई और फिर उनके बेटे यतीश को बुलाया गया। यतीश ने पुलिस को बताया कि काफी समय से उनके पिता मानसिक रूप से बीमार चल रहे हैं। थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि बुजुर्ग को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।



बुजुर्ग को परिवार के सुपुर्द करता काठगोदाम थाने का पुलिस कर्मी।

- 80 साल के सेवानिवृत्त बैंक कर्मी ने गौला बैराज से कूदकर जान देने का किया प्रयास
- मजदूरों ने मचाया शोर, बैराज में तैनात तैराक ने गहराई में डूबते वृद्ध की बचा ली जिंदगी

---

**अभियान** | हल्द्वानी ब्लॉक में सबसे अधिक किए साक्षरता, पहाड़ में ओखलकांडा ब्लॉक अव्वल

# नैनीताल में 14 हजार निरक्षरों को मिली 'उल्लास' की कलम

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** नैनीताल जिले में साक्षरता की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए 'उल्लास' अभियान के तहत 14,009 निरक्षरों को साक्षर बनाया गया है। विभिन्न विकासखण्डों में चलाए गए इस अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं, जिसमें मैदानी और पर्वतीय दोनों क्षेत्रों में लोगों को शिक्षा से जोड़ने में सफलता मिली है।

तिकोनिया निवासी हेमंत गौनिया को आरटीआई में मिली जानकारी के अनुसार उल्लास अभियान में जिले में कुल 339 विद्यालय व सामाजिक चेतना केंद्रों के माध्यम से 339 बैच संचालित किए गए, जिनके जरिए हजारों लोगों को पढ़ना-लिखना सिखाया गया। मैदानी क्षेत्र में हल्द्वानी विकासखण्ड ने सबसे बेहतर प्रदर्शन किया है। यहां 100 केंद्रों और 100 बैचों के माध्यम से 3,326 निरक्षरों को साक्षर बनाया गया, जो जिले में सर्वाधिक है।

पर्वतीय क्षेत्रों की बात करें तो ओखलकांडा ब्लॉक पहले स्थान पर रहा, जहां 26 केंद्रों के माध्यम से 1,444 लोगों को साक्षर किया गया। इसके बाद धारी (1,460) और कोटाबाग (1,714) ने भी बेहतर प्रदर्शन किया। रामनगर में 3,115, रामगढ़ में 1,350, भीमताल में 1,159 और बेतालघाट में 441 लोगों को साक्षर बनाया गया। सभी विकासखण्डों में अभियान के तहत समान रूप से बैच संचालित किए गए, जिससे शिक्षा का दायरा व्यापक हुआ।

**यह है नैनीताल जिले में स्थितिः** साल 2011 की जनगणना के अनुसार, उत्तराखंड के नैनीताल जिले की कुल साक्षरता दर 83.88% है। इसमें पुरुष साक्षरता दर 90.89% और महिला साक्षरता दर 74.70% (ग्रामीण क्षेत्रों में) है। यह दर उत्तराखंड के औसत (78.82%) से अधिक है। 2011 की जनगणना के अनुसार, उत्तराखंड के नैनीताल जिले की कुल जनसंख्या 954,605 है। इसमें 493,666 पुरुष और 460,939 महिलाएं शामिल हैं। नैनीताल जिला राज्य के उच्च साक्षरता वाला जिला है।




प्रतीकात्मक एआई फोटो।

#### साक्षरता की ओर मजबूत कदम

**हल्द्वानी :** समग्र शिक्षा विभाग के अनुसार 'उल्लास' अभियान के तहत मिली इस सफलता को शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। प्रशासन और शिक्षा विभाग का मानना है कि इस तरह के प्रयासों से समाज में जागरूकता बढ़ेगी और लोगों का जीवन स्तर भी सुधरेगा। अभियान में स्वयं शिक्षक रूप में एनसीसी, एनएसएस, स्काउट, विद्यालय के छात्र-छात्राओं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, बीएड, डीएलएड प्रशिक्षुओं के सहयोग का भी प्रावधान है।

#### करीब 25 लाख रुपये की धनराशि हुई खर्च

**हल्द्वानी :** आरटीआई के अनुसार उल्लास योजना के तहत साल 2025-26 में करीब 25 लाख रुपये की धनराशि खर्च हुई है। इसमें प्रशिक्षण में 7.20 लाख, प्रचार प्रचार में 3.12 लाख, प्रशासनिक व्यय में 56.89 हजार, डाटा इंट्री में 1.45 लाख, शिक्षण सामग्री में 9.54 लाख, सामाजिक चेतना के लिए बैनर में 1.81 लाख और होर्डिंग फाइल कवर में 1.33 लाख रुपये खर्च हुए हैं।

---

## टैंक में डूबने से 11 साल के छात्र की मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** परिवार के साथ गेहूं की कटाई में लगे 11 साल के बच्चे की पानी के गहरे टैंक में डूब कर मौत हो गई। कटाई में लगे परिवार को जब काफी देर तक बेटा दिखाई नहीं दिया तो उसे आवाज लगाई, लेकिन जबाव नहीं मिला तो घबराए परिवार ने उसकी तलाश शुरू की। करीब आधे घंटे तक यहां-वहां खोजने के बाद परिवार को बेटा पानी के गहरे टैंक के तल में पड़ा मिला। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। आनन-फानन में परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। दोपहर पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। परिवार के लोग शव लेकर बदायूं चले गए हैं। पुलिस के मुताबिक, मूलरूप से बदायूं उत्तर प्रदेश के रहने वाले चंद्रभान कश्यप पेशे से राजमिस्त्री हैं और परिवार के साथ कठघरिया स्थित बच्चीनगर में किराए के मकान में रहते हैं। गुरुवार शाम पूरा परिवार अपने 11 साल के बेटे सौरभ के साथ खेतों में गेहूं की कटाई में लगा था। गेहूं के बंडल को भिगोने के लिए खेत से कुछ दूरी पर स्थित पानी के टैंक में ले जाने के बाद सौरभ लौट कर नहीं आया। काफी देर तक उसके न लौटने पर परिजनों ने सौरभ को आवाज दी। लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। शक होने पर परिवार के लोग खेत के पास मौजूद 8 फीट गहरे पानी के टैंक के पास पहुंचे तो वहां सौरभ को पानी में गिरा देखा तो चीख-पुकार मच गई।



सौरभ।(फाइल फोटो)

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana – Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# खुर्पाताल में प्राधिकरण ने अवैध अतिक्रमण हटाया, किए चालान

## मंडलायुक्त दीपक रावत के निर्देश पर जिला विकास प्राधिकरण की कार्रवाई

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** नैनीताल के खुर्पाताल क्षेत्र में सरकारी भूमि पर हुए अतिक्रमण के खिलाफ जिला विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने सख्त कार्रवाई करते हुए कब्जे हटाने का अभियान शुरू कर दिया है। यह कार्रवाई कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत के निरीक्षण के बाद तेज हुई, जिसमें क्षेत्र में बड़े स्तर पर अतिक्रमण सामने आया था।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त दीपक रावत ने पाया कि बाहरी क्षेत्रों से आए कुछ बिल्डरों द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण कर कब्जा किया गया है। कहीं कमरों का निर्माण किया गया था, तो कहीं रास्तों पर अतिक्रमण कर जनरेटर रखे गए थे, जिससे आम लोगों की आवाजाही प्रभावित हो रही थी। साथ ही मानकों को दरकिनार करते हुए झील किनारे बहुमंजिला भवनों का निर्माण भी किया जा रहा था।

मामले को गंभीरता से लेते हुए आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों की कार्यशैली पर नाराजगी जताई और लापरवाही बरतने पर जिला विकास प्राधिकरण के सहायक अभियंता और अवर अभियंता के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि दो दिन के भीतर अतिक्रमण के खिलाफ ठोस कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। निर्देश मिलते ही प्राधिकरण हरकत में आया और टीम गठित कर मौके पर अभियान चलाया गया। जिला विकास प्राधिकरण के सहायक अभियंता अभिषेक कुमार ने बताया कि खुर्पाताल क्षेत्र में डीडीए की सरकारी भूमि पर कब्जा करने और अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है। इनमें होटल जेड लेकफ्रंट के आकाश पहवा, लेक फ्रंट से जुड़े राहुल नारंग, एसएस भाटिया और अनुराग मरवाह के नाम शामिल हैं। प्राधिकरण की इस कार्रवाई के दौरान अवैध कब्जों को चिन्हित कर उन्हें हटाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि आगे भी इस तरह के अतिक्रमण के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जाएगा और किसी भी स्थिति में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि इससे क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता और पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी, साथ ही आम लोगों को भी राहत मिलेगी।


खुर्पाताल क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाती जिला विकास प्राधिकरण की टीम। ● अमृत विचार

## तमन्ना वक्फ अधिकरण में द्वितीय सदस्य नियुक्त

**नैनीताल:** उत्तराखंड शासन ने कुमाऊं मंडल के वक्फ अधिकरण में महत्वपूर्ण नियुक्ति को मंजूरी देते हुए अधिवक्ता तमन्ना हनीफ को द्वितीय सदस्य पद पर नामित किया है। अल्पसंख्यक कल्याण अनुभाग से जारी आदेश में विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते ने बताया कि चयन समिति द्वारा तमन्ना हनीफ के नाम की संस्तुति की गई थी, जिसे राज्यपाल ने स्वीकृति प्रदान कर दी है।

अधिसूचना के अनुसार उनकी तैनाती हल्द्वानी स्थित वक्फ अधिकरण, कुमाऊं मंडल (नैनीताल) में की गई है। तमन्ना हनीफ का कार्यकाल अधिसूचना जारी होने की तिथि से तीन वर्ष तक रहेगा। हालांकि, यदि वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 के नए प्रावधान पहले लागू हो जाते हैं, तो उनकी नियुक्ति उन्हीं नियमों के अनुरूप मानी जाएगी।

तम्मना की नियुक्ति वक्फ अधिनियम 1995 (संशोधित) की धारा 83 तथा उत्तराखंड वक्फ बोर्ड नियमावली 2017 के नियम 65(3) के तहत निर्धारित प्रक्रिया के बाद की गई है। तमन्ना की नियुक्ति पर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण सिंह बिष्ट, महासचिव संजय सुयाल आदि अधिवक्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दीं हैं।


यशस्वी नेगी को सम्मानित करते स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल एवं मंत्री खजान दास।

# यशस्वी नेगी युवा कलमकार प्रतियोगिता की विजेता बनीं

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** दुर्गापुरी निवासी यशस्वी नेगी ने भाषा संस्थान उत्तराखंड द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय युवा कलमकार प्रतियोगिता में यात्रा संस्मरण लिखकर 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

यशस्वी को देहरादून में आयोजित सम्मान समारोह में वन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री सुबोध उनियाल एवं भाषा एवं समाज कल्याण मंत्री खजान दास द्वारा 11 हजार रुपये की धनराशि, प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। यशस्वी की माता मीनाक्षी नेगी बालिका इंटर कॉलेज, रामनगर में संस्कृत प्रवक्ता हैं, जबकि उनके पिता धर्मेन्द्र नेगी पौड़ी गढ़वाल के नैनीडांडा में अध्यापक हैं। नैनीताल के अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र नेगी यशस्वी के चाचा हैं। यशस्वी की उपलब्धि पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत, राज्य कर अधिकारी मितेश्वर आनंद, मोहन पाठक एवं डॉ. सत्यप्रकाश मिश्र ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# नकुचियाताल क्षेत्र में पार्किंग बनाने की मांग

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** भीमताल के समीप स्थित नकुचियाताल और उससे लगे कमल ताल में हर वर्ष लाखों की संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं और यहां की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेते हैं। इसके बावजूद क्षेत्र में स्थायी पार्किंग व्यवस्था न होने के कारण पर्यटकों के साथ-साथ स्थानीय कारोबारियों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।


कार्तिक कर्नाटक।

स्थानीय लोगों और व्यापारियों द्वारा पार्किंग निर्माण की मांग कई दशकों से लंबित है। एक बार फिर पर्यटन सीजन शुरू होने वाला है, ऐसे में यह मांग पुनः जोर पकड़ने लगी है। स्थानीय पर्यटन एवं साहसिक खेल कारोबारी कार्तिक कर्नाटक ने जिला प्रशासन और शासन से भीमताल की तर्ज पर नकुचियाताल और कमल ताल क्षेत्र में पार्किंग निर्माण कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में पार्किंग निर्माण की कई संभावनाएं हैं। यदि इन स्थानों को चिन्हित कर पार्किंग का निर्माण किया जाए, तो इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

## डीएसबी पहुंचीं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मंजरी

**नैनीताल:** कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर की पूर्व छात्रा एवं जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (जीएसआई), देहरादून में कार्यरत वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. मंजरी जोशी ने परिसर का दौरा कर अपने विद्यार्थी जीवन की यादों को ताजा किया।

उन्होंने वनस्पति विज्ञान विभाग का भ्रमण किया और बोटेनिकल गार्डन व हाइड्रोपोनिक्स यूनिट का अवलोकन किया। विभाग की ओर से डॉ. जोशी को पौधों से संबंधित एक फ्लायर भेंट किया गया। अपने छात्र जीवन को याद करते हुए उन्होंने कहा कि डीएसबी परिसर ने उनके करियर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने एलुमनी सेल के महासचिव प्रो. ललित तिवारी से भी मुलाकात की। प्रो. सुषमा टम्टा, प्रो. नीलू लोधियाल, डॉ. नवीन पांडे, विशाल और लता वसुंधरा रहे।

# पुरानी कार्यकारिणी की बहाली की मांग, हंगामा

- व्यापार मंडल की बैठक में चुनाव को लेकर हुआ विचार-विमर्श

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार:** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के नए चुनाव कराने को लेकर आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष ने व्यापारियों के साथ रायशुमारी की। इस दौरान पुरानी कार्यकारिणी को पुनः बहाल करने की मांग उठी, जिस पर उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान पूरा होने के बाद आम बैठक में निर्णय लिया जाएगा।लालकुआं नगर उद्योग व्यापार मंडल की कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा होने पर चुनाव अधिकारी संजीव शर्मा ने व्यापारियों की आम बैठक बुलाई गई। बैठक में पुरानी कार्यकारिणी को पुनः बहाल करने की मांग की, लेकिन जिलाध्यक्ष इससे सहमत नहीं हुए। इस पर कुछ व्यापारी तत्काल पुरानी कार्यकारिणी को पुनः घोषित करने की मांग पर अड़ गए, जिससे बैठक में हंगामा हो गया। नाराज जिला पदाधिकारी बैठक छोड़कर बाहर चले गए। बाद में क्षेत्र के वरिष्ठ व्यापारियों के हस्तक्षेप से बैठक दोबारा शुरू हुई। हल्द्वानी से आए वरिष्ठ पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि व्यापार मंडल का चुनाव और उससे पहले सदस्यता अभियान चलाया जाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि सदस्यता अभियान की जिम्मेदारी संजीव शर्मा और संजय जोशी को सौंपी गई है। प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही चुनाव कराए जाएंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पुरानी कार्यकारिणी को जारी रखने का निर्णय भी सदस्यता अभियान के बाद ही लिया जाएगा।

उन्होंने कहा, दस-बीस या पचास लोगों के कहने से संगठन के सिद्धांतों से समझौता नहीं किया जा सकता। बैठक में जिला अध्यक्ष विपिन गुप्ता, प्रदेश संगठन मंत्री हितेंद्र भसीन, चेयरमैन सुरेंद्र लोटनी, व्यापार मंडल अध्यक्ष दीवान सिंह बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष संजय जोशी, चुनाव अधिकारी संजीव शर्मा, हरीश बिसौती, भुवन पांडे, नरेश चौधरी, दिनेश लोहानी, कृष्ण भट्ट, विनोद पांडे, अशोक अग्रवाल, बॉबी संभल, नंदन सिंह राणा, अरुण जोशी, मीना रावत, अमजद खान, राधेश्याम यादव, सुभाष नागर रहे।


लालकुआं में विचार-विमर्श करते व्यापार मंडल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## धूमधाम से मनेगी आंबेडकर जयंती

**रामनगर:** अंबेडकर जयंती समारोह समिति ने टेढ़ा रोड स्थित शिल्पकार पार्क में एक बैठक आयोजित की। बैठक में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाने और उनके स्वतंत्रता, समानता तथा भ्रातृत्व के नारे को समाज में वास्तविक रूप से स्थापित करने का संकल्प लिया।

इस दौरान तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के संयोजक हेमचंद आर्य ने की और संचालन जमन राम ने किया। इस मौके पर गिरीश चंद्र आर्य, हरिश्चंद्र, पप्पू आर्य, महेश चंद्र, जीवन चंद्र, फकीर राम, महेश कुमार, बसंत कुमार टम्टा, भवन चंद्र, प्रेम, जगदीश चंद्र, लीलाराम कुमियाल, प्रकाश चंद्र, सुरेंद्र आर्य, देवी राम, मुकेश कुमार और बिंदेश्वरी प्रसाद टम्टा उपस्थित रहे।

# सीएम आज बैलपड़ाव में, स्कूल का करेंगे उद्घाटन

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को बैलपड़ाव में एक निजी स्कूल के उद्घाटन के लिए पहुंचेंगे। विधायक बंशीधर भगत ने बताया कि मुख्यमंत्री निमोनिक स्कूल, गैबुआ-पत्तापानी, बैलपड़ाव के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के अनुसार, मुख्यमंत्री देहरादून से सुबह 10 बजे हेलीकॉप्टर से प्रस्थान करेंगे और लगभग सवा 11 बजे बैलपड़ाव पहुंचेंगे। इससे पहले एसडीएम विपिन चंद्र पंत ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था, हेलीपैड, मंच और पार्किंग आदि का बारीकी से जायजा लिया गया।

**कांग्रेस करेगी सीएम धामी का विरोध :** प्रदेश और क्षेत्र में बदहाल स्वास्थ्य व शिक्षा व्यवस्था के विरोध में आज कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को काले झंडे दिखाकर विरोध करेंगे। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता नीरज तिवारी ने कहा कि सरकार विभिन्न तरीकों से जनता को तारे जमीन पर दिखाने का प्रयास कर रही है, जबकि वास्तविकता कुछ और है। सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की कमी है, शौचालय व भवन बदहाल हैं। स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में प्राधिकरण के नाम पर लोगों के खून-पसीने की कमाई लूटी जा रही है। जिसको लेकर शनिवार को मुख्यमंत्री का विरोध किया जाएगा।

इस दौरान राजीव गांधी पंचायत राज संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप तड़ियाल, प्रदेश उपाध्यक्ष पीयूष बिष्ट, जिला पंचायत सदस्य अर्णव कंबोज, कमल अधिकारी, वार्ड सदस्य रोहित बुढ़लाकोटी, धीरेंद्र बिष्ट रहे।


कार्यक्रम स्थल का अधिकारियों के साथ निरीक्षण करते उप जिलाधिकारी विपिन चंद्र पंत। ● अमृत विचार

# ग्राफिक एरा में बैटल ऑफ बैंड्स 2 का भव्य आयोजन

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल परिसर में बैटल ऑफ बैंड्स 2.0 के रूप में एक शानदार संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दिल्ली की दो, देहरादून और नैनीताल की एक-एक तथा मेजबान विश्वविद्यालय की एक बैंड ने प्रतिभाग किया। विजेता टीम को 50 हजार के आकर्षक नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रसिद्ध सरोद वादक चंद्रशेखर तिवारी के स्वागत एवं सम्मान के साथ हुआ। इसके पश्चात निर्णायक मंडल के सदस्य स्मित तिवारी (सरोद वादक), गौरव बिष्ट (गायक) एवं प्रख्यात गिटार वादक एम्डी को भी सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में सांझ (ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी, देहरादून), ब्लैक गॉडेस (दिल्ली), लाइफ ऑन लोन (नैनीताल), सहस्त्र (दिल्ली) और सतरंग (ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल) ने अपने-अपने अनोखे संगीत अंदाज से समां बांधा। कार्यक्रम की शुरुआत सतरंग द्वारा प्रस्तुत रंग जो लाग्यो से हुई, जिसने माहौल को जीवंत बना दिया। लाइफ ऑन लोन ने कुमाउनी गीत ड्यूटी लगी बॉर्डर से अपनी प्रस्तुति की शुरुआत की और सान्यो नी व गरज-बरस सावन जैसे गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सहस्त्र ने बॉलीवुड, समकालीन और मेटल संगीत का शानदार मिश्रण प्रस्तुत किया।

ब्लैक गॉडेस ने अपनी मौलिक रचनाओं के साथ दमदार प्रस्तुति दी, जबकि सांझ ने गढ़वाली और कुमाउनी लोक संगीत का सुंदर संगम प्रस्तुत करते हुए नंदा तेरो डोला जैसी प्रस्तुति से सांस्कृतिक समृद्धि को दर्शाया। भीमताल परिसर के निदेशक ने म्यूजिक क्लब एवं आयोजन से जुड़े सभी संकाय सदस्यों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। प्रतियोगिता में लाइफ ऑन लोन विजेता रही, ब्लैक गॉडेस उपविजेता बनी, जबकि सांझ को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार मुख्य अतिथि, निर्णायक मंडल एवं परिसर निदेशक द्वारा वितरित किए गए।


ग्राफिक एरा भीमताल में बैटल ऑफ बैंड्स 2.0 में प्रतिभाग करते बैंड के सदस्य।

वीकेंड | स्नो व्यू, हिमालय दर्शन, गवर्नर हाउस गार्डन, चिड़ियाघर और चाइना पीक में दिखी पर्यटकों की भीड़

# नैनीताल में वीकेंड पर उमड़े पर्यटक, कारोबार ने पकड़ी रफ्तार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** सरोवर नगरी नैनीताल में वीकेंड के मौके पर एक बार फिर पर्यटकों की रौनक देखने को मिली। मैदानी इलाकों में बढ़ती गर्मी से राहत पाने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक नैनीताल पहुंच रहे हैं, जिससे यहां के पर्यटन कारोबारी भी खासे उत्साहित नजर आ रहे हैं। शहर के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सुबह से ही चहल-पहल बनी रही। नैनी झील में नौकायन का लुत्फ उठाने के लिए पर्यटकों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। वहीं स्नो व्यू, हिमालय दर्शन, गवर्नर हाउस गार्डन, चिड़ियाघर और चाइना पीक (नैना पीक) जैसे स्थानों पर भी पर्यटकों की अच्छी खासी भीड़ उमड़ी। साफ मौसम के चलते हिमालय की सुंदर पर्वत श्रृंखलाओं के दीदार ने पर्यटकों के उत्साह को और बढ़ा दिया।

होटल कारोबारियों के अनुसार वीकेंड के चलते शहर के अधिकांश बड़े होटल करीब 70 प्रतिशत तक भर चुके हैं। होटल एसोसिएशन का कहना है कि लगातार तीन दिन के वीकेंड में पर्यटकों की संख्या और बढ़ने की उम्मीद है, जिससे छोटे-बड़े सभी पर्यटन व्यवसायों को लाभ मिल रहा है। टैक्सी, गाइड, रेस्टोरेंट और स्थानीय दुकानदारों के कारोबार में भी अच्छी तेजी आई है।

पर्यटकों ने नैनीताल के सुहावने मौसम की जमकर सराहना की। लखनऊ से आई आरुषि ने बताया कि मैदानी क्षेत्रों में अभी से गर्मी बढ़ने लगी है, जबकि नैनीताल का मौसम बेहद ठंडा और सुहावना है। यहां उन्हें हल्की ठंड का अहसास हो रहा है और घूमने का अनुभव बेहद सुखद रहा। इसी तरह दिल्ली से आई डॉली ने कहा कि जहां दिल्ली में गर्मी का असर शुरू हो गया है, वहीं नैनीताल की ठंडी और स्वच्छ हवा उन्हें काफी सुकून दे रही है। उन्होंने कहा कि यहां का प्राकृतिक सौंदर्य और शांत वातावरण उन्हें बेहद पसंद आया। कुल मिलाकर वीकेंड पर नैनीताल में पर्यटकों की बढ़ती आमद ने पर्यटन सीजन की अच्छी शुरुआत का संकेत दे दिया है, जिससे आने वाले दिनों में शहर के पर्यटन कारोबार में और उछाल आने की उम्मीद जताई जा रही है।


नैनीताल में चहलकदमी करते पर्यटक। ● अमृत विचार

### कैंची धाम में भी उमड़ा भक्तों का सैलाब

**नैनीताल :** विश्व प्रसिद्ध बाबा नीम करौली महाराज के कैंची धाम में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। हजारों की संख्या में भक्त मंदिर पहुंचकर बाबा के दर्शन कर आशीर्वाद ले रहे हैं। मंदिर परिसर में दिनभर भक्तों की आवाजाही बनी रही। वीकेंड को देखते हुए पुलिस अलर्ट मोड में रही भक्तों के मंदिर आने-जाने के लिए शटल सेवा की व्यवस्था की गई। इसके अलावा कैंची मार्ग पर जगह-जगह पुलिस तैनात रही।

**सिटी ब्रीफ**

## घने बादलों ने डाला सरोवर नगरी में डेरा

**नैनीताल :** सरोवर नगरी में शुक्रवार को घने बादल पूरे दिन डेरा डाले रहे। जिस कारण मौसम सुहावना बना रहा। सैलानियों ने मौसम के साथ नगर पर्यटन स्थलों की सैर की ।पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण नगर में बादल पूरे दिन छाए रहे। शाम को बादलों के छंटने के बाद बारिश की उम्मीद जाती रही। बादल छाए होने के कारण तापमान अधिक नहीं चढ़ पाया और गर्माहट का एहसास नहीं हुआ। इधर नगर में बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचे हुए हैं। सैलानियों ने सुहावने मौसम के साथ नगर के पर्यटन स्थलों की सैर की। मौसम विभाग के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। जिस कारण हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना बनी रहेगी। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 25 व न्यूनतम 15 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### मुख्य अतिथि हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश व शोभा बिष्ट ने दीप जलाकर किया मंचन का शुभारंभ

# महिला रामलीला में लक्ष्मण-परशुराम संवाद का मंचन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** पुनर्नवा महिला समिति की ओर से आयोजित चतुर्थ वर्ष की महिला रामलीला के शुक्रवार को तृतीय दिवस पर धनुष यज्ञ व लक्ष्मण-परशुराम संवाद का मंचन किया गया। महिला रामलीला का आयोजन पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में किया जा रहा है, जहां दर्शकों ने पारंपरिक संस्कृति और नारी शक्ति का अद्भुत संगम देखा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुमित हृदयेश (विधायक, हल्द्वानी), शोभा बिष्ट व संस्था के पदाधिकारियों की ओर से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने महिला कलाकारों की सराहना करते हुए इसे सांस्कृतिक संरक्षण की दिशा में सराहनीय पहल बताया। मंचन में विभिन्न पात्रों ने अपने अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



तीसरे दिन की रामलीला का शुभारंभ करते विधायक सुमित हृदयेश, शोभा बिष्ट व अन्य।

जनक की भूमिका में तारा, राम के रूप में सुप्रभा, लक्ष्मण के रूप में लक्षिता, भरत के रूप में रिद्धि और शत्रुघ्न के रूप में दिव्यांशी ने प्रभावशाली अभिनय किया। वहीं विश्वामित्र की भूमिका तारा बहुगुणा, सीता का किरदार सौम्या और परशुराम की भूमिका में हेमा हर्बोला ने अपने दमदार संवादों से खूब तालियां बटोरीं।

इसके अतिरिक्त सुनैना की भूमिका में ममता, दशरथ के रूप में विनीता, सुमंत के रूप में मेघा और वशिष्ठ के रूप में लता ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया। दरबारी पात्रों में उर्वशी बोरा, राजा, किरण, धर्म, सत्तू, नीतू, दीप्ति, अलका, सुमन और रितु ने मंच को जीवंत बनाए रखा। बंदीजन के रूप में अदिति और कंचन तथा सीता की सखियों के रूप में वैभवी और खुशी ने भी प्रस्तुति को आकर्षक बनाया।

कार्यक्रम के दौरान धनुष यज्ञ और लक्ष्मण-परशुराम संवाद का दृश्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। पूरी प्रस्तुति में महिला कलाकारों ने पारंपरिक रामलीला को नई ऊर्जा और दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत किया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन न केवल सांस्कृतिक विरासत को संजोने में सहायक हैं, बल्कि महिलाओं को मंच प्रदान कर उनकी प्रतिभा को भी निखारते हैं।

# इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट लीग का शेड्यूल जारी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड ने सीनियर मेंस इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट लीग का शेड्यूल जारी कर दिया है। यह प्रतियोगिता आज से 11 अप्रैल तक नैनीताल जिले में आयोजित की जाएगी। सात दिनों तक चलने वाली इस लीग में कुल 15 मुकाबले खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुकाबला आज नैनीताल और बागेश्वर के बीच खेला जाएगा।

6 अप्रैल को नैनीताल बनाम चम्पावत, अल्मोड़ा बनाम हरिद्वार और बागेश्वर बनाम टिहरी के बीच मैच होंगे। 7 अप्रैल को अल्मोड़ा का सामना बागेश्वर से, नैनीताल का हरिद्वार से और चंपावत का टिहरी से मुकाबला होगा। 8 अप्रैल को अल्मोड़ा बनाम चम्पावत, नैनीताल बनाम टिहरी और हरिद्वार बनाम बागेश्वर के बीच मैच खेले जाएंगे। 9 अप्रैल को बागेश्वर और चम्पावत के साथ ही हरिद्वार और टिहरी के बीच मुकाबले होंगे।

10 अप्रैल को अल्मोड़ा बनाम टिहरी और चम्पावत बनाम हरिद्वार के बीच मैच निर्धारित हैं। टूर्नामेंट का अंतिम और 15वां मुकाबला 11 अप्रैल को अल्मोड़ा और नैनीताल के बीच खेला जाएगा। यह लीग राज्य के उभरते क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतरीन मंच साबित होगी। साथ ही दर्शकों को पूरे सप्ताह रोमांचक मुकाबलों का आनंद देखने को मिलेगा।

# गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना

### मौसम विज्ञान देहरादून ने पांच जिलों के लिए जारी किया आरेंज अलर्ट

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** मौसम विज्ञान विभाग, देहरादून से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 4 अप्रैल, शनिवार को उत्तराखण्ड राज्य के उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने, ओलावृष्टि व झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है। हवाओं की रफ्तार 40-50 किमी प्रति घंटा से बढ़कर 60 किमी प्रति घंटा तक जा सकती है। उक्त चार जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि अन्य जिलों में येलो अलर्ट घोषित किया गया है।

मौसम विभाग द्वारा जारी एलर्ट के चलते राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र देहरादून द्वारा संबंधित जिलों को सावधानी बरतने को पत्र जारी किया गया है। मौसम की स्थिति को देखते हुए पर्वतीय क्षेत्रों में ट्रैकिंग गतिविधियों को प्रतिकूल मौसम के दौरान प्रतिबंधित, नियंत्रित रखा जाए, संवेदनशील क्षेत्रों में आवागमन को नियंत्रित करते हुए प्रत्येक स्तर पर सतर्कता बनाए रखने तथा किसी भी आपदा या दुर्घटना की स्थिति में त्वरित कार्रवाई के साथ सूचनाओं का आदान-प्रदान सुनिश्चित किया जाए। मोटर मार्ग बाधित होने पर तत्काल बहाली सुनिश्चित करने, राजस्व उपनिरीक्षक, ग्राम विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत अधिकारियों की क्षेत्र में सक्रिय उपस्थिति बनाए रखने तथा सभी चैकियों, थानों में आपदा प्रबंधन संबंधी उपकरण एवं वायरलेस प्रणाली के साथ हाई अलर्ट बनाए रखने को कहा गया है। किसी भी अधिकारी व कर्मचारी के मोबाइल फोन स्विच ऑफ न रहने, अधिकारियों द्वारा आवश्यक उपकरण जैसे बरसाती, छाता, टॉर्च, हेलमेट आदि अपने स्तर पर उपलब्ध रखने लोगों के फंसने पर खाद्य सामग्री आदि व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है।



#### उच्च हिमालयी क्षेत्रों में आवागमन हो नियंत्रित

पत्र में यह भी अपेक्षा की गई है कि विद्यालयों में विद्यार्थियों की सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक सावधानी बरती जाए, असामान्य मौसम एवं भारी वर्षा की चेतावनी के दौरान उच्च हिमालयी क्षेत्रों में पर्यटकों के आवागमन को नियंत्रित किया जाए तथा नगर एवं कस्बाई क्षेत्रों में नालियों एवं कल्वर्ट के अवरोधों को हटाकर जल निकासी व्यवस्था सुचारू रखी जाए। सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने आम जनमानस से मौसम संबंधी चेतावनियों को गंभीरता से लेने, सुरक्षित स्थानों पर रहने तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

## जूनियर हॉकी टीम के चयन को ट्रायल

**हल्द्वानीः** हॉकी ग्राउंड मानसखंड खेल परिसर अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार में हॉकी उत्तराखंड की जूनियर बालक व जूनियर बालिका वर्ग की टीम के लिए शुक्रवार को चयन हेतु ट्रायल आयोजित किया गया। जूनियर बालक वर्ग में 75 और जूनियर बालिका वर्ग में 55 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। चयन समिति ने विभिन्न मानकों के आधार पर खिलाड़ियों का मूल्यांकन किया।

चयन समिति में अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रदीप जीना, वरुण बेलवाल (उप क्रीड़ा अधिकारी), वीरेंद्र परिहार (पूर्व चीफ कोच, साई) और पुष्कर सिंह रावत (पूर्व मुख्य प्रशिक्षक, एयरफोर्स) शामिल रहे। हॉकी उत्तराखंड के महासचिव नरेंद्र सिंह बाफिला ने बताया कि चयनित जूनियर बालकों की टीम 10 जून से 22 जून 2026 तक कोयंबटूर, तमिलनाडु में आयोजित होने वाली 16वीं हॉकी इंडिया जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेगी। वहीं जूनियर बालिका वर्ग की चयनित खिलाड़ी 29 अप्रैल से 10 मई 2026 तक पुणे, महाराष्ट्र में आयोजित होने वाली 16वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय हाकी चैंपियनशिप में भाग लेंगी। इस अवसर पर चंद्रा पांडेय, कैलाश पांडे, कैलाश जलाल (हॉकी प्रशिक्षक), सनी कुमार, मनीषा जोशी, विजय पाल, महेश्वर नेगी सहित अन्य अधिकारी और कोच उपस्थित रहे।

# स्थापना दिवस पर गूंजा गैस किल्लत का मुद्दा, वरिष्ठ नागरिकों ने जताया रोष

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति का 28वां स्थापना दिवस शुक्रवार को समिति कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया। उत्सव के माहौल के बीच सदस्यों ने शहर में गैस वितरण में हो रही धांधली पर गहरा असंतोष व्यक्त किया।

वक्ताओं ने कहा कि गैस वितरण में पारदर्शिता की भारी कमी है, जिससे बुजुर्गों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष आनंद सिंह ठठोला, वरिष्ठ सदस्य शंकर दत्त तिवारी और विशिष्ट अतिथि नवीन वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। जिसके बाद समिति के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय न्यायमूर्ति मुरारी लाल अग्रवाल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही।

कन्हैयालाल गुप्ता ने अपनी कविताओं से सदन को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं मोहन चंद बुड़लाकोटी, राजेंद्र सिंह एरी, इंद्र सिंह निगल्टिया, दया किसन बल्यूटिया, मीरा श्रौतिया, साधना दत्त और नीमा पांडे ने कविता पाठ व संगीत से समां बांध दिया।

विशिष्ट अतिथि नवीन वर्मा ने आगामी वरिष्ठ नागरिक सम्मान व खेल समारोह 2026 की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए भागीदारी की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भुवन भास्कर पांडे व संचालन महामंत्री डीके पांडे ने किया। कार्यक्रम में डॉ. शिवदत्त तिवारी, रमेश चंद्र पांडे, एनबी गुणवंत, देवेंद्र सिंह खाती, प्रोफेसर एससी सती, एलडी पांडे, सीएम पांडे और विपिन पांडे ने अपने विचार रखे। इस दौरान संस्थापक सदस्य दीप चंद्र अग्रवाल, पीएस जंतवाल, भगवती बिष्ट, नीरू धवन, मोहिनी पांडे, मोहन सिंह जंतवाल, एलएम लोहनी, बीडी जोशी, दिनेश चंद्र पंतोला, एसके अग्रवाल, श्रीकांत खंडेलवाल, आनंद सिंह भाकुनी, विष्णु सिंह रावत, एडी डोर्बी और जगदीश वल्लभ शर्मा आदि कई लोग मौजूद रहे।



वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति के स्थापना दिवस पर स्मृति चिह्न देते अतिथि।

#### इन लोगों ने ली सदस्यता

इस उपलक्ष्य में डॉ. त्रिभुवन शर्मा सहित रमेश चंद पांडे, नवीन चंद्र जोशी, दुर्गा दत्त शर्मा, महेश गोस्वामी, डॉ. बसंत लाल वर्मा, भुवन चंद्र पांडे, डॉ. जगदीश चंद्र सती, विजय तिवारी, डॉ. आशुतोष पंत और त्रिभुवन पंत ने समिति की सदस्यता ग्रहण की, जिनका माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## बॉर्डर की सुरक्षा में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर दिया जोर

**हल्द्वानी :** सीमा जागरण मंच के कार्यक्रम में बॉर्डर सुरक्षा, आंतरिक सुरक्षा, आत्मनिर्भर राष्ट्र, सीमा विमर्श, अवैध घुसपैठ, नशा और बदलती डेमोग्राफी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में प्रदेश संगठनकर्ता आशीष वाजपेयी ने युवाओं से राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि देवभूमि के युवाओं को जाति, क्षेत्र, मत और पंथ के आधार पर विभाजित होने के बजाय देश निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने अवैध घुसपैठ, नशा और देश विरोधी तत्वों से सतर्क रहने की जरूरत बताई। बताया कि सीमा जागरण मंच हल्द्वानी में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम करेगा। उन्होंने युवाओं से देवभूमि की संस्कृति और अस्तित्व की रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में प्रियंक मिश्रा, अमरनाथ, सुरेशचंद्र आर्य, पंकज मलकानी, मीना राणा, मीना जोशी, विजय लक्ष्मी चौहान, कविता तिवारी, विद्या जोशी, कामिनी मिश्रा, स्वामी प्रमोद आनंद और स्वामी मोहना नंद सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# गुड फ्राइडे पर प्रभु यीशु के बलिदान को किया याद

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** गुड फ्राइडे पर शहर के गिरजाघरों में प्रभु ईसा मसीह के बलिदान को याद करते हुए विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने उनके बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया और उनके प्रेम, क्षमा और मानवता के संदेश को लोगों तक पहुंचाया गया।

शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे सेंथ थेरेसा स्कूल में क्रुस पथ यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में हाथों में क्रुस लिए लोगों ने प्रभु के त्याग और प्रेम का संदेश फैलाया। यात्रा के दौरान क्रुस के रास्ता नाटिका मंचित की गई और प्रभु यीशु की मूर्ति को ताबूत में रखकर चर्च तक पैदल लाया गया।

इसके बाद चर्च में विशेष प्रार्थना सभा हुई, जिसमें गीतों व भजनों के माध्यम से प्रभु के बलिदान को याद किया गया। इस अवसर पर फादर राजेश, फादर सुनील, फादर पास्कल, फादर एलायस, प्रमोद मार्टिन, संजय, मालिनी, अनिता, आस्कर, प्रकाश, वैरोनिका, आशा जोर्ज समेत कई लोग मौजूद रहे।



हल्द्वानी में गुड फ्राइडे के अवसर पर प्रार्थना सभा में मौजूद प्रभु ईसा मसीह के अनुयायी। ● अमृत विचार

#### मैथोडिस्ट चर्च में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन

**हल्द्वानी :** गुड फ्राइडे के अवसर पर नैनीताल रोड स्थित मैथोडिस्ट चर्च में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। सभा में बताया गया कि गुड फ्राइडे का दिन प्रभु यीशु मसीह के प्रेम, दया और मानवता के लिए दिए गए प्राणों की याद में शोक और चिंतन के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर आयोजित प्रार्थना सभा में पास्टर राजीव मसीह, सहायक पास्टर आशुतोष दानी और मुख्य वक्ता जॉय हावर्ड ने पवित्र ग्रंथ बाइबल से प्रभु यीशु मसीह के हजारों पापों के लिए अपने प्राण त्यागने और लोगों को आशा का मार्ग दिखाने का संदेश दिया। इस दौरान सात वचनों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। सभा में आशीष मेग्रेगर, नीरज विक्टर, जितेंद्र सिंह, सचिन भान, मनोज सिंह, सुशील सिंह, संजय, विक्रम सहित कई लोग मोजूद रहे।

## नैनीताल चर्च में हुई विशेष प्रार्थना सभा

**नैनीतालः** गुड फ्राइडे पर गिरिजाघरों में श्रद्धा और आस्था का माहौल देखने को मिला। मैथोडिस्ट चर्च में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई, जिसमें स्थानीय लोग और सैलानी शामिल हुए। पादरी अजय हैरीसन ने ईसा मसीह के जीवन और उनके सात महत्वपूर्ण उपदेशों का वर्णन किया।

उन्होंने बताया कि मानवता के उत्थान और पापों की मुक्ति के लिए ईसा मसीह ने स्वयं को क्रूस पर चढ़ाया। उनका बलिदान प्रेम, क्षमा और मानव कल्याण का प्रतीक है। इस अवसर पर विश्व शांति और मानव कल्याण के लिए विशेष प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में सनवाल स्कूल के प्रबंधक गौरव सनवाल, एरिक मैसी, सैफाली दास, संध्या ग्रीनवुड, सुशील डेविड, रीटा सनवाल और राजकुमारी दास सहित कई श्रद्धालु और पर्यटक उपस्थित रहे।

# विकास भगत ने सुनीं जन समस्याएं



कोटाबाग विकास खंड में आयोजित कार्यक्रम में जन समस्याएं सुनते भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** भाजपा प्रवक्ता विकास भगत ने कालाढूंगी विधानसभा के कोटाबाग विकास खंड की ग्राम सभा चांदपुर में जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए।

ग्रामीणों ने इस अवसर पर मुख्य रूप से सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए नलकूप निर्माण की मांग की। विकास भगत ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए विभागीय अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्र के किसानों को इसका लाभ मिल सके। इस मौके पर ग्राम प्रधान धन सिंह रावत, क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि देवेंद्र बिष्ट, मंडल अध्यक्ष कमलेश पाण्डेय, सुनील रावत व विजय रावत सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**खेल-खिलाड़ी**

### 15 अप्रैल से खेल विभाग का नया सत्र, खो-खो और मलखंब को भी शामिल करने की तैयारी, लालकुआं, हल्द्वानी और कालाढूंगी क्षेत्र के खिलाड़ियों को मिलेगा पेशेवर प्रशिक्षण का अवसर

# नए सत्र से साइकिलिंग और तीरंदाजी समेत चार नए खेल शुरू करने की तैयारी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** खेल विभाग 15 अप्रैल से नए सत्र की शुरुआत करने जा रहा है। इस बार का सत्र कई मायनों में खास रहने वाला है, क्योंकि विभाग युवाओं को पारंपरिक और आधुनिक खेलों से जोड़ने के लिए नई पहल करने जा रहा है। इससे क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए न केवल प्रशिक्षण के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि उन्हें अपने करियर को नई दिशा देने का भी मौका मिलेगा।

नए सत्र में खेल विभाग की ओर से साइकिलिंग, तीरंदाजी, खो-खो और मलखंब जैसे खेलों को विभिन्न खेल मैदानों में शुरू करने की तैयारी की जा रही है। इन खेलों को शामिल करने का प्रस्ताव लालकुआं, हल्द्वानी और कालाढूंगी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की ओर से खेल निदेशालय को भेजा गया है, जिस पर जल्द निर्णय लिया जा सकता है। यदि प्रस्ताव को मंजूरी मिलती है, तो क्षेत्र के खिलाड़ियों को पहली बार इन खेलों में व्यवस्थित और पेशेवर प्रशिक्षण मिल सकेगा। अभी तक इन खेलों की सीमित सुविधाओं के कारण कई प्रतिभाएं आगे नहीं बढ़ पाती थीं, लेकिन नई व्यवस्था से उन्हें उचित मार्गदर्शन और संसाधन उपलब्ध होंगे। खेल विशेषज्ञों का मानना है कि तीरंदाजी और साइकिलिंग जैसे खेलों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर संभावनाएं मौजूद हैं, जबकि खो-खो और मलखंब जैसे पारंपरिक खेल युवाओं को शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ भारतीय खेल संस्कृति से भी जोड़ते हैं। ऐसे में इन खेलों का शामिल होना एक संतुलित खेल वातावरण तैयार करेगा। इसके अलावा खेल विभाग स्कूल और कॉलेज स्तर पर भी प्रतिभाओं की पहचान करने की योजना बना रहा है। इसके तहत चयन शिविर आयोजित किए जाएंगे।

#### क्या कहती हैं खेल उपनिदेशक कुमाऊं

खेल उपनिदेशक कुमाऊं रशिका सिद्धिकी ने नए खेल सत्र को लेकर कहा कि विभाग का उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को खेलों से जोड़ना और उनकी प्रतिभा को निखारना है। उन्होंने बताया कि इस सत्र में पारंपरिक और आधुनिक दोनों तरह के खेलों को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साइकिलिंग, तीरंदाजी, खो-खो और मलखंब जैसे खेलों को शामिल करने का प्रस्ताव इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव को मंजूरी मिलने पर खिलाड़ियों को अपने क्षेत्र में ही बेहतर प्रशिक्षण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। विभाग का लक्ष्य है कि कुमाऊं क्षेत्र से अधिक से अधिक प्रतिभाशाली खिलाड़ी सामने आएं और राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करें।




क्रिकेट स्टेडियम गौलापार में आयोजित क्रिकेट मैच में खेलते खिलाड़ी।

#### सनशाइन क्लब पर भारी पड़े वारियर्स 11 के गेंदबाज

**हल्द्वानी :** क्रिकेट स्टेडियम गौलापार में कॉर्पोरेट क्रिकेट एसोसिएशन ओर से आयोजित हल्द्वानी कॉर्पोरेट कप सीजन-1 के छठे दिन शुक्रवार को खेले गए पहले मुकाबले में वारियर्स 11 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सनशाइन क्लब जवाहर नगर को पराजित कर टूर्नामेंट में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी वारियर्स 11 की टीम ने 19 .4 ओवर में सभी विकेट खोकर 176 रन का स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से हिमांशु ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 32 गेंदों में 5 चौकों की मदद से 38 रन बनाए, जबकि दीपक मेहरा ने 25 गेंदों में 32 रन का योगदान दिया। भुवि सिंह ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए मात्र 19 गेंदों में 1 चौका और 3 छक्कों की मदद से 32 रन बनाए। 177 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनशाइन क्लब जवाहर नगर की टीम शुरुआत से ही दबाव में नजर आई। वारियर्स 11 के गेंदबाजों की सटीक और कसी हुई गेंदबाजी के सामने विपक्षी टीम टिक नहीं सकी और पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल पाई, पूरी टीम मात्र 74 रन पर सिमट गई। गेंदबाजी में कप्तान राहुल जग्गी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर में 17 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट झटके। वहीं भुवि सिंह ने भी अपनी गेंदबाजी से 2 ओवर में सिर्फ 5 रन देकर 2 विकेट हासिल किए और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। भुवि सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच में अंपायर की जिम्मेदारी ललित और गौरव ने निभाई, जबकि स्कोरिंग की भूमिका राहुल बोरा ने निभाई।

## कुसुम गुप्ता को मिली मनोविज्ञान में पीएचडी



**रामनगरः** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर कुसुम गुप्ता को कुमाऊं विवि नैनीताल ने पीएचडी की उपाधि प्रदान की है।

उन्होंने "इफेक्ट ऑफ पेरेंटिंग स्टाइल ऑन लोकस ऑफ कंट्रोल एंड एकादमिक स्ट्रेस इन कॉलेज स्टूडेंट्स" शीर्षक पर किया है। शोध का निर्देशन मनोविज्ञान विभाग की प्रोफेसर डॉ. अनीता जोशी ने किया। मौखिक परीक्षा मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष एवं कला संकाय के डीन, प्रोफेसर रजनीश पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बाह्य परीक्षक प्रो. मधुलता नयाल, मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष एवं संयोजक प्रो. रजनीश पांडे आदि ने कुसुम को बधाई दी है।

# बिजनेस पार्टनर पर हत्या सहित कई धाराएं बढ़ीं

## ज्योति मौत प्रकरणः थाना पंतनगर पुलिस ने मांगे बहन वंदना से साक्ष्य, आरोपी को पूछताछ के बाद छोड़ा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** चर्चित कारोबारी युवती ज्योति शर्मा मौत प्रकरण में नया मोड़ आ गया है। जहां थाना पंतनगर पुलिस ने मृतका की बहन की तहरीर पर बिजनेस पार्टनर अमित चौधरी के खिलाफ हत्या, संपत्ति हड़पना और साक्ष्यों को मिटाने का मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। वहीं अब जांच अधिकारी ने शिकायतकर्ता से लगाए आरोपों के सबूत मांगे हैं और आरोपी को फिलहाल पूछताछ के बाद छोड़ने का निर्णय लिया। साथ ही हिदायत दी कि यदि पुलिस तफ्तीश में सहयोग नहीं दिया तो विधिक कार्रवाई की जाएगी।

यहां बता दें कि एक अप्रैल की सुबह थाना पंतनगर पुलिस को खबर मिली कि नैनीताल रोड स्थित पांच सितारा होटल रेडिसन ब्लू में 32 वर्षीय ज्योति शर्मा की संदिग्ध मौत हो चुकी है और उसका शव कमरे में पड़ा हुआ है। पुलिस ने पूछताछ शुरू की तो पता चला कि ज्योति अपने बिजनेस पार्टनर अमित चौधरी के साथ कैंची धाम मंदिर दर्शन करने आई थी और मंगलवार को देर रात होने के कारण दोनों होटल में रुक गए थे। साथ ही पुलिस ने कमरे से बीयर की कई बोतल और सिगरेट के टुकड़े भी बरामद करते हुए कारोबारी अमित को हिरासत में ले लिया था, जबकि शव पोस्टमार्टम को भेज दिया।

तीन डॉक्टरों के पैनल ने शव का पोस्टमार्टम किया, लेकिन रिपोर्ट में मौत की असल वजह स्पष्ट नहीं हुई थी। इसी बीच मृतका की बहन वंदना ने पार्टनर अमित पर बहन द्वारा लिए गए ऋण 38 लाख रुपये, डेढ़ तोले चांदी आभूषण, सोने के आभूषण हड़पने के साथ ही बहन की हत्या करने और कमरे से साक्ष्य जुटाने के आरोप मढ़ दिए। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तहरीर के आधार पर कारोबारी अमित चौधरी पर हत्या, संपत्ति हड़पने और साक्ष्य मिटाने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

पुलिस का मानना है कि जब मौत की असल वजह स्पष्ट नहीं है तो आरोपी को अभी दोष मुक्त करना ठीक नहीं है। जिसके बाद जांच अधिकारी एवं थाना पंतनगर प्रभारी नंदन सिंह रावत ने वादी मुकदमा से संपत्ति हड़पने, हत्या करने की असल वजह सहित लगाए गए आरोपों के साक्ष्य मांगे हैं। हिरासत में लिए गए अभियुक्त अमित शर्मा को इस शर्त पर छोड़ने का निर्णय लिया है और आरोपी पुलिस की तफ्तीश में सहयोग करेगा। अब सवाल यह उठता है कि क्या पुलिस की तफ्तीश में अभियुक्त के खिलाफ कार्रवाई होगी या नहीं। क्या वास्तव में ज्योति की मौत वास्तविक थी या फिर हत्या।

### स्पष्ट नहीं मौत, हो सकता है हार्ट अटैक


ज्योति (फाइल फोटो)।

**रुद्रपुर :** ज्योति शर्मा मौत वास्तव में मिस्ट्री बन चुकी है। जहां तीन डॉक्टर के पैनल ने ज्योति के शव का पोस्टमार्टम किया था। वहीं मौत की असल वजह बताने में असहज दिखे। कारण डॉक्टर का यह भी मानना है कि ज्योति की मौत ज्यादा बीयर व सिगरेट का इस्तेमाल करने से हार्ट अटैक से हो सकती है। कारण ज्योति के हार्ट में स्टंट पड़े हुए थे। यही कारण है कि ज्योति की मौत एक अनसुलझी कहानी रह गई, लेकिन पुलिस और डॉक्टर ने बिसरा रिपोर्ट जांच को भेज दिया है। पुलिस को उम्मीद है कि रिपोर्ट के आधार पर ही मौत के कारणों की पुष्टि होगी।

### लगातार होती रही अमित से पूछताछ

**रुद्रपुर :** पांच सितारा होटल में बिजनेस पार्टनर अमित चौधरी को यह नहीं पता था कि महिला पार्टनर ज्योति शर्मा के साथ उसकी यह यात्रा आखिरी यात्रा होगी और ज्योति की मौत उसे मुसीबत में भी डाल सकती है। एक अप्रैल को शव बरामद होते ही थाना पंतनगर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया था और प्रारंभिक तफ्तीश में मामला हत्या जैसा ही प्रतीत हो रहा था। जिस कारण पुलिस की एक टीम आरोपी से पूछताछ करती रही। कई सवालों के जवाब देने के बाद आखिरकार पुलिस के सामने आरोपी को छोड़ना पड़ा। कारण किसी भी व्यक्ति को तेरह घंटे से अधिक समय तक हिरासत में नहीं लिया जा सकता है।

### बिना बताए दिल्ली से निकली थी ज्योति

रुद्रपुर। पुलिस की तफ्तीश में यह सामने आया है कि बिजनेस पार्टनर अमित चौधरी से विवाद होने के बाद भी ज्योति अपने परिवार को बिना बताए दिल्ली से निकली थी। जिसकी पुष्टि मृतका की बहन वंदना ने की थी। वंदना व उसके भाई का मानना था कि उनका परिवार ब्राह्मण है और पूजा पाठ के अलावा घर पर ही एक बड़ा मंदिर बना हुआ है। पारिवारिक पूजा पाठ या फिर धार्मिक स्थलों की यात्रा बिना स्वीकृति के नहीं होती है। ऐसे में बहन ज्योति क्यों और किस मजबूरी में अचानक अमित के साथ निकली। इसकी कोई जानकारी नहीं है।

> पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ज्योति मौत प्रकरण की गुत्थी अभी अनसुलझी है। कारण पीएम रिपोर्ट में हार्ट अटैक की आशंका जताई है, लेकिन प्रबल पुष्टि नहीं हो पाई है। जिस कारण बिसरा रिपोर्ट को फॉरेंसिक लैब भेजा गया है और मृतका की बहन की तहरीर पर फिलहाल कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच के बाद जैसे-जैसे सबूत सामने आते जाएंगे। उसी के अनुसार धाराओं को घटाया और बढ़ाया जाएगा। आरोपी से एक बार फिर पूछताछ कर छोड़ने का निर्णय लिया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी।
>
> **-नंदन सिंह रावत**, जांच अधिकारी एवं थाना प्रभारी

# चेक बाउंस प्रकरण में पार्षद पति गिरफ्तार

**रुद्रपुरः** बार-बार एनबीडब्ल्यू जारी होने के बाद भी अदालत में पेश नहीं होना पार्षद पति एवं भाजपा नेता को भारी पड़ गया। कोतवाली पुलिस ने चेक बाउंस प्रकरण के दोषी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। बताते चलें कि वर्ष 2021 में कारोबारी रमेश कुमार धींगड़ा ने चेक बाउंस प्रकरण में न्यायालय में एक याचिका दायर की थी। याचिका में आरोप था कि वार्ड-31 की महिला पार्षद पति एवं भाजपा नेता सचिन मुंजाल द्वारा दिया गया। चेक बाउंस हुआ था और नोटिस का भी कोई जवाब नहीं दिया। 27 फरवरी 2025 को चतुर्थ सीनियर जज न्यायालय ने सुनवाई की और चेक बाउंस प्रकरण के दोषी सचिन मुंजाल को छह माह का कारावास और 70 हजार रुपये अर्थदंड देने का आदेश दिया था। निर्णय के खिलाफ सचिन मुंजाल ने सत्र न्यायाधीश की अदालत में याचिका दायर की और सुनवाई के दौरान खुद ही अदालत में पेश नहीं हुआ। बार-बार एनबीडब्ल्यू जारी होने के बाद भी भाजपा नेता आदेशों की अवहेलना करता रहा। जिसको लेकर अदालत ने सख्ती टिप्पणी करते हुए थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को गिरफ्तारी का आदेश दिया। शुक्रवार को ट्रांजिट कैंप पुलिस ने पार्षद पति व भाजपा नेता सचिन मुंजाल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया।

# शनिदेव की पूजा से पहले निकाली कलश यात्रा


कलश यात्रा में शामिल महिलाओं के साथ पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल।

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** सिंह कॉलोनी गली नंबर एक में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शनिदेव महाराज की वार्षिक पूजा का आयोजन किया गया। मुख्य पूजा से पूर्व क्षेत्र में एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया।

शुक्रवार को कलश यात्रा श्री दुर्गा मंदिर से विधि-विधान के साथ प्रारंभ हुई जो श्री शनिदेव मंदिर, इंदिरा कॉलोनी, आदर्श कॉलोनी, काशीपुर बाईपास रोड, अग्रसेन चौक और डीडी चौक होते हुए किच्छा बाईपास रोड स्थित झील पहुंची। झील तट पर पंडितों ने पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने कलशों में पवित्र जल ग्रहण किया। इसके बाद महिलाएं हरिनाम कीर्तन करते हुए और भक्ति गीतों पर झूमते हुए पुनः आदर्श इंद्रा बंगाली कॉलोनी वार्ड 35 स्थित शनिदेव मंदिर प्रांगण वापस लौटीं। मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठानों के बीच कलश स्थापित किए गए और सुख-समृद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, भाजपा नेता अनिल चौहान, समाजसेवी संजय ठुकराल, पार्षद सुशील चौहान, अजय नारायण सिंह, ललित सिंह बिष्ट, पार्षद प्रतिनिधि गोविंद राय, पारुल मंडल, चौताली मंडल, कार्तिक मंडल, देबू मंडल, माधवी मंडल, रविंद्रधर आदि मौजूद रहे।

# गल्ला मंडी में टेंपो में लगी आग

- संकरे मार्ग ने बढ़ाई फायर ब्रिगेड की मुश्किल

संवाददाता, किच्छा


टेंपो में लगी आग बुझाता दमकल कर्मी। • अमृत विचार

**अमृत विचारः** नगर के पुरानी गल्ला मंडी क्षेत्र में शुक्रवार शाम एक सीएनजी टेंपो में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय निवासी जगदीश कोहली के टेंपो में लगी आग को बुझाने का स्थानीय लोगों ने प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली।

सूचना पर पहुंची फायर यूनिट को संकरे मार्ग के कारण भारी मशक्कत करनी पड़ी। मुख्य फायर टेंडर के मौके पर न पहुंच पाने के कारण टीम ने मिनी हाई प्रेशर पंप और हौज रील के माध्यम से पानी पहुंचाकर आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक टेंपो पूरी तरह जलकर राख हो चुका था। टीम में प्रभारी मदन सिंह रावत, दीपक बसेड़ा और भवान सिंह सहित अन्य कर्मी शामिल रहे।

वहीं, दूसरी घटना में पुलभट्टा थाना अंतर्गत सिरौली कला स्थित एक पेट्रोल पंप के बैकयार्ड पार्किंग की झाड़ियों में आग लग गई। पेट्रोल पंप के समीप आग लगने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। दमकल टीम ने समय रहते आग पर काबू पाकर बड़े हादसे को टाल दिया। दमकल प्रभारी ने स्थानीय लोगों को आग लगने की स्थिति में तत्काल सूचना देने और सुरक्षा सावधानियां बरतने के प्रति जागरूक किया।

# मोबाइल की गारंटी को लेकर विवाद

**रुद्रपुरः** ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र में एक मोबाइल दुकानदार द्वारा ग्राहक दंपति को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। घटना शुक्रवार दोपहर की है, जब प्रीति नामक महिला ने पुलिस हेल्पलाइन 112 पर सूचना दी कि दुकानदार उन्हें और उनके पति को गोली मारने की धमकी दे रहा है।

पीड़िता के अनुसार, उन्होंने 23 मार्च 2025 को उक्त दुकान से एक मोबाइल फाइनेंस कराया था। दुकानदार ने मोबाइल का बीमा (इंश्योरेंस) होने का दावा किया था, लेकिन कोई पक्का बिल नहीं दिया। शुक्रवार को जब दंपति खराब मोबाइल को गारंटी के तहत ठीक कराने और बिल मांगने दुकान पहुंचे, तो दुकानदार भड़क गया। आरोप है कि दुकानदार ने उन पर दबाव बनाने और बिल मांगने पर गोली मारकर हत्या करने की धमकी दी।

# दिनभर कभी धूप तो कभी छाए रहे बादल

संवाददाता, रुद्रपुर

- बारिश हुई तो खेतों में खड़ी तैयार गेहूं की फसल को हो सकती है क्षति
- किसान बोले-हर साल बेमौसमी बारिश से होता है आर्थिक नुकसान

**अमृत विचारः** तराई में विगत दिनों हुई बेमौसमी बारिश और मौसम में बदलाव से किसानों की टेंशन बढ़ती जा रही है। किसान इस असमंजस में है कि गेहूं की फसल काटें या न काटें। हालांकि किसानों का कहना है कि विगत दिनों हुई बारिश से गेहूं के दानों में नमी की मात्रा प्रतिशत से अधिक होने से किसान अभी फसल काटने का इंतजार कर रहे हैं।

यहां बता दें कि ऊधमसिंह नगर में करीब एक लाख हेक्टेयर में गेहूं की फसल बोई जाती है। जबकि करीब एक लाख 29 हजार किसान इस खेती से जुड़े हुए हैं। वहीं एक अप्रैल से गेहूं की खरीद भी शुरू हो गयी है, लेकिन किसान क्रय केंद्रों तक नहीं पहुंच रहे हैं। कारण विगत दिनों तराई में बारिश और आंधी चलने से किसानों की फसल खेत में लेट गयी थी। कई स्थानों में 5 से 10 प्रतिशत फसल भी खराब हो गयी थी।

वहीं अब लगातार मौसम में बदलाव के चलते किसान भी गेहूं की फसल काटने से बच रहे हैं। किसानों को डर सता रहा है कि अगर गेहूं की कटाई शुरू की तो बारिश न हो जाए। किसानों का कहना है कि अभी एक सप्ताह तक गेहूं की फसल काटने का इंतजार करेंगे तब तक मौसम की स्थिति का भी पता चल जाएगा। खाद्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार क्रय केंद्र में जो भी किसान गेहूं लेकर आता है उसमें नमी की मात्रा 12 प्रतिशत तक होनी चाहिए। अगर इससे अधिक है तो क्रय केंद्रों में केंद्र प्रभारी गेहूं खरीदने से बचते हैं।

### क्या बोले किसान

> विगत दिनों तराई में बारिश होने से गेहूं की फसल को नुकसान हुआ है। अभी मौसम बदल रहा है। इस कारण किसान गेहूं की फसल काटने से डर रहे हैं। एक सप्ताह में थोड़ी स्थिति सामान्य हो जाएगी इसके बाद फसल काटेंगे। कारण विगत वर्षों में भी अचानक हुई बेमौसमी बारिश से किसानों को काफी आर्थिक नुकसान पहुंचा था। **-विक्रम जीत सिंह विर्क**, किसान

> विगत वर्ष तक हल्की गर्म हवाएं चलने लगती थी। इससे फसल पक कर तैयार हो जाती थी। इस बार मौसम में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। नमी की मात्रा भी अधिक है इस कारण किसान फसल काटने से बच रहे हैं।
>
> **-विजेंद्र यादव**, किसान

### आज हो सकती है तराई में हल्की बारिश



**रुद्रपुर :** तराई में पिछले कई दिनों से तेज धूप निकलने से तापमान में लगातार वृद्धि हो रही थी। तापमान भी बढ़कर 36 .2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। वहीं शुक्रवार को मौसम फिर बदल गया। दिन भी कभी धूप तो कभी आसमान में बादल छाए रहे। इस कारण अधिकतम तापमान भी गिरकर 31 .2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। वहीं जीबी पंत विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एएस नैन ने बताया कि आज रात या शनिवार को हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है।

# मजदूरी के पैसों को लेकर हुई मारपीट

**बाजपुरः** मजदूरी के पैसों के विवाद में एक युवक के साथ गाली-गलौज व मारपीट कर उससे बाइक छीनने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

धनसारा निवासी यूसुफ ने पुलिस को बताया कि वह शुक्रवार प्रातः करीब 8:30 बजे अपने घर से नरफतनगर स्वार जा रहा था। आरोप है कि इसी दौरान रास्ते में परिचित एक युवक का फोन आया, जिसने खुद को हल्द्वानी बस स्टैंड पर होने की बात कहकर उसे बुलाया। पीड़ित के अनुसार, जब वह आरोपी को लेने पहुंचा तो उसने गाली-गलौज शुरू कर दी और मजदूरी के पैसे मांगने लगा। इस पर यूसुफ ने बताया कि ठेकेदार से अभी भुगतान नहीं मिला है, इसलिए वह पैसे नहीं दे सकता। आरोप है कि इसी बात पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट कर दी और उसके पास मौजूद बाइक छीन ली है।

समाचार पत्र पंजीयन (केन्द्रीय), कानून 1956 आठवें नियम के अन्तर्गत अपेक्षित 'अमृत विचार' बरेली नामक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र से संबंधित स्वामित्व और अन्य बातों का ब्यौरा

प्रपत्र-4

1. प्रकाशक का स्थान : बरेली
2. प्रकाशन की अवधि : दैनिक
3. मुद्रक का नाम : हरि ओम गुप्ता
   क्या भारत के नागरिक हैं : हां
   पता : 35, राधा कुंज, फेज-1, निकट ग्रीन पार्क, बरेली
4. प्रकाशक का नाम : हरि ओम गुप्ता
   क्या भारत के नागरिक हैं : हां
   पता : 35, राधा कुंज, फेज-1, निकट ग्रीन पार्क, बरेली (उ.प्र.)-243006
5. सम्पादक का नाम : राजेश श्रीनेत
   क्या भारत के नागरिक हैं : हां
   पता : 3/332, विश्वास खंड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.)-226010
6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों। : 1. डॉ. वरूण अग्रवाल 2. डॉ. अर्जुन अग्रवाल रोहिलखंड इन्टरप्राइजेज, बरेली

मैं हरिओम गुप्ता एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार दिए गए विवरण सत्य है।

तारीख : 4 अप्रैल 2026

हस्ताक्षर
हरिओम गुप्ता
मुद्रक / प्रकाशक

# छम-छम नाचे देखो वीर हनुमाना...

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचारः** श्री हनुमान मंदिर ललपुरी में श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। श्री हनुमान की प्रतिमा का स्वर्ण चोला श्रृंगार किया गया। इस दौरान भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। आचार्य कैलाश शास्त्री के सानिध्य में अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित की गई। श्रद्धालुओं द्वारा श्री हनुमान की प्रतिमा का स्वर्ण चोला श्रृंगार किया गया। तत्पश्चात भक्तों द्वारा गणेश वंदना, सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ के बाद भक्तों द्वार भजनों का दौर शुरू किया गया।


दिनेशपुर के श्री हनुमान मंदिर ललपुरी में भजन गातीं महिलाएं। • अमृत विचार

आचार्य कैलाश शास्त्री ने दुनिया में देव हजारो है बजरंगबली का क्या कहना......, पुजारी किशन सिंह चौहान ने तुम्हारे दर पर आए हुए हैं........, अंबा पानू ने छम-छम नाचे देखो वीर हनुमाना........, और मंजू त्रिपाठी ने वीर हनुमाना अति बलवाना, राम नाम रसियो रे.... आदि सुंदर भजनों की प्रस्तुति सुनाकर माहौल भक्तिमय कर दिया। तत्पश्चात आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता मोहन सिंह पानू, भवानी दत्त देवराड़ी, समाजसेविका लछुली देवी गड़िया मनीषा पानू, आशा त्रिपाठी, मीनाक्षी सती, ममता पटवाल, पूनम चौहान, राधा चौहान, तारा चौहान, सुशीला देवी, भारती सीमा राजेश्वरी राठौर, सरला पानू, सोनी देवराड़ी, मीना मेहरा, कविता गड़िया, नेहा चौहान, विनीता खाती आदि मौजूद रहीं।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9532374039 8077909468

सूचना (नाम परिवर्तन)

समस्त अभिलेखों में मेरा नाम कैलाश सिंह गलत दर्ज हो गया है, जबकि मेरा वास्तविक व सही नाम कैलाश सिंह भैसोड़ा है। मुझे मेरे सही नाम कैलाश सिंह भैसोड़ा पुत्र स्व० श्री हीरा सिंह ग्राम भैंसड़गांव जनपद अल्मोड़ा से जाना जाए।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम करन कुमार राय (पुराना नाम) से बदलकर करन राय (नया नाम) कर लिया है। भविष्य में मुझे करन राय पुत्र रामबाबू राय के नाम से जाना पहचाना जाए। ग्राम - सिसैया, पो.-खाली महुवट, खटीमा, उधम सिंह नगर।

# नीलकंठ धाम में मना हनुमान जन्मोत्सव

संवाददाता, रुद्रपुर


दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार।

**अमृत विचारः** गंगापुर रोड स्थित श्री नीलकंठ धाम में हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा, उल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। रातभर नीलकंठ धाम भक्ति के रंग में सराबोर रहा। इस दौरान भजन गायकों ने अपनी प्रस्तुतियों देकर ऐसा समां बांधा कि श्रद्धालु झूमने पर मजबूर हो गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार ने पूजा अर्चना के साथ दीप जलाकर किया।

गुरुवार को धाम के मुख्य सेवक और महापौर विकास शर्मा के सानिध्य में सजाए गए दिव्य बालाजी दरबार में भव्य दरबार में भजनों की शुरुआत गणेश वंदना और गुरु वंदना से हुई। इसके बाद भजन गायिका निशा, शुभम सक्सेना, पवन खनिजो, विनीत अरोरा, सुमित वार्ष्णेय और वंशिका मनोचा ने एक से बढ़कर एक मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी। गायकों ने हनुमत का जन्म दिन है, सारा जमाना बाबा का दीवाना, कजरारे तेरे मोटे मोटे नैन, पांव में घुंघरू बांध के नाचे राम जी नाम इसे प्यारा लागे और आया है जन्मदिन बाबा का हम उत्सव आज मनाएंगे जैसे भजनों से वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय कर दिया। विशाल भंडारे में हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के अंत में दिव्य आरती हुई और भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। महापौर विकास शर्मा और नीलकंठ धाम ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने अतिथियों का अंग वस्त्र भेंट और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

**हालात** इस गन्ना पेराई सत्र में सबसे कम 28 .57 लाख कुंतल चीनी उत्पादन, 2022-23 में 48 .76 लाख कुंतल चीनी बनी थी

# राज्य में इस बार पांच साल में सबसे कम हुआ चीनी उत्पादन

कुंदन बिष्ट, काशीपुर

**अमृत विचार :** राज्य में लगातार चीनी का उत्पादन घट रहा है। इस साल गन्ना पेराई सत्र में पांच साल में सबसे कम 28.57 लाख कुंतल चीनी का उत्पादन हुआ है। इस बार प्रदेश की लक्सर चीनी मिल में सबसे अधिक 11.90 लाख कुंतल चीनी तैयार की गई। ऊधम सिंह नगर जिले में इस बार मात्र 8.85 लाख कुंतल चीनी का उत्पादन हुआ।



राज्य में बाजपुर, नादेही, किच्छा, डोईवाला, सितारगंज, लिब्बरहेड़ी, इकबालपुर और लक्सर चीनी मिलें स्थापित हैं। वर्ष 2023-24 में प्राकृतिक आपदा व गन्ने में बीमारी के चलते प्रदेश की आठ चीनी मिलों में मात्र 31.12 लाख कुंतल चीनी का उत्पादन हुआ। वहीं इसके बाद लगातार गन्ने में रेड रोट बीमारी देखी जा रही है। गन्ने का कम उत्पादन और पेराई के लिये गन्ना न आने के कारण बाजपुर, नादेही, किच्छा और डोईवाला चीनी मिल फरवरी में बंद हो गई। जबकि सितारगंज, लिब्बरहेड़ी, लक्सर चीनी मिल मार्च में बंद की गई। इस बार लक्सर चीनी मिल ने प्रदेश में सर्वाधिक 11.90 लाख कुंतल चीनी का उत्पादन किया।

### ये है प्रदेश में पांच साल का चीनी उत्पादन

| वर्ष | चीनी उत्पादन (लाख कुंतल) |
|---|---|
| 2021-22 | 45.30 |
| 22-23 | 48.76 |
| 23-24 | 31.12 |
| 24.25 | 37.21 |
| 25-26 | 28.57 |

### जिले में भी कम हुआ चीनी का उत्पादन

**काशीपुर :** इस पेराई सत्र में बाजपुर में 1.53 लाख कुंतल, नादेही में 1.19, किच्छा में 2.85 और सितारगंज में 3.28 लाख कुंतल चीनी का उत्पादन किया गया। जबकि बीते वर्ष बाजपुर चीनी मिल में 2.32, नादेही में 1.49, किच्छा में 3.08, और सितारगंज स्थित चीनी मिल में 3.01 लाख कुंतल कुल 9.90 लाख कुंतल चीनी का उत्पादन किया गया। वहीं इस बार जिले में मात्र 8.85 लाख कुंतल चीनी का ही उत्पादन हुआ।

> इस बार चीनी मिलों में गन्ने की पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो पाई। हालांकि गन्ने के रकबे में कोई खास फर्क नहीं था। वहीं गन्ने की 0-238 वैरायटी का उत्पादन बहुत बढ़िया था। लेकिन इस लेबल की कोई वैरायटी नहीं आ पा रही है। कोल्हू में भी गन्ना गया है। इस बार प्रदेश में सात चीनी मिलों का संचालन किया गया।
>
> -त्रिलोक सिंह मर्तोलिया, आयुक्त, चीनी एवं गन्ना उद्योग, उत्तराखंड।

ब्रीफ न्यूज

## शक्तिफार्म के मंदिर में खड़ी बाइक चोरी

**सितारगंज :** मंदिर में खड़ी बाइक चोरी हो गई। काफी खोजबीन करने के बाद भी बाइक का पता नहीं चला। वहीं, मामले में पुलिस ने चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। जगतपुरा, रुद्रपुर निवासी अभिषेक मंडल ने बताया कि 30 मार्च को वह शक्तिफार्म के गांव सुरेंद्रनगर स्थित बाबा तारकनाथ धाम मंदिर में गया था। वहां उसने बुलेट बाइक खड़ी की थी। मंदिर से वापस लौटने के बाद उसे नियत स्थान पर बाइक नहीं मिली तो उसने आसपास काफी खोजबीन की। लेकिन, बाइक का पता नहीं चला। वहीं, मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 2.27 ग्राम स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**खटीमा :** पुलिस ने गश्त के दौरान 2.27 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक होशियार सिंह, लक्ष्मण जोशी बृहस्पतिवार को गश्त पर थे। उसी दौरान पकड़िया में आठ तार लाइन ग्राउंड के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर पूछताछ की तो उसने स्वयं को खेतलसंडा खाम निवासी दीपक सिंह भंडारी बताया। जिसकी तलाशी लेने पर पुलिस को उसके कब्जे से 2.27 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## वाहन चोरी की रिपोर्ट दर्ज, छानबीन जारी

**खटीमा :** आदर्श कालोनी से 12 फरवरी को फोटो स्टूडियो के बाहर से बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस को सौंपी तहरीर में अर्जुन सिंह ने बताया है कि 12 फरवरी को वह अपनी बाइक को अपने प्रतिष्ठान मैमोरीज फोटो स्टूडियो के बाहर खड़ी कर शादी में गया था। जब वापस आया तो मेरी बाइक अपनी जगह पर नहीं मिली। काफी खोजबीन की लेकिन बाइक का कोई पता नही चला। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कर बाइक का पता लगाने की गुहार की है। पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## स्कूटी में छिपाकर ले जा रहा था कच्ची शराब

**किच्छा :** कलकत्ता चौकी पुलिस ने चेकिंग के दौरान धौरा डाम निवासी कमलजीत सिंह को अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी अपनी स्कूटी से शराब की तस्करी कर रहा था, जिसकी तलाशी लेने पर पुलिस को 60 पाउच अवैध शराब बरामद हुई। उपनिरीक्षक ओमप्रकाश नेगी ने बताया कि नशे के खिलाफ अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है।

### वर्ष 2021-22 में हुई थी सबसे अधिक 122703.310 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद, वर्ष 2025-26 में गेहूं की खरीद हुई थी शून्य

# पांच सालों में लक्ष्य के साथ घटी गेहूं खरीद, इस बार उम्मीद

बीरेन्द्र बिष्ट, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** पिछले पांच साल में कुमाऊं में एजेंसियों के लक्ष्य घटने के साथ ही खरीद घटी है। क्रय केंद्रों की संख्या साल दर साल घटी है। लेकिन इस बार क्रय केंद्रों में संख्या में बढ़ोत्तरी की गयी है। कुमाऊं में वर्ष 2021-22 में सबसे अधिक 122703.310 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई थी, जबकि वर्ष 2025-26 में गेहूं की खरीद शून्य हुई थी। हालांकि वर्ष 2026-27 में गेहूं की खरीद की प्रक्रिया एक अप्रैल से शुरू हुई है। यह खरीद 30 जून तक चलेगी। अभी तक किसी भी क्रय केंद्र में गेहूं की खरीद नहीं हुई है।



दरअसल, कुमाऊं में खरीद सत्र 2026-27 में गेहूं की खरीद एक अप्रैल से 185 क्रय केंद्रों में शुरू हो गयी थी। यह खरीद 30 जून तक होनी है। कुमाऊं भर में गेहूं खरीद के लिए 185 क्रय केंद्र स्थापित किए गये हैं। इसमें खाद्य विभाग के 20, सहकारिता विभाग के 120, भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ(एनसीसीएफ) 10, उत्तराखंड प्रादेशिक कोऑपरेटिव यूनियन(यूपीसीयू) 30 और उत्तराखंड उपभोक्ता सहकारी संघ(यूकेयूएसएस) के 5 तोल कांटे खोले गये हैं। इस बार कुमाऊं को 35000 मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य मिला हुआ है।

**कब कितना रहा लक्ष्य, कितनी हुई खरीद और कितने क्रय केंद्र**

| वर्ष | लक्ष्य | खरीद( मीट्रिक टन में) | क्रय केंद्र |
|---|---|---|---|
| 2021-22 | 185000 | 122703.310 | 191 |
| 2022-23 | 160000 | 768.000 | 191 |
| 2023-24 | 200000 | 112.150 | 173 |
| 2024-25 | 40000 | 544.650 | 61 |
| 2025-26 | 38000 | 00.000 | 53 |
| 2026-27 | 35000 | शून्य | 185 |

खाद्य विभाग के आंकड़ों को गौर करें तो वर्ष 2021-22 में लक्ष्य के सापेक्ष सबसे अधिक 122703.310 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हुई थी। जबकि वर्ष 2022-23 में खरीद घटकर 768 मीट्रिक टन रह गयी। वर्ष 2023-24 में यह खरीद घटकर 112.150 मीट्रिक टन तक पहुंच गयी। वहीं वर्ष 2024-25 में गेहूं की खरीद में थोड़ा सुधार हुआ और क्रय एजेंसियों ने 544.650 मीट्रिक टन की खरीद की। वहीं वर्ष 2025-26 में क्रय केंद्रों में खरीद शून्य हुई। हालांकि इस बार किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति कुंतल दिया जा रहा था। जो विगत विगत वर्ष की तुलना में 160 रुपया अधिक है। अब देखना यह है कि इस बार क्रय केंद्रों में किसान आते हैं या नहीं।

> पिछले पांच सालों में कुमाऊं में बाजार भाव सरकारी न्यूनतम समर्थन मूल्य से अधिक होने के कारण किसानों ने क्रय केंद्रों की जगह बाजार में गेहूं बेचा। इस कारण अन्य वर्षों की तुलना में विगत वर्ष गेहूं की खरीद शून्य रही। लगातार खरीद कम होने से लक्ष्य के साथ ही क्रय केंद्रों की संख्या को भी घटाया गया था। इस बार क्रय केंद्रों की संख्या बढ़ायी गयी है। उम्मीद हैं कि क्रय केंद्रों में खरीद अधिक होगी। **-अशोक कुमार**, डिप्टी आरएमओ, कुमाऊं

## 35 गेहूं खरीद केंद्रों में मात्र दो ही खुले

**खटीमा:** सरकार द्वारा निर्धारित 35 गेहूं क्रय केंद्रों में मार्केटिंग विभाग के मात्र दो केंद्र ही खुल सके हैं। जबकि सहकारिता विभाग के 19, एनसीसीएफ के आठ और पीसीयू के छह क्रय केंद्र अभी नहीं खुल सके हैं। केंद्र खोलने के तीसरे दिन तक गेहूं खरीद की शुरुआत नहीं हो सकी है। एसएमआई आरसी आर्य ने बताया कि मार्केटिंग विभाग के स्वीकृत दो गेहूं खरीद केंद्र खुल चुके हैं। खरीद केंद्रों पर कर्मचारी किसानों की बाट जोह रहे हैं। सहकारिता विभाग के स्वीकृत 19 खरीद केंद्र अभी अस्तित्व में नहीं आ सके हैं। एसडीओ सहकारिता ललिता राणा से जानकारी चाहने पर उनसे संपर्क नहीं हो सका। इसके अतिरिक्त एनसीसीएफ के आठ और पीसीयू के छह केंद्र स्वीकृत हैं। फिलहाल मार्केटिंग के अलावा कुछ स्थान पर अन्य संस्थाओं द्वारा गेहूं खरीद केंद्र खुल चुके हैं।

# बस पर पथराव करने वाले चार धरे

### थाना गदरपुर पुलिस ने चौबीस घंटे में दबोचा, खुशालपुर के रहने वाले हैं सभी आरोपी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** सितारगंज-गदरपुर हाईवे पर रोडवेज की बस पर पथराव कर अराजकता फैलाने वाले चार बाइक सवार अभियुक्तों को थाना गदरपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और बाइक को सीज कर दिया है। 24 घंटे के अंदर पुलिस ने घटना का पर्दाफाश कर अभियुक्तों को न्यायालय में पेश कर दिया है।

यहां बता दें कि एक अप्रैल को गदरपुर से केलाखेड़ा राष्ट्रीय मार्ग पर ओवरटेक करने पर उत्तराखंड परिवहन की रोडवेज बस चालक से विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया कि बाइक सवार चार युवकों ने बस का पीछा किया और पथराव कर बस के शीशे तोड़ दिए। पत्थरबाजी के कारण बस में बैठे यात्रियों में हड़कंप मच गया। चीख पुकार मचाने के बाद भी अभियुक्तों ने काफी दूर तक बस का पीछा कर अराजकता फैलाते रहे। आरोप यह भी था कि अभियुक्तों ने चलती बस चालक पर हमला करने का प्रयास किया।

पुलिस ने शारदा घाट टनकपुर निवासी चालक शारदा शंकर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर दिया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी भी सख्त हो गए और फौरन एक टीम बनाकर अभियुक्तों की गिरफ्तारी का आदेश दिया। थाना प्रभारी गदरपुर संजय पाठक ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला तो बाइक सवार अभियुक्तों की पहचान गांव खुशालपुर निवासी हरजिंदर सिंह, रिंकू सिंह, गोविंद सिंह और गांव सरोवर नगर गदरपुर निवासी अयान हसन को गिरफ्तार करते हुए बिना नंबर प्लेट दो बाइक को भी सीज कर दिया। पुलिस ने अभियुक्तों को न्यायालय में पेश कर दिया है।



पकड़े गए आरोपियों के साथ थाना गदरपुर पुलिस। ● अमृत विचार

### कई यात्री भी हुए थे चोटिल, तोड़ डाली बस

**रुद्रपुर :** बाइक सवार अभियुक्तों की दबंगई का आलम यह था कि जब ओवरटेक को लेकर चालक ने सावधानी बरतने की नसीहत दी तो आगे-पीछे चल रहे बाइक सवार युवकों ने चालक से हाथापाई की कोशिश की। इरादे भांपते हुए चालक ने फौरन बस स्टार्ट की और यात्रियों को सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाना उचित समझा। बावजूद गदरपुर से केलाखेड़ा हाईवे तक बाइक सवार युवक पत्थरबाजी और लाठी डंडों से बस को क्षतिग्रस्त करते रहे। पत्थरबाजी में खिड़की के शीशे टूटने लगे और कई यात्री चोटिल हो चुके थे। भयभीत यात्रियों ने शोर मचाते हुए यात्रियों से विनती करते रहे, लेकिन बाइक सवार नहीं माने।

### दारु पार्टी करने के बाद की थी तोड़फोड़

थाना प्रभारी संजय पाठक ने बताया कि पूछताछ में अभियुक्तों का कहना था कि एक अप्रैल को सभी दोस्त बाइक से घूमने निकले थे और रास्ते में दारु पार्टी की थी। दोपहर का वक्त था ओवरटेक को लेकर चालक द्वारा फटकार लगाई थी। जिसके बाद ही चालक को सबक सिखाने का फैसला लिया और रास्ते से ईंट पत्थर एकत्रित कर बाइक की डिग्गी में डाला और फिर पथराव शुरू कर दिया। अभियुक्तों का यह भी कहना था कि आवेश में आकर घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने कुछ डंडे भी बरामद किए हैं।

### अराजकता फैलाने वाले जाएंगे जेल: एसएसपी

एसएसपी अजय गणपति कुंभार ने बताया कि अराजकता, हुड़दंग व कानून से खिलवाड़ करने वाले असामाजिक तत्वों के लिए कोई स्थान नहीं है। ऐसे तत्वों के विरुद्ध सख्त से सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के विरुद्ध कठोर धाराओं में कार्रवाई के साथ-साथ क्षतिपूर्ति भी कराई जाएगी। कारण अराजकता फैलाने वालों को पुलिस जेल भेजेगी।

## तीन युवकों ने की युवतियों से छेड़छाड़

**किच्छा:** बरेली मार्ग स्थित एक कैफे के पास सहेलियों के साथ जा रही युवतियों से छेड़छाड़ और अभद्रता का मामला सामने आया है। मनचलों द्वारा जबरन मोबाइल नंबर देने का प्रयास करने और विरोध करने पर गाली-गलौज व धमकी देने के आरोप में पुलिस ने तीन नामजद युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पीड़िता के भाई ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बहन अपनी सहेलियों के साथ कनोडिया एसोसिएट एवं कैफे पॉइंट के पास से गुजर रही थी, तभी तीन युवकों ने उन्हें रोक लिया। आरोपियों ने न केवल छेड़छाड़ की, बल्कि अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए अपना मोबाइल नंबर लेने का दबाव बनाया। विरोध करने पर आरोपियों ने भविष्य में बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। घटना के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों में भारी रोष है।

कोतवाली प्रभारी प्रकाश सिंह दानू ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की धरपकड़ के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। प्रभारी ने स्पष्ट किया कि महिला सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# नव चेतना स्कूल में मनाया वार्षिकोत्सव



खटीमा के नव चेतना पब्लिक स्कूल में सरस्वती वंदना प्रस्तुत करते बच्चे।

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** नवचेतना पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया। पठन पाठन सहित विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया।

वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस मौके पर बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत सहित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांधा। प्रबंधक विनोद कापड़ी ने वर्षभर की उपलब्धियों एवं गतिविधियों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने शिक्षा, खेल-कूद एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। शैक्षिक सत्र में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत करते हुए वार्षिक परीक्षाफल भी वितरित किया गया।

प्रधानाचार्य सुमन कापड़ी ने सभी अभिभावकों एवं आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। संचालन मनोज भट्ट एवं भूपेंद्र बोहरा ने किया। इस अवसर पर बालकिशन राना, शांति देवी, योगेश पांडेय, राजेंद्र कापड़ी, हयात सिंह बिष्ट, महेश सकलानी, हरीश भट्ट, रीता कापड़ी, भुवन सिंह बोहरा, मंजू चंद, गीता राना, हेमा चंद, गोदावरी चंद, कमल चंद, पूजा, निकिता आदि उपस्थित रहे।

# सड़क हादसे में भाजपा नेता के भतीजे की मौत

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** पंजाब के होशियारपुर में हुए एक भीषण सड़क हादसे में किच्छा के वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मराज जायसवाल के भतीजे आशीष जायसवाल (38) उर्फ बाबू की मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक है।



आशीष (फाइल)।

जानकारी के अनुसार, पंजाबी मोहल्ला निवासी हरिश्चंद्र जायसवाल के पुत्र आशीष पिछले कई वर्षों से होशियारपुर स्थित सोनालिका ट्रैक्टर कंपनी में कार्यरत थे। शुक्रवार तड़के करीब 5 बजे अपनी नाइट ड्यूटी पूरी कर वह साथी के साथ बाइक से कमरे पर लौट रहे थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल आशीष को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आशीष अपने पीछे 6 वर्षीय पुत्र, 7 वर्षीय पुत्री और पत्नी को छोड़ गए हैं। विदित हो कि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व आशीष की माता विजय लक्ष्मी देवी की घर में हुई हत्या के गम से परिवार अभी उभरा भी नहीं था कि इस हादसे ने परिजनों को झकझोर दिया है।

## कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**खटीमा:** पुलिस ने एक पखवाड़े पूर्व कार की टक्कर से बाइक सवार के गंभीर रूप से घायल होने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को सौंपी तहरीर में अमर कालोनी कंजाबाग निवासी रुमा बनर्जी ने कहा है कि उसका पुत्र कुनाल बनर्जी वरुण वेवरेज लिमिटेड बाजपुर में सीनियर कस्टमर एक्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत है। 18 मार्च को शाम करीब छह बजे टनकपुर से बनबसा होते हुए घर आ रहा था। जिसे चकरपुर में शिव मन्दिर के निकट कार के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाकर उसके बेटे की मोटर साइकिल में सामने से टक्कर मार दी। जिसमें उसका पुत्र कुनाल गम्भीर रुप से घायल हो गया।

# अजय किंग्स, गोविंदनगर, सिसौना की टीम जीती

संवाददाता शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** हेमवती नंदन बहुगुणा क्रिकेट टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में शुक्रवार को खेले गए तीन रोमांचक मुकाबलों में अजय किंग्स, गोविंदनगर और सिसौना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। भाजपा नेता अजय जायसवाल ने मैचों का शुभारंभ किया।

पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में खेले गए पहले मैच में अजय किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 3 विकेट पर 182 रन बनाए। टीम की ओर से सिमरनजीत सिंह ने 71 और शाहरुख ने 66 रनों की शानदार पारी खेली। जवाब में उकरौली की टीम मात्र 72 रन ही बना सकी। सिमरनजीत सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में सितारगंज की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट खोकर 84 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए गोविंदनगर ने राजू बिष्ट के शानदार 55 रनों की बदौलत जीत हासिल की। राजू बिष्ट को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। तीसरे मैच में अरविंदनगर की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 46 रन पर सिमट गई। जवाब में सिसौना ने 6 विकेट शेष रहते मैच अपने नाम कर लिया। सिसौना के अनिल चौहान ने 3 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता। मैच में राहुल भारद्वाज और सोनू मंडल ने अंपायरिंग की, जबकि विक्रम सिंह ने स्कोरर की भूमिका निभाई।



शक्तिफार्म में क्रिकेट मैच का शुभारंभ करते भाजपा नेता अजय जायसवाल। ● अमृत विचार

## डंपर के नामांतरण को लेकर विवाद

**बाजपुर :** डंपर के मालिकाना हक को लेकर तीन पक्षों के बीच उपजा विवाद सुल्तानपुर पट्टी पुलिस चौकी जा पहुंचा है। वाहन के मूल स्वामी (रामपुर निवासी) का आरोप है कि उन्होंने जनवरी 2024 में डंपर बेचा था, लेकिन वर्तमान उपयोगकर्ता नामांतरण (ट्रांसफर) में टालमटोल कर रहा है और वाहन के दस्तावेज भी नष्ट कर दिए गए हैं। दूसरी ओर, वर्तमान उपयोगकर्ता (रामजीवनपुर निवासी) ने 6.50 लाख रुपये में वाहन खरीदने का दावा करते हुए कागजी कार्रवाई के लिए 21 अप्रैल तक का समय मांगा है। उन्होंने इस अवधि में किसी भी दुर्घटना या चालान की जिम्मेदारी स्वयं लेने की बात कही है। पुलिस दोनों पक्षों के प्रार्थना पत्रों के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

पहल

### 95.64 लाख से बनेगा आधुनिक नगर पंचायत भवन, चेयरमैन ने किया भूमि पूजन

# शक्तिगढ़ में नए पंचायत भवन की रखी नींव

संवाददाता शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** शक्तिगढ़ के विकास को नई गति देते हुए नगर पंचायत चेयरमैन सुमित मंडल ने शुक्रवार को 95.64 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नए नगर पंचायत भवन का विधिवत भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। इस महत्वाकांक्षी परियोजना से क्षेत्र में प्रशासनिक कार्यों को आधुनिक स्वरूप मिलने के साथ ही नागरिकों को भी बेहतर और एकीकृत सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

नगर पंचायत परिसर में आयोजित कार्यक्रम में चेयरमैन सुमित मंडल ने सभासदों के साथ पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि नया भवन पारदर्शी और तेज प्रशासनिक व्यवस्था का केंद्र बनेगा। अभी लोगों को विभिन्न कार्यों के लिए अलग-अलग स्थानों पर जाना पड़ता है, लेकिन नए भवन के बनने से सभी सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी, जिससे समस्याओं का त्वरित समाधान संभव होगा। अधिशासी अधिकारी प्रियंका रैक्वाल ने बताया कि यह परियोजना मुख्यमंत्री की घोषणा में शामिल है, जिसके तहत शासन ने 95.64 लाख रुपये की स्वीकृति दी है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है।कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्थानीय लोगों ने इसे क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में अहम कदम बताया। उनका कहना था कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह भवन नगर पंचायत को नई पहचान देगा और आम जनता को बेहतर प्रशासनिक अनुभव प्रदान करेगा।इस मौके पर सभासद सुनीता सरकार, विक्रम भंडारी, मीना देवी, शीला पोद्दार, गोविंद सरकार, दीक्षा मंडल, मनोज सरकार, अंकित दास, मोहित मंडल, सोनू विश्वास आदि उपस्थित थे।



शक्तिगढ़ में नए नगर पंचायत भवन के लिए भूमि पूजन करते चेयरमैन सुमित मंडल।

## दहेज के लिए विवाहिता को किया प्रताड़ित

**सितारगंजः** दहेज की वेदी पर एक और बेटी को प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। शक्तिफार्म निवासी सुमन ने अपने पति कृष्णा बाईन, सास, ससुर और देवर पर मारपीट कर उसे 2 साल की बच्ची सहित घर से निकालने का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि ससुराल पक्ष 5 लाख रुपये की मांग कर रहा है और मांग पूरी न होने पर पति की दूसरी शादी करने की धमकी दे रहा है। सामाजिक स्तर पर कई पंचायतों के बाद भी समाधान न निकलने पर पुलिस ने दखल दिया है। सीओ बीएस धौनी ने बताया कि तहरीर के आधार पर चार ससुरालियों के खिलाफ केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# प्रशिक्षण के बाद 30 युवाओं को मिली नौकरी

संवाददाता सितारगंज

**अमृत विचार :** बालाजी एक्शन कंपनी के टेसा कारपेंटर अकादमी ने 30 युवाओं को तीन माह का प्रशिक्षण दिया। शुक्रवार को इन प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करने के बाद देश की प्रमुख तीन कंपनियों की टीम ने साक्षात्कार के बाद सभी 30 छात्रों को नियुक्ति प्रदान की।

एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर सिडकुल में तीसरे बैच में 30 युवाओं को तीन माह का प्रशिक्षण दिया गया। इन प्रशिक्षणार्थियों को वुड पैनल प्रोसेसिंग टेक्निकल कोर्स में प्रशिक्षण दिया गया। शुक्रवार को नीलकमल, क्रिएटिव कांसेप्स, ओपल डिजायनर कंपनियों ने नियुक्ति पत्र प्रदान किए। यहां एमएसएमई व टेसा प्रबंधकों की ओर से वक्ताओं ने कहा कि यह पहल युवाओं को व्यावहारिक कौशल प्रदान कर उन्हें रोजगार के अवसरों से जोड़ने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यहां से तीन बैचों में सभी 90 प्रशिक्षणार्थियों को देश की नामी कंपनियों में नियुक्तियां मिली हैं। बालाजी एक्शन कंपनी के सीएसआर हेड अभिषेक श्रीवास्तव ने कहा कि कंपनी अपने सीएसआर मद से स्वास्थ्य, शिक्षा व रोजगार के क्षेत्र में अपना योगदान दे रही है। क्षेत्र के 11 विद्यालयों में शिक्षण कार्य बेहतर बनाने के लिए जरूरी व्यवस्थाएं कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि टॉप मैनेजमेंट में चेयरमैन एनके अग्रवाल व विमल जैन, अजय अग्रवाल व विवेक जैन के मार्गदर्शन में प्लांट हेड एके सिंह के निर्देशन में योजनाओं को धरातल में उतारा जा रहा है।




सितारगंज में परीक्षणार्थियों को नियुक्ति पत्र देती बालाजी एक्शन की टीम।

## सिटी ब्रीफ

### मर्सिडीज कार में तोड़फोड़, धमकी दी

**काशीपुर :** शक्तिनगर निवासी एक व्यक्ति की मर्सिडीज कार में तोड़फोड़ करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। शक्तिनगर निवासी अरुण दीप खुराना ने पुलिस को बताया कि उनकी मर्सिडीज कार नई सब्जी मंडी के पास खड़ी थी, जहां पड़ोस के ही राहुल भल्ला ने कार में तोड़फोड़ की। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित का आरोप है कि जब उन्होंने नुकसान की भरपाई के लिए कहा, तो आरोपी ने गाली-गलौच करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

### वार्डवासियों ने महापौर को सौंपा ज्ञापन

**काशीपुर :** मोहल्ला पक्काकोट, वार्ड नंबर 30 के निवासियों ने शुक्रवार को महापौर दीपक बाली से मुलाकात कर क्षेत्र में रुके हुए विकास कार्यों को शुरू कराने की मांग की। वार्डवासियों का आरोप है कि आनंद नर्सरी के सामने गली नंबर 2 में सड़क और नाली निर्माण के लिए पांच महीने पहले ही बोर्ड लगा दिए गए थे, लेकिन अभी तक धरातल पर काम शुरू नहीं हुआ है। जलभराव के कारण खाली प्लॉटों में पानी जमा हो रहा है, जिससे मच्छरों का प्रकोप और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में अनीता वर्मा, विमला देवी, आकाश, पवन और ज्योति शामिल रहे।

### शादी समारोह में आए युवक की बाइक चोरी

**काशीपुर :** शादी समारोह में आये युवक की रिजॉर्ट की पार्किंग में खड़ी बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बाजपुर के सूरी फार्म, चकरपुर निवासी दीपक कुमार ने टांडा चौकी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 21 फरवरी को समय लगभग रात्रि 8 बजे वह बाइक कुसुम वाटिका मंडप के पार्किंग ग्राउंड में खड़ी करके गया था। जब वह कुछ समय बाद लौटा तो बाइक वहां नहीं थी।

### स्मैक के साथ एक युवक गिरफ्तार

**काशीपुर :** कोतवाली पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चेकिंग के दौरान एक युवक को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 4.45 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। पुलिस टीम ने काली राख ढेला नदी के पास से मोहल्ला लक्ष्मीपुर पट्टी मझरा निवासी सलीम अहमद उर्फ दानिश उर्फ दाडा को दबोचा। तलाशी के दौरान उसके पास से नशीला पदार्थ बरामद होने पर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया है। पुलिस टीम में एसआई देवेंद्र सिंह मेहता, कांस्टेबल सचिन कुमार, मनोज जोशी शामिल रहे।

### साक्ष्य के अभाव में मारपीट का आरोपी बरी

**काशीपुर :** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय ने मारपीट और हड्डी तोड़ने के आरोपी राजीव कुमार सारस्वत को बरी कर दिया है। वादी रवि सारस्वत ने होटल और पेट्रोल पंप के विवाद में मारपीट का आरोप लगाया था। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अमरीश अग्रवाल ने कोर्ट में तर्क दिया कि व्यस्ततम मुरादाबाद रोड पर हुई घटना का कोई स्वतंत्र गवाह नहीं है और मेडिकल रिपोर्ट में भी तकनीकी खामियां हैं। कोर्ट ने रेडियोलॉजिस्ट की रिपोर्ट न होने और गवाहों के बयानों में विरोधाभास के चलते आरोपी को दोषमुक्त करार दिया।

### बैंक मैनेजर और पत्नी पर धोखाधड़ी का आरोप

**बाजपुर :** मंडी रोड स्थित एक ज्वैलर्स व्यापारी ने स्थानीय बैंक के शाखा प्रबंधक और उनकी पत्नी पर उत्पीड़न, धोखाधड़ी और धमकी देने के गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। ग्राम लखनपुर निवासी सौरभ अग्रवाल (श्री जगदम्बा ज्वैलर्स) ने बताया कि बैंक मैनेजर और उनकी पत्नी का उनकी दुकान पर आना-जाना था। आरोप है कि मैनेजर ने अपने पद का दुरुपयोग कर फर्जी ऋण जैसे कार्यों में लोगों को फंसाया है। पीड़ित का कहना है कि जब उन्होंने इस मामले की शिकायत करने की बात कही, तो 30 और 31 मार्च को कुछ लोगों को उनकी दुकान पर भेजकर गाली-गलौज करवाई गई और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। व्यापारी के अनुसार, पूरी घटना सीसीटीवी में कैद है और वह वर्तमान में डरे हुए हैं। पीड़ित ने पुलिस से साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### दो वारंटी गिरफ्तार

**काशीपुर :** कोतवाली पुलिस ने वांछित चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने कोर्ट से जारी वारंट के आधार पर कार्रवाई करते हुए छोटी बरखेड़ी निवासी वेयन्त सिंह और सुभाष नगर निवासी निपेंद्र शर्मा को उनके ठिकानों से दबोचा।

# काशीपुर में गैस की किल्लत से हाहाकार, रसोई का बजट बिगड़ा

## गैस एजेंसियों पर बैकलॉग का ग्राफ लगातार बढ़ रहा, काशीपुर एजेंसी में 684 सिलेंडर पहुंचे

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** काशीपुर में घरेलू गैस सिलेंडरों की भारी कमी के चलते आम जनता को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मांग और आपूर्ति के बीच बढ़ते अंतर के कारण गैस एजेंसियों पर बैकलॉग का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है।

काशीपुर गैस सर्विस के मैनेजर मनराल के मुताबिक, शुक्रवार को बैकलॉग का आंकड़ा 4300 सिलेंडरों तक पहुंच चुका है। उनके अनुसार, पहले उपभोक्ता किसी भी एजेंसी से सिलेंडर प्राप्त कर लेते थे, लेकिन नियमों में आए बदलाव के बाद अब अपनी ही एजेंसी पर निर्भरता बढ़ने से बैकलॉग बढ़ रहा है। आपूर्ति की बात करें तो काशीपुर एजेंसी में 684 सिलेंडर पहुंचे हैं, वहीं निर्भय गैस एजेंसी में भी दो गाड़ियां आई हैं। नेहा गैस एजेंसी में भी बैकलॉग की स्थिति गंभीर बनी हुई है। प्रबंधन का कहना है कि कमर्शियल सिलेंडर केवल उन्हीं को दिए जा रहे हैं जो जनरल उपभोक्ता की श्रेणी में आते हैं। यदि आपूर्ति में जल्द सुधार नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में किल्लत और बढ़ सकती है।


काशीपुर में गैस एजेंसी पर लगी उपभोक्ताओं की भीड़। ● अमृत विचार



जसपुर में उपभोक्ताओं से जानकारी लेते विधायक आदेश चौहान। ● अमृत विचार

### विधायक आदेश चौहान ने गैस एजेंसी का किया औचक निरीक्षण

**जसपुर :** स्थानीय विधायक आदेश चौहान ने शुक्रवार को अफजलगढ़ रोड स्थित इंडेन गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक ने एजेंसी की कार्यप्रणाली पर कड़े सवाल उठाते हुए भारी नाराजगी जताई। विधायक ने गंभीर आरोप लगाया कि आम जनता और छोटे व्यापारी एक-एक सिलेंडर के लिए तरस रहे हैं, जबकि मिलीभगत कर एक स्थानीय भाजपा नेता की फैक्ट्री में नियम विरुद्ध सिलेंडर पहुंचाए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान विधायक ने पाया कि स्कूलों में गैस की किल्लत से मिड-डे मील प्रभावित हो रहा है, वहीं स्टाफ लंच के नाम पर ड्यूटी से नदारद है। उन्होंने स्टॉक रजिस्टर की जांच की और एजेंसी प्रबंधन को चेतावनी दी कि पहले आम उपभोक्ताओं और जरूरतमंदों को प्राथमिकता दी जाए। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम राहुल शाह ने एजेंसी प्रबंधक को शनिवार को स्पष्टीकरण के साथ तलब किया है। इस दौरान बीएस नेगी, ललित शर्मा और हिमांशु नंबरदार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### गैस की कालाबाजारी पर दर्ज हुआ मुकदमा

**रुद्रपुर:** एलपीजी गैस सिलेंडर कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाते हुए प्रशासन की टीम ने दूधिया नगर में छापामार कार्रवाई की और एक व्यक्ति को महंगे दामों पर गैस रिफिलिंग और कालाबाजारी करते हुए पकड़ लिया। प्रशासन ने एलपीजी के छोटे-बड़े गैस सिलेंडर बरामद करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार एक मार्च को तहसीलदार दिनेश कुटोला, क्षेत्रीय पटवारी अमित पांडे ने पुलिस टीम के साथ दूधिया नगर रेशमबाड़ी में छापामार कार्रवाई की। टीम ने तफसील नाम के एक व्यक्ति के घर पर दबिश दी तो पाया कि अभियुक्त एलपीजी गैस सिलेंडर की कालाबाजारी करता है और महंगे दामों पर रिफिलिंग करता है। तलाशी लेने पर टीम ने चार एलपीजी, दो इंडेन गैस कंपनी, तीन छोटे सिलेंडर, दो पांच और एक किलो वाले सिलेंडर, एक नोजल गैस रिफिलिंग मशीन, एक रेगुलेटर सहित तौल माप तराजू बरामद किया। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह ब्लैक में गैस सिलेंडर खरीद कर महंगे दामों पर रिफिलिंग करता है। पुलिस ने विर्निमित द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस प्रदाय एवं वितरण आदेश के प्रावधानों का उल्लंघन करने पर अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सिलेंडर जब्त कर लिए हैं।

# नव संवत्सर पर किया भव्य पथ संचलन


काशीपुर में पथ संचलन करते स्वयं सेवक। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

● क्षेत्रवासियों ने पुष्प वर्षा से किया स्वयंसेवकों का स्वागत

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष और वर्ष प्रतिपदा पर्व के उपलक्ष्य में आवास विकास के विवेकानंद उपनगर के स्वयंसेवकों द्वारा भव्य पथ संचलन किया गया। इस संचलन में सुभाष बस्ती, वैशाली बस्ती और खोखरा बस्ती के स्वयंसेवकों ने अनुशासित कदमताल करते हुए आवास विकास के विभिन्न मार्गों का भ्रमण किया। क्षेत्रवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का भव्य स्वागत किया।

इससे पूर्व, विवेकानंद योग पार्क में आयोजित बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता देवेंद्र रावत (अखिल भारतीय संयोजक मंच कला) ने संघ के 100 वर्षों के गौरवशाली इतिहास और भारतीय नव संवत्सर की सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने ''पंच परिवर्तन'' का आह्वान करते हुए हिंदू समाज को संगठित और एकजुट होने पर विशेष बल दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय मार्ग प्रमुख अगरपाल सिंह यादव ने की। इस अवसर पर नगर संघ चालक अमित मित्तल, नगर कार्यवाह आदर्श चौधरी, सह कार्यवाह सुरेंद्र कोठारी, नगर खंड प्रचारक जगदीश, उपनगर कार्यवाह रविंद्र शर्मा, बस्ती प्रमुख जितेंद्र चौधरी और सह जिला प्रचार प्रमुख प्रेम सिंह चौहान सहित भारी संख्या में स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में मौजूद रहे।

# कंपनी के गेट पर युवक पर जानलेवा हमला

संवाददाता, काशीपुर

● पत्नी के साथ अभद्रता और मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार:** मंगल बाजार (बाजपुर रोड) स्थित एक किराये के मकान में रहने वाले युवक और उसकी पत्नी के साथ मारपीट व गाली-गलौज का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित मोहित कुमार ने पुलिस को बताया कि 16 फरवरी को रोहताश नामक व्यक्ति की बहन भावना अपने भाई से विवाद के बाद उसके घर आई थी। इसके बाद जब मोहित अपनी ड्यूटी पर ''यूनिवर्सल प्रा. लि.'' कंपनी चला गया, तो पीछे से रोहताश अपने साथी अजय, लवजीत व अन्य दोस्तों के साथ उसके घर पहुंचा और मोहित की पत्नी के साथ गाली-गलौज की। इतना ही नहीं, आरोपी कंपनी के गेट पर भी जा धमके और गार्ड के माध्यम से मोहित को बाहर बुलाया। जैसे ही मोहित गेट पर पहुंचा, आरोपियों ने डंडों से उस पर जानलेवा हमला कर दिया। पीछे से आ रही उसकी पत्नी ने शोर मचाकर और लोगों की मदद से उसे बचाया। आरोपी जाते-जाते जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

### नेहरू राइंका में समर कैंप शुरू

**जसपुर:** महुआडाबरा के नेहरू राइंका में पांच दिवसीय समर कैंप उत्साह के साथ शुरू हुआ। समर कैंप में बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनकी रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता और व्यावहारिक कौशल को विकसित किया जायेगा।

शुक्रवार को कैंप के पहले दिन योग, व्यायाम, चित्रकला, हस्तकला, नृत्य, संगीत, खेलकूद, व्यक्तित्व विकास से जुड़े कार्यक्रम हुए। विजेताओं को पुरस्कार, प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया। कैंप का उद्घाटन प्रधानाचार्य बीएम लाल ने किया। कैंप प्रभारी नफीस अहमद, मोनिका, राजेश चौधरी ने बच्चों को नई-नई तकनीक, रचनात्मक कार्यों के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर नाजिम कमर, योगेश पंत, महेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# काशीपुर-रामनगर मार्ग के निर्माण को मंजूरी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** शहर की सबसे बड़ी समस्याओं में शुमार रामनगर रोड के निर्माण को लेकर महापौर दीपक बाली ने बड़ी घोषणा की है। शुक्रवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि काशीपुर-रामनगर रोड के निर्माण प्रस्ताव को प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। लगभग 16 करोड़ 81 लाख की लागत से बनने वाली इस सड़क का श्रेय उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को देते हुए उनका आभार व्यक्त किया।


महापौर दीपक बाली।


जर्जर हालत में रामनगर रोड। ● अमृत विचार

महापौर ने बताया कि परियोजना का जीओ जारी हो चुका है। एक सप्ताह में टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी और मई के दूसरे सप्ताह तक निर्माण कार्य धरातल पर शुरू होने की संभावना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क को फोरलेन बनाने की प्रक्रिया भी समानांतर चल रही है, लेकिन वन विभाग और भूमि अधिग्रहण की औपचारिकताओं में समय लगने के कारण फिलहाल जनता की राहत के लिए टू-लेन सड़क का निर्माण कराया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त, महापौर ने रामनगर रोड रेलवे ओवरब्रिज के दिसंबर 2026 तक पूरा होने की उम्मीद जताई। उन्होंने नए आईएसबीटी के लिए बाजपुर और मुरादाबाद रोड पर जमीन चिन्हित करने तथा रोडवेज बस अड्डे की समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन भी दिया। चैती मेला क्षेत्र में अतिक्रमण और तहबाजारी पर उन्होंने स्पष्ट किया कि निगम द्वारा निर्धारित शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया गया है और अवैध वसूली पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# स्पोर्ट्स स्टेडियम में हॉकी प्रतियोगिता का आगाज

● मेजबान टीमों का दबदबा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** जिला हॉकी संघ के तत्वावधान में जिला खेल कार्यालय व सीनियर हॉकी खिलाड़ियों द्वारा आयोजित दो दिवसीय बालक-बालिका आमंत्रण हॉकी प्रतियोगिता का शुक्रवार को भव्य शुभारंभ हुआ। स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में देहरादून, बाजपुर, काशीपुर और रुद्रपुर की टीमों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता के पहले दिन बालिका वर्ग में काशीपुर और देहरादून के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें काशीपुर ने 2-0 से जीत दर्ज की। वहीं, बालक वर्ग में काशीपुर ने रुद्रपुर को 1-0 के अंतर से पराजित किया। विशेष आकर्षण के रूप में खेले गए अंडर-12 वर्ग के मिश्रित मैच में बालिकाओं ने बालकों को 1-0 से हराकर बाजी मारी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी जे.पी. यादव रहे। विशिष्ट अतिथियों में हॉकी उत्तराखंड के कोषाध्यक्ष योगेश जोशी, साईं कोच नीरज कुमार, रिटायर्ड कोच रमेश खड़कवाल, उड़ान फाउंडेशन के आर.पी. सिंह और डॉ. निधि शामिल रहीं। स्टेडियम प्रभारी महेश्वर सिंह नेगी ने बताया कि मैचों के सफल संचालन में रवि कुमार, दीपांशु असवाल, बॉबी सिंह और सिमरन कौर ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस दौरान बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और विभागीय प्रशिक्षक मौजूद रहे।


काशीपुर में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### शादी का झांसा देकर दुराचार

**बाजपुर:** एक युवती को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने और बाद में निकाह से इनकार करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत उसके परिवार के पांच सदस्यों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता का आरोप है कि मोहल्ले के ही एक युवक गुलवेज के साथ उसका पिछले आठ माह से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। इस दौरान युवक ने शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। 16 फरवरी 2026 को एक लिखित नोटरी राजीनामा भी हुआ था, जिसमें 2027 में निकाह करने की बात कही गई थी। 31 मार्च की रात आरोपी ने अपने माता-पिता और भाइयों के साथ पीड़िता के घर में घुसकर मारपीट की।

# मारपीट की आरोपी सात बाउंसरों को मिली जमानत

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** स्थानीय न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) ने चैती मेले में पकौड़ी विक्रेता महिला के साथ मारपीट करने के आरोप में पकड़ी गई सात महिला बाउंसरों को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है।

मामला 2 अप्रैल 2026 का है, जब रामपुर निवासी सुषमा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि मेले में अपना सामान समेटते समय झूले पर तैनात महिला बाउंसरों ने उनके साथ बिना वजह विवाद किया। आरोप था कि 8-10 बाउंसरों ने उनके बाल पकड़कर मारपीट की, कान की बाली छीन ली और परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात बाउंसरों के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सात महिला बाउंसरों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था।

सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता अमरीश अग्रवाल, मुनिदेव विश्नोई और भारत भूषण ने तर्क दिया कि ऐसी कोई मारपीट नहीं हुई है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के ''अर्नेश कुमार'' बनाम बिहार राज्य मामले के दिशा-निर्देशों का हवाला देते हुए पुलिसिया कार्यवाही पर सवाल उठाए। सिविल जज (जू.डि.) पूनम टोडी ने अधिवक्ता अमरीश अग्रवाल के तर्कों से सहमत होते हुए सातों महिला बाउंसरों को जमानत पर रिहा करने के आदेश जारी किए।

# भाजपाइयों को मिला जीत का मंत्र


प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य वक्ता बलराज पासी, मंजीत सिंह।

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** सिंचाई विभाग अतिथि गृह में शुक्रवार को 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026' के अंतर्गत भाजपा नगर मंडल का प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे पूर्व सांसद एवं दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री बलराज पासी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए वैचारिक सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला।

बलराज पासी ने कहा कि अनुशासन और सेवा भाव ही भाजपा की पहचान है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों से कार्यकर्ताओं में संगठनात्मक कौशल का विकास होता है, जो आगामी लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए अनिवार्य है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को जनसेवा में लगाने का आह्वान किया। नगर मंडल अध्यक्ष टिंकू यादव के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता दर्जा राज्यमंत्री (गन्ना) मंजीत सिंह राजू ने की। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मोहन पाल, गौरव शर्मा और एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष यशपाल राजहंस सहित अनेक पदाधिकारियों ने संगठन की मूल विचारधारा पर चर्चा की। कार्यक्रम में मेजर सिंह, संदीप गुप्ता, स्तुति गुप्ता और कुसुम सैनी सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आस्था | बालाजी घाटा मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव की धूम, भजनों पर रातभर झूमे श्रद्धालु

# मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे...

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर मोहल्ला संजयनगर स्थित श्री बालाजी घाटा मंदिर में भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। गुरुवार रात्रि आयोजित इस कार्यक्रम में बाबा का अलौकिक दरबार सजाया गया, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित शिव कुमार शास्त्री द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना और हवन-यज्ञ के साथ किया गया।

इसके पश्चात आयोजित भजन संध्या में दिल्ली से आए प्रख्यात गायक साहिल शर्मा ने "मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे, राम आएंगे..." जैसे भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वहीं, गाजियाबाद की भजन गायिका गार्गी शर्मा की "राम सिया राम..." की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। पूरी रात मंदिर परिसर ''जय श्री राम'' और ''जय बालाजी'' के उद्घोष से गुंजायमान रहा। इस अवसर पर व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष सत्यवान गर्ग, चंद्रप्रकाश मित्तल, और वीरेंद्र सिंघल सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।


श्री बालाजी घाटा मंदिर में जनप्रतिनिधियों को सम्मानित करते मंदिर कमेटी के लोग। ● अमृत विचार

## ब्रीफ न्यूज

### पूर्णागिरि मेले में चलाया जागरूकता अभियान

**टनकपुर :** जीबी पंत वेलफेयर फाउंडेशन टनकपुर ने जन जागरूकता अभियान चलाया गया ।जन जागरूकता अभियान के तहत फाउंडेशन ने पूर्णागिरि मेले में बैनर के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के लिए एक अभियान चलाया। जिसमें साफ सफाई व पर्यावरण स्वच्छता अभियान की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में फाउंडेशन के पदाधिकारी भुवन चंद्र पांडे, नवीन भट्ट, नवीन चंद्र पंत, बसंत पुनेठा, हंसा जोशी , कल्पना चन्द, भागीरथी पंत, सूरज भारद्वाज, संजय गर्ग, पद्मिनी दयाल ,महेश पाठक , प्रीतम सिंह ,गीता सती, बबीता पुनेठा आदि मौजूद रहे ।

### बोर्ड कॉपियों का मूल्यांकन हुआ 50 प्रतिशत पूरा

**रामनगर :** उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 29 मूल्यांकन केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में चल रहा है, 50 प्रतिशत मूल्यांकन पूरा हो गया है। उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाफल के लिए अभी कोई तिथि घोषित नहीं की गई है। अप्रैल अंतिम सप्ताह तक बोर्ड परीक्षाओं के नतीजे आने की संभावना है। प्रदेश के निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ. मुकुल कुमार सती एवं सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने काशीपुर एवं रामनगर मूल्यांकन केंद्रों का निरीक्षण कर त्रुटि रहित, समयबद्ध मूल्यांकन पर जोर दिया। केंद्रों की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। इस दौरान मुख्य नियंत्रक, उप नियंत्रक, पर्यवेक्षक भी मौजूद रहे।

# भकुनखोला मैदान में कत्यूर महोत्सव शुरू

## वीडियो संदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दी शुभकामनाएं, संस्कृति और पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

- दर्जा राज्यमंत्री बिष्ट, विधायक पार्वती दास आदि ने किया उद्घाटन
- चार दिनों तक चलेगा महोत्सव संस्कृति को होगा प्रचार-प्रसार

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार:** बैजनाथ भकुनखोला मैदान में चार दिवसीय कत्यूर महोत्सव का शुभारंभ हो गया। महोत्सव का उद्घाटन दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट, विधायक पार्वती दास, जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या, नगर पंचायत अध्यक्ष भावना वर्मा तथा ब्लॉक प्रमुख किशन सिंह बोरा ने संयुक्त रूप से किया।

महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वीडियो संदेश के माध्यम से गरुड़ क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि कत्यूर महोत्सव केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि उत्तराखंड की समृद्ध विरासत, लोक संस्कृति और सामूहिक एकता का जीवंत प्रतीक है।

मुख्यमंत्री ने कत्यूर घाटी के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हमारी प्राचीन परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। इससे स्थानीय कलाकारों, शिल्पकारों और युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच मिलता है, साथ ही पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नगर पंचायत गरुड़, जिला प्रशासन एवं आयोजकों को बधाई देते हुए विश्वास जताया कि यह कत्यूर महोत्सव सामाजिक सद्भाव और भाईचारे को और मजबूत करेगा।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष बागेश्वर सुरेश खेतवाल, उपजिलाधिकारी वैभव कांडपाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, महोत्सव समिति के सदस्य और क्षेत्रीय जनता उपस्थित रही।



कत्यूर महोत्सव के शुभारंभ समारोह में उपस्थित अतिथि।। ● अमृत विचार


कत्यूर महोत्सव के शुभारंभ समारोह में उपस्थित अतिथि। ● अमृत विचार

### संस्कृति संरक्षण को ऐसे आयोजन जरूरी

विधायक पार्वती दास ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए आवश्यक हैं। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्या ने कहा कि ऐसे आयोजन ऐतिहासिक विरासत को भावी पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### युवाओं को जड़ों से जोड़ते हैं महोत्सव

सीडीओ आरसी तिवारी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं। महोत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियां, भजन संध्या, स्टार नाइट, वॉलीबॉल प्रतियोगिता, पेंटिंग, ऐपण, सुलेख और मेहंदी प्रतियोगिताएं तथा स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

### संस्कृति और एकता का प्रतीक : शिव सिंह बिष्ट

**बागेश्वर :** दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कत्यूर घाटी को ऐतिहासिक धरोहर बताते हुए कहा कि यह महोत्सव क्षेत्र की संस्कृति और परंपराओं को उजागर करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने इसे स्थानीय लोगों की एकता और उत्साह का प्रतीक बताया तथा सभी से आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया।

# चम्पावत को मिली 11.50 करोड़ रुपये की सौगात

संवाददाता, टनकपुर

- त्रिस्तरीय पंचायतों को मिला विकास कार्यों के लिए अनुदान

**अमृत विचार:** जनपद चम्पावत को आदर्श जनपद बनाने की दिशा में पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु करीब 11.50 करोड़ की धनराशि आवंटित की गई है।



मनीष कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत स्तर पर विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से यह अनुदान जारी किया गया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार सुनिश्चित होगा। जिला पंचायत राज अधिकारी महेश कुमार ने बताया कि जिला पंचायत चम्पावत को अनटाइड ग्रांट के रूप में 97.04 लाख रुपये की धनराशि दो किश्तों में जारी की गई है। इसके अतिरिक्त टाइड ग्रांट के तहत प्रथम किश्त के रूप में 72.79 लाख रुपये भी प्रदान किए गए हैं।क्षेत्र पंचायतों के लिए अनटाइड ग्रांट के अंतर्गत कुल 70.22 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं। इसमें चम्पावत विकासखंड को 26.26 लाख, लोहाघाट को 13.04 लाख, बाराकोट को 12.18 लाख तथा पाटी विकासखंड को 18.74 लाख रुपये प्राप्त हुए हैं। वहीं टाइड ग्रांट की प्रथम किश्त के रूप में कुल 52.68 लाख रुपये जारी किए गए हैं, जिसमें चम्पावत को 19.66 लाख, पाटी को 14.07 लाख, लोहाघाट को 9.78 लाख तथा बाराकोट को 9.17 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं। ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों के लिए टाइड ग्रांट के अंतर्गत 3.61 करोड़ रुपये की प्रथम किश्त जारी की गई है। इसके अतिरिक्त अनटाइड ग्रांट के रूप में कुल 4.96 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आवंटित धनराशि का उपयोग निर्धारित मानकों के अनुसार समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए तथा कार्यों की नियमित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि इस वित्तीय सहायता से ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा और विकास योजनाओं को नई गति मिलेगी।

# सीएमओ ऑफिस तक पहुंची आग

- फायर सर्विस की टीम ने पाया कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू
- तापमान बढ़ने के साथ ही सामने आने लगी वनाग्नि की घटनाएं

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** जिलेभर में वनाग्नि की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। रोजाना जंगलों में वनाग्नि की घटनाएं सामने आ रही है। शुक्रवार को नगर के सीएमओ कार्यालय के पास कूड़े के ढेर में लगी आग जंगल तक फैल गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आग तेजी से रिहायशी इलाकों की ओर बढ़ने लगी। मौके पर पहुंची फायर सर्विस टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया।


सीएमओ ऑफिस से सटे जंगल में आग को बुझाते फायर कर्मी।

दरअसल, इन दिनों जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में रोजाना किसी न किसी जंगल में आग लगने की सूचना मिल रही है। शुक्रवार दिन में अल्मोड़ा के सीएमओ कार्यालय से पास जमा कूड़े के ढेर में आग लग गई। कूढ़े के ढेर में धधकी आग पास के जंगल में फैल गई। विकराल हो चुकी आग आसपास के रिहायशी इलाकों की ओर से तेजी से बढ़ने लगी। जिससे वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में लोगों ने फायर सर्विस को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर सर्विस की टीम ने एमएफई से पंपिंग कर दो होज पाइप फैलाकर आग पर किसी तरह काबू पाया। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। यहां टीम में लीडिंग फायरमैन ओम प्रकाश, फायरमैन योगेश शर्मा, प्रेम सिंह, जीवन जोशी आदि रहे।

# त्रिलोक सिंह को मिलेगा शैलेश मटियानी पुरस्कार

संवाददाता, अल्मोड़ा

- राजूहा गवाड़ में सहायक अध्यापक पद पर है कार्यरत

**अमृत विचार:** राजकीय जूनियर हाईस्कूल गवाड़ के सहायक अध्यापक त्रिलोक सिंह अधिकारी का शैलेश मटियानी राज्य शैक्षिक पुरस्कार-2025 के लिए चयनित हुए हैं। उनके पढ़ाए हुए बच्चे पढ़ाई से लेकर खेल के क्षेत्र में भी परचम लहरा रहे हैं।

शिक्षक त्रिलोक सिंह अधिकारी 2019 से दुर्गम क्षेत्र के स्कूल राजकीय जूनियर हाईस्कूल गवाड़ दूरस्थ क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। त्रिलोक सिंह बच्चों को पढ़ाई से लेकर अन्य चीजों में भी पूरी मदद करते हैं। नवाचारों का प्रयोग कर आसान भाषा में बच्चों को अध्ययन कराते हैं। गरीब वर्ग के बच्चों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। नए प्रवेश लेने वाले हर बच्चे को अपनी ओर से ड्रेस भी देते हैं। इसके अलावा अपने वाहन से बच्चों को स्कूल तक भी पहुंचाते हैं। बीमार पड़ने पर उनका इलाज भी कराते हैं। उनके पढ़ाए हुए बच्चे पढ़ाई से लेकर खेल और अन्य गतिविधियों में अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। इसी साल उनके पढ़ाए दो बच्चों का मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृत्ति, दो का डॉ. शिवानन्द नौटियाल छात्रवृत्ति, दो का राज्य स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता, एक का इंस्पायर अवार्ड में चयन हुआ है। कविता, निबंध प्रतियोगिताओं में भी उनके बच्चे सम्मानित हुए हैं।

# घर में लगी आग, ग्रामीण की मौत

संवाददाता,चम्पावत

- 80 प्रतिशत जल चुका था ग्रामीण घर में मचा कोहराम
- चम्पावत जिले के देवीधुरा के वालिक गांव का है मामला

**अमृत विचार:** चम्पावत जिले के देवीधुरा के वालिक गांव में एक घर में बीती देर रात अचानक शॉर्ट सर्किट होने से भीषण आग लग गई। इस घटना में घर के अंदर सो रहे गृह स्वामी 47 वर्षीय राजेंद्र सिंह बिष्ट गंभीर रूप से झुलस गए। सूचना के बाद सुबह गांव पहुंची चिकित्सकों की टीम ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर स्वजन को सौंप दिया। इस घटना के बाद स्वजनों में कोहराम मचा है।


राजेंद्र सिंह बिष्ट (फाइल फोटो)।

ग्राम वालिक निवासी 47 वर्षीय राजेंद्र सिंह बिष्ट के दो मकान हैं। गुरुवार को वह खाना खाकर अपने पुराने मकान पर आ गए। जबकि उनकी पत्नी व बच्चे नए वाले मकान पर थे। ऊपरी मंजिल पर राजेंद्र व नीचे मवेशी थे। बताया जा रहा है कि गुरुवार की देर रात अचानक शाट सर्किट होने से ऊपरी मंजिल में आग लग गई। मध्य रात्रि आग जब लगी तो उस वक्त राजेंद्र गहरी नींद में सो रहे थे। जिसके चलते उन्हें आग लगने का पता ही नहीं चला। देखते ही देखते आग ने पूरे घर को चपेट में ले लिया और राजेन्द्र आग में बुरी तरह झुलस गए। ग्राम प्रधान राजू बिष्ट ने शुक्रवार सुबह सवा पांच बजे पाटी थाने में सूचना दी। पाटी थानाध्यक्ष ओमप्रकाश के नेतृत्व में पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। चिकित्सकों की टीम ने राजेन्द्र को मृत घोषित कर मौके पर ही पोस्टमार्टम किया और शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक राजेंद्र सिंह बिष्ट अपने पीछे दो बेटे और एक बेटी छोड़ गए हैं। वह मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते थे। घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव में मातम छा गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आ रही है।

# धोखाधड़ी के अभियुक्त को तीन साल की सजा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** धोखाधड़ी के एक मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने फैसला सुनाया है। मामले में न्यायालय ने आरोपी को तीन साल की सजा और तीन हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। साथ ही छह छात्राओं को 70-70 हजार रुपये हर्जाना देने के आदेश दिए हैं।

अभियोजन अधिकारी उपेंद्र शर्मा ने बताया कि साल 2013 में लिंगुड़ता अल्मोड़ा निवासी माया आर्या ने अल्मोड़ा कोतवाली में धोखाधड़ी के मामले में एक शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा कि अभियुक्त भूपेंद्र आर्या निवासी द्वारसों मजखाली रानीखेत हाल सत्यविहार कॉलोनी, कुसुमखेड़ा हल्द्वानी ने कई छात्राओं को कॉलेज में प्रवेश दिलाने का झांसा देकर रुपये ठग लिए थे। एसआईटी जांच हुई तो मामला सही मिला और आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। जिसके बाद विवेचना अधिकारी ने विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। अभियोजन की ओर से न्यायालय में 26 गवाह पेश किए गए। पत्रावली में मौजूद साक्ष्य व गवाहों का परिसीलन कर न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने आरोपी को तीन साल का कारावास व तीन हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया। वहीं, छह छात्राओं को 70-70 हजार रुपये हर्जाना देने के आदेश दिए हैं।

# सीमा सुरक्षा व राष्ट्र निर्माण पर चर्चा

**हल्द्वानी:** सीमा जागरण मंच ने शुक्रवार को मुखानी स्थित संघ कार्यालय में बैठक आयोजित की। बैठक में बॉर्डर सुरक्षा, आंतरिक सुरक्षा, घुसपैठ, नशाखोरी और बदलती डेमोग्राफी जैसे गंभीर मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

मुख्य वक्ता प्रदेश संगठनकर्ता आशीष वाजपेयी ने युवाओं से अपील की कि वे जाति-पंथ से ऊपर उठकर देश की संस्कृति और अस्तित्व को बचाने में भाग लें और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने युवाओं को देश विरोधी तत्वों से सतर्क रहने व सीमा सुरक्षा के कार्यक्रमों में जुड़ने का संदेश भी दिया। बैठक में अमरनाथ, सुरेश चंद्र आर्य, प्रियंक मिश्रा, पंकज मलकानी, मीना राणा, मीना जोशी, विजय लक्ष्मी चौहान, कविता तिवारी, विद्या जोशी, कामिनी मिश्रा आदि रहे।

# गुड फ्राइडे पर चर्च में विशेष प्रार्थना


अल्मोड़ा के चर्च में शुक्रवार को गुड फ्राइडे पर प्रार्थना सभा में मौजूद इसाई समुदाय के लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** अल्मोड़ा में गुड फ्राइडे का पर्व आस्था पूर्वक मनाया गया। गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन कर प्रभु यीशु के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया। इस दौरान कहा गया कि गुड फ्राइडे मानवता को सबकुछ न्यौछावर करने का संदेश देता है। त्याग और बलिदान का प्रतीक गुड फ्राइडे पर यीशु को याद किया गया।

शुक्रवार को गुड फ्राइडे पर अल्मोड़ा एलआरसाह रोड स्थित बडन मेमोरियल चर्च में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। चर्च के मुख्य पादरी राबिंसन दास ने प्रभु यीशु के सात वचनों को रेखांकित किया। कहा कि प्रभु यीशु मसीह के वचनों के माध्यम से इंसानियत की राह पर चलने का ज्ञान देने वाला दिन है गुड फ्राइडे। उन्होंने प्रभु यीशु मसीह सात वचनों के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी। वहीं समुदाय के लोगों ने परमेश्वर यीशु के वचनों पर अमल करने का संकल्प लिया। इस मौके पर यहां संजीव मैसी, सुषमा डेविड, वॉयलेट पीटर, पंकज मैसी, वीटी विल्सन, रॉबिंसन दास, सुनील सिंह, रागिनी मैसी, सुशील डेविस आदि रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए तेज होगा आंदोलन

संवाददाता, लोहाघाट

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन के बैनर तले शिक्षक भवन लोहाघाट में विभिन्न कर्मचारी संगठनों एवं पदाधिकारियों की रणनीतिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) की बहाली को लेकर चर्चा की गई और आंदोलन को तेज करने की रूपरेखा तैयार की गई।

बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गोविंद मेहता ने की। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली कर्मचारियों का वैधानिक एवं नैतिक अधिकार है, जिसे हर हाल में हासिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मई माह में जनपद स्तर पर विशाल पेंशन रैली का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न विभागों के कर्मचारी, शिक्षक, अधिकारी और संगठन प्रतिनिधि बड़ी संख्या में भाग लेंगे। यह रैली सरकार पर दबाव बनाने का काम करेगी। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि नई पेंशन योजना और यूनिफाइड पेंशन स्कीम से सेवानिवृत्त कर्मचारियों का भविष्य असुरक्षित हो रहा है। पुरानी पेंशन व्यवस्था ही कर्मचारियों और उनके परिवारों के हित में है। इस दौरान मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संगठन के जीवन ओली, इंजीनियर संघ के गोपाल कालाकोटी, राजकीय शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष जगदीश सिंह अधिकारी, मंडलीय उपाध्यक्ष कैलाश फर्त्याल, नरेश जोशी, संजय कुमार, नवीन पांडेय, दिनेश जोशी और भास्कर पंत आदि रहे।

# 78 वाहन चालकों पर कार्रवाई

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** जिलेभर में ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस ने चेकिंग अभियान तेज कर दिया है। इस दौरान नियमों के उल्लंघन पर 78 लोगों पर चालानी कार्रवाई की गई। वहीं, वाहन चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग के लिए जागरूक किया गया।

एसएसपी चंद्रशेखर घोड़के ने जिले के सभी थाना और चौकी प्रभारियों को ऑपरेशन प्रहार के तहत वांछित अपराधियों, असामाजिक तत्वों, संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाए जाने को निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में पुलिस टीम ने जिलेभर के अलग-अलग स्थानों में चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान प्रमुख चौराहों, बाजार क्षेत्रों, मुख्य मार्गों एवं संवेदनशील स्थानों पर वाहनों की गहन जांच की गई। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई तथा बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ओवरस्पीडिंग, त्रुटिपूर्ण दस्तावेज, अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। वहीं, चेकिंग के दौरान कुल 78 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही कई वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए सख्त हिदायत दी गई। साथ ही सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया गया।


अल्मोड़ा में पुलिस ने यातायात चेकिंग अभियान चलाया। ● अमृत विचार

# दिव्यांगजनों के लिए बन रहा इंडोर बैडमिंटन हॉल

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** देहरादून में दिव्यांगजनों के लिए खेल सुविधाओं के विस्तार एवं उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में जिलाधिकारी सविन बसंल के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल की गई है। राज्य में प्रथमबार दिव्यांगजनों की मांग एवं उनकी विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ऋषिकेश क्षेत्र में उनके उपयोगार्थ एक आधुनिक इंडोर बैडमिंटन हॉल का निर्माण कराया जा रहा है, जिसका निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है।

जिला प्रशासन ने दिव्यांगजनों इंडोर बैडमिंटन हॉल निर्माण हेतु भूमि चयनित करते हुए 02 किश्तों में 62.67 लाख की राशि प्रदान की गई है जिसमें नगर निगम ऋषिकेश को प्रथम किस्त 25.41 लाख धनराशि पूर्व में जारी कर दी गई है शेष धनराशि 37.26 का अनुमोदित की कर दी गई है।

जिला प्रशासन की इस पहल से जहां मेधावी दिव्यांगजन खिलाडियों के लिए इंडोर बैडमिंटन हॉल की सुविधा मिलेगी वहीं प्रतिभावान दिव्यांग खिलाड़ियों को अपना हुनर दिखाने का अवसर मिलेगा जिससे छुपी हुई प्रतिभा सामने आ सकेंगी तथा राज्य, राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर देश एवं राज्य का नाम रोशन कर सकेंगे।

# सड़क निर्माण कार्य छह महीने से ठप

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** भैंसियाछाना विकासखंड के ग्राम पंचायत सुकना से ग्राम पंचायत पभ्या तक प्रस्तावित करीब 3.5 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य में हो रही देरी को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश भड़क गया है। मामले को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और शीघ्र निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग उठाई।

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि रौतेला के नेतृत्व में शुक्रवार को ज्ञापन देने पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण के लिए पिलर लगाए जा चुके हैं और वन विभाग द्वारा पेड़ों की छपान प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। इसके बावजूद लोक निर्माण विभाग और वन विभाग के बीच समन्वय के अभाव के चलते पिछले छह महीनों से निर्माण कार्य पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है। कहा कि पभ्या गांव मुख्य सड़क से करीब 9 किलोमीटर की कठिन चढ़ाई पर स्थित है, जिससे आवागमन बेहद कठिन बना हुआ है। गंभीर मरीजों और गर्भवती महिलाओं को समय पर अस्पताल तक पहुंचाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिलाधिकारी ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण के लिए 2.88 हेक्टेयर भूमि को शीघ्र स्वीकृति प्रदान कर दी गई है और संबंधित विभागों को तत्काल कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में ग्राम प्रधान जानकी देवी, गिरीश जोशी, मोहन चंद्र जोशी, विशन जोशी, हरीश भट्ट, शेखर जोशी रहे।


सड़क निर्माण की मांग को लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। ● अमृत विचार

## जेल नहीं बस जुर्माना

जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक 2026 राज्यसभा से पास होने के बाद कानून बनेगा। सरकार को यकीन है कि इस प्रस्तावित कानून के आने के बाद कारोबारी माहौल और सुगम, बेहतर तथा भयमुक्त होगा क्योंकि छोटे-मोटे अपराधों से जेल की सजा हटाकर उसे जुर्माने में बदला गया है और पहली बार कम गंभीर अपराध, छोटे मोटे अपराध, अपराध की श्रेणी से ही बाहर कर दिए गए हैं। इसे तर्क संगत तथा व्यावहारिक बनाने के लिए 79 केंद्रीय कानूनों के 784 संशोधनों किए गए, जिसे संसद की मंजूरी मिल गई है। यह ठीक है कि सामान्य अपराध में किसी व्यवसायी को जेल में डालकर अनुत्पादक भीड़ बढाने से बेहतर है जुर्माने के तौर पर उनसे कुछ धन हासिल किया जाए, जो ज्यादा सार्थक और उत्पादक कृत्य होगा। देश की अदालतों में जो तकरीबन पांच करोड़ मामले लंबित हैं, इसमें से साढ़े करोड़ से ज्यादा मामले आपराधिक हैं। इनमें से बहुतायत संख्या अत्यंत साधारण किस्म के आपराधिक आरोपों के हैं। ऐसे में यह कानून आया तो वह अदालतों से आपराधिक मामलों का और जेल प्रशासन से कैदियों के देखरेख का बोझ हटाने में सफल हो जाएगी।

साधारण या अनजाने में किए अपराधों से संबंधित अदालत में लंबित लाखों मुकदमों का निपटारा आसानी से और त्वरित तौर पर संभव होगा तथा धन, समय, ऊर्जा, संसाधन के अपव्यय का कारण बनने वाले इन लंबित मुकदमों की संख्या भी आगे नहीं बढेगी। साधारण मामलों वाले इन खिंचते मुकदमों के चलते जनता, अदालतें, सरकार और कारोबारी तथा दूसरे वर्ग परेशान होते थे। कानून के प्रभावी होने से अदालतें बेवजह के कागज पत्र, कार्रवाइयों के बोझ से कम दबेंगी कोर्ट के कामकाज में फुर्ती आएगी। साधारण अपराध में जेल जाने वाला व्यक्ति देश, समाज, परिवार के लिए बोझ बन जाता है और रिहा होने के बाद भी कलंक नहीं छूटता। सो बेहतर है कि जुर्माना भरकर अथवा अदालत से बाहर एक दंड राशि चुकाकर दोनों पक्ष समझौता कर अपराध और मुकादमा मुक्त हो लें। मोदी सरकार ने लोगों रहन-सहन एवं व्यापार करने में सुगमता, सुविधा लाने के लिए पिछले दशक भर से लगभग 40 हजार कानूनी प्रावधानों को सरल बना चुकी है। इस बार की कारगुजारी को जोड़ लें तो उसने 1562 कानूनी प्रावधानों को कानून की किताब से हटाया है।

यह सही है कि देश में प्रचलित 1536 कानूनों के 70 हजार प्रावधानों में से अधिकतर छोटे कारोबारियों के विकास में बाधा बनते हैं। ऐसे में सामान्य और कामकाज के दौरान असावधानी के चलते हो जाने वाले अपराधों के लिए जेल चले जाने का भय व्यापार के पारिस्थितिकी तंत्र और व्यापारी, निर्माता के व्यक्तिगत आत्मविश्वास के विकास में बाधा डालने वाला एक प्रमुख कारक है। सरकार का यह प्रयास उचित है कि वह व्यवस्था की अड़चनें कम करने के लिए वर्तमान की स्थिति के मद्देनजर पुराने नियमों में बदलाव करे और जो कारोबारी छोटे-छोटे अपराधों के कारण जेल की सजा और जुर्माने से डरते हैं। वे व्यवसायी और सरकारी एजेंसियां सामान्य या तकनीकी रूप से सामान्य उल्लंघनों के लिए जेल जाने की चिंता से निर्भय हो अपना काम करें।

### प्रसंगवश

## युद्ध और महिलाएं: पीड़िता से नेतृत्वकर्ता तक

युद्ध आज इतिहास का कोई दूरस्थ अध्याय नहीं है। यह एक जीवंत और पीड़ादायक वास्तविकता है। सूडान, गाजा और यूक्रेन जैसे क्षेत्रों में चल रहे संघर्ष हमें यह दिखा रहे हैं कि मानवता हर दिन परीक्षा से गुजर रही है। इस कठिन समय में एक सत्य अत्यंत स्पष्ट रूप से सामने आता है कि महिलाएं युद्ध में गहराई से पीड़ित होती हैं, फिर भी वे और अधिक सशक्त होकर उभरती हैं। सूडान में महिलाएं असहनीय हिंसा और असुरक्षा का सामना कर रही हैं, फिर भी वे अपने परिवारों की संरक्षक और सहारा बनकर आगे आ रही हैं। गाजा में महिलाएं विनाश के बीच जीवन को संजोए हुए हैं, जब सब कुछ टूट रहा है, तब भी वे परिवारों को एकजुट रख रही हैं। यूक्रेन में महिलाएं मानवीय सहायता का नेतृत्व कर रही हैं, समुदायों का पुनर्निर्माण कर रही हैं और आशा को जीवित रख रही हैं।




डॉ. तनु जैन
सीईओ, बरेली छावनी


यह पीड़ा और शक्ति का द्वंद्व हमें हमारे याद दिलाता है कि "यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवताः।" जहां महिलाओं का सम्मान होता है, वहां देवताओं का वास होता है, लेकिन आज हमें स्वयं से एक प्रश्न पूछना होगा कि यदि महिलाएं सहनशीलता और शक्ति की प्रतीक हैं, तो वे निर्णय लेने के उच्चतम मंचों पर अभी भी अनुपस्थित क्यों हैं? युद्ध केवल भूमि का विनाश नहीं है। यह विनाश है परिवारों का, मूल्यों का तथा समाज के ताने-बाने का और इस ताने-बाने को पुनः स्थापित करने के लिए केवल शक्ति नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, धैर्य और दूरदर्शिता की आवश्यकता होती है। ये वे गुण हैं, जिन्हें महिलाओं ने बार-बार सिद्ध किया है। आज के युद्ध अधिक जटिल, हिंसक और लंबे हो गए हैं। ये केवल हथियारों से नहीं, बल्कि विस्थापन, भूख, भय और मानसिक आघात से लड़े जा रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों में शांति केवल रणनीति से नहीं आ सकती। इसके लिए संवेदनशीलता और समावेशिता आवश्यक है और महिलाएं पहले से ही यह कार्य कर रही हैं। वे समुदायिक स्तर पर शांति स्थापित कर रही हैं, विश्वास को पुनः निर्मित कर रही हैं, बच्चों की शिक्षा को बनाए रख रही हैं और वहां सम्मान को पुनर्स्थापित कर रही हैं, जहां वह सबसे अधिक खो गया है। वे शांति का इंतजार नहीं कर रही हैं, वे शांति का निर्माण कर रही हैं। एक और प्राचीन विचार हमें मार्गदर्शन देता है कि "वसुधैव कुटुंबकम्" अर्थात यह संपूर्ण विश्व एक परिवार है। यदि यह विश्व वास्तव में एक परिवार है, तो महिला शक्ति के बिना शांति कैसे संभव है, जो परिवार को संजोकर रखती है?

आज हमारे सामने चुनौती केवल महिलाओं की पीड़ा को स्वीकार करने की नहीं है, बल्कि उनके नेतृत्व को पहचानने और उसे सशक्त करने की है। महिलाओं को आगे बढ़ना होगा। पीड़िता से शक्ति की ओर, मौन से नेतृत्व की ओर और बहिष्कार से सहभागिता की ओर, क्योंकि शांति केवल युद्ध की अनुपस्थिति नहीं है। शांति गरिमा, संतुलन और सामंजस्य का संगम है। यह भाव हमारे प्राचीन श्लोक में अत्यंत सुंदर रूप से व्यक्त होता है- "सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चिद् दुःखभाग्भवेत्।" अर्थात सभी सुखी हों, सभी निरोग हों, सभी शुभ देखें और कोई भी दुःख का भागी न बने। यदि यही हमारा लक्ष्य है, तो महिलाओं को केवल शांति प्रक्रिया में सहभागी नहीं बनाना होगा, बल्कि उन्हें उसका नेतृत्व सौंपना होगा। क्योंकि जब महिलाएं युद्ध के समय नेतृत्व करती हैं, तो शांति केवल अस्थायी नहीं रहती। वह स्थायी, सतत और मानवीय बन जाती है।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

## सत्ता-व्यापार गठजोड़ पर बालेन सरकार का शिकंजा






यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार


नेपाल की बालेन सरकार एक साथ कई मोर्चों पर लड़ रही है। राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों से खुली जंग के साथ सफेदपोश अपराधियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस बीच बालेन सरकार के वित्त मंत्री स्वर्णिम बाग्ले की काठमांडू में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव से मुलाकात भी चर्चा में है। इस मुलाकात की चर्चा इसलिए भी मायने रखती है, क्योंकि यह परंपरा से थोड़ा हटकर थी। परंपरा यह रही है कि जब भी नेपाल में सत्ता परिवर्तन होता है, तो सर्वप्रथम भारतीय राजदूत से पहली मुलाकात विदेश मंत्री अथवा प्रधानमंत्री की होती थी।

यद्यपि कि भारतीय राजदूत और नेपाल के वित्त मंत्री की यह मुलाकात बेहद गोपनीय रही फिर भी जब बालेन सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त राजनेताओं और सफेदपोश अपराधियों पर लगाम कस रही है, तो इस मुलाकात के तरह-तरह के मायने निकाला जाना लाजिमी है। वह भी तब जब भ्रष्ट नेपाली नेताओं और भ्रष्ट अफसरों के तार भारत से जुड़े हुए हों। इस मुलाकात की एक बात यह भी हो सकती है कि चुनाव के बीच भारत ने नेपाल को भारतीय आठ सौ करोड़ की अनुदान राशि उपलब्ध कराई है, इस पर भी चर्चा संभव है। जहां तक बालेन सरकार के भ्रष्ट राजनेताओं पर शिकंजा कसने की बात है, तो वह केवल के पी शर्मा ओली और रमेश लेखक, महेश बस्नेत और पूर्व उर्जा मंत्री की गिरफ्तारी तक ही सीमित नहीं है। एमाले के अन्य नेता भी निशाने पर हैं।

नेपाली कांग्रेस नेता और पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी आरजू राणा सहित इस पार्टी के अन्य नेता भी भ्रष्टाचार के आरोप से घिरे हुए हैं। माओवादी केंद्र के अध्यक्ष पूर्व पीएम प्रचंड और पूर्व पीएम बाबू राम भट्टराई पर भी भ्रष्टाचार के आरोप है। पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा सपत्नीक अभी भारत में थे अब उनके थायलैंड में होने की चर्चा है शायद किसी बीमारी के इलाज के सिलसिले में। जाहिर भ्रष्टाचार में लिप्त नेपाली नेताओं का सुरक्षित ठिकाना भारत हो सकता है। भारतीय राजदूत और नेपाली वित्त मंत्री के मुलाकात में यह भी चर्चा का विषय हो सकता है।

बालेन सरकार के भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम में जिलाधिकारी स्तर के एकाध नेपाली अफसर भी सलाखों के पीछे हुए हैं। इसके बाद अभी मनी लांड्रिंग मामले में जो एक बड़े व्यवसाई की गिरफ्तारी हुई है, उससे व्यवसाय की आड़ में अवैध तरीके से धन अर्जन का चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। इससे काठमांडू अथवा नेपाल में कहीं भी व्यवसाय की आड़ में लूट खसोट करने वाले सफेदपोशों में दहशत फैल गई है। गिरफ्तार किए गए दीपक भट्ट नाम के व्यवसायी का जो बैकग्राउंड सामने आया है वह काफी चौंकाने वाला है और यह भी नेपाल जैसे छोटे देश में भी भ्रष्टाचार की जड़ें इतने गहरे तक है।

नेपाली कांग्रेस नेता शेर बहादुर देउबा के चुनाव क्षेत्र डोडुलधुरा का रहने वाले दीपक भट्ट का संबंध नेपाली कांग्रेस के नेताओं के अलावा हर पार्टी के पूर्व प्रधानमंत्रियों से काफी निकट के रहे हैं। एक से बढ़कर एक काले कारनामों से लैस इस व्यवसायी की जब कुंडली खंगाली कई तो प्याज के छिलके की तरह भ्रष्टाचार से जुड़े उसके ढेर सारे कारनामें सामने आने लगे। इसमें एक तो यह भी कि डॉ. बाबू राम भट्टराई से उसके तार बहुत मजबूती से जुड़े हुए थे, जब वे प्रधानमंत्री थे। बाबूराम भट्टराई से उसकी मुलाकात सत्ता रूढ़ दल के एक सांसद ने कराई थी, जब वे नेपाली कांग्रेस में थे। डॉ. बाबू राम भट्टराई बहुत ज्यादा समय तक प्रधानमंत्री नहीं रहे, लेकिन जितने दिन भी थे, सत्ता के गलियारे में दीपक भट्ट की तूती बोलती थी। दीपक भट्ट अपनी एक कंपनी के मार्फत बड़ा व्यावसायिक साम्राज्य खड़ा कर लिया था। इसी समय नेपाल पुलिस को हथियार सप्लाई की दलाली में भी इसके हाथ सने हुए पाए गए।

44 वर्षीय दीपक भट्ट काठमांडू के सानेपा क्षेत्र में रहता है। काठमांडू का यह क्षेत्र दिल्ली की लुटियंस जोन की तरह चर्चित राजनीतिक गलियारा है। यहां राजनीतिक दलों के कार्यालय और नेताओं के आवास हैं। पिछले दो दशक से इस शख्स की हैसियत इतनी थी कि यह न केवल गठबंधन दलों की सरकार बनाने बिगाड़ने की कुव्वत रखता था, संसद की राज्य व्यवस्था और सार्वजनिक लेखा समिति तक को प्रभावित करता था। दीपक भट्ट के खिलाफ वित्त मंत्रालय ने गोपनीय जांच के आदेश दिए थे और जब उसके खिलाफ पुख्ता सबूत जुटा लिए गए, तब दो अप्रैल को उसे काठमांडू के नक्सल क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

सीबीआई के प्रवक्ता शिव कुमार श्रेष्ठ द्वारा उसकी गिरफ्तारी की पुष्टि करते ही नेपाल के सफेदपोश अपराधियों में खलबली मच गई। दीपक भट्ट इस समय 'इन्फिनिटी होल्डिंग्स नामक एक के प्रमुख डायरेक्टर है। आरोप है कि वह सत्ता की गठजोड़ से इसी कंपनी के माध्यम से उसने जलविद्युत, हथियार, हेलिकॉप्टर समेत विभिन्न विदेशी कंपनियों के एजेंट के रूप में काम करते हुए अवैध कारोबार का विशाल साम्राज्य खड़ा कर लिया। दीपक भट्ट का नेपाल के ट्रैवल एजेंसी, होटल, रियल एस्टेट, कंसल्टेंसी, बीमा और लघु वित्त जैसे क्षेत्रों में भी सीधी और परोक्ष संलिप्तता बताई जाती है। सरकार ने उसके खिलाफ संपत्ति शुद्धीकरण मामले में विस्तृत जांच शुरू की थी, जिसके तहत अध्यागमन विभाग ने उसे काली सूची में डालते हुए उसके विदेश यात्रा पर रोक लगा दी थी। फिलहाल, भट्ट, उनकी कंपनी और उससे जुड़े सभी संपत्तियों की गहन जांच जारी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

> एक से बढ़कर एक काले कारनामों से लैस इस व्यवसायी की जब कुंडली खंगाली कई तो प्याज के छिलके की तरह भ्रष्टाचार से जुड़े उसके ढेर सारे कारनामें सामने आने लगे। इसमें एक तो यह भी कि डॉ. बाबू राम भट्टराई से उसके तार बहुत मजबूती से जुड़े हुए थे, जब वे प्रधानमंत्री थे।

### आमने सामने



हमने खाड़ी में चल रहे संघर्ष के दौरान व्यक्तिगत रूप से फ्रांस से सैन्य सहायता का अनुरोध किया था, लेकिन पेरिस ने इसमें शामिल होने से इनकार कर दिया। हमें उनकी जरूरत नहीं थी, फिर भी मैंने उनसे पूछा। मैक्रों की पत्नी उनके साथ बेहद बुरा बर्ताव करती हैं। वह अभी भी अपने जबड़े पर लगे जोरदार वार से उबर रहे हैं।
**–डोनाल्ड ट्रंप**, राष्ट्रपति अमेरिका

यह टिप्पणी न तो शालीन है और न ही उस स्तर की है, जिसकी उम्मीद किसी राष्ट्राध्यक्ष से की जाती है। हमें गंभीर होना चाहिए। यह नहीं होना चाहिए कि हम आज कुछ कहें और अगले ही दिन उसके उलट बात करने लगें। दुनिया में जब इतने गंभीर संकट चल रहे हों, तब ऐसे बचकाने बयानों की कोई जगह नहीं होनी चाहिए।
**–इमैनुएल मैक्रों**, राष्ट्रपति, फ्रांस



## पश्चिम बंगाल में उच्च शिक्षा का बदलता परिदृश्य




डॉ. इंद्रनील बोस
शिक्षाविद


भारत में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है। नई शिक्षा नीति और वैश्वीकरण की दिशा में बढ़ते कदमों के चलते देश ने विदेशी विश्वविद्यालयों के लिए अपने द्वार खोल दिए हैं। इस पहल का उद्देश्य भारतीय छात्रों को विश्वस्तरीय शिक्षा अपने ही देश में उपलब्ध कराना, प्रतिभा पलायन को कम करना और शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण तैयार करना है। इस संदर्भ में कई प्रतिष्ठित विदेशी विश्वविद्यालयों ने भारत के विभिन्न राज्यों में अपने परिसरों की स्थापना शुरू कर दी है, लेकिन इस बदलते परिदृश्य में कोलकाता और व्यापक रूप से पश्चिम बंगाल की स्थिति चिंताजनक दिखाई देती है।

भारत के कई राज्य इस अवसर को तेजी से भुनाने में सफल रहे हैं। गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और दिल्ली एनसीआर जैसे क्षेत्रों ने विदेशी विश्वविद्यालयों को आकर्षित करने के लिए नीतिगत सुधार, निवेश अनुकूल वातावरण और बुनियादी ढांचे का विकास किया है। इन राज्यों में पहले से ही उद्योग, तकनीक और नवाचार का मजबूत आधार मौजूद है, जिससे विदेशी संस्थानों के लिए यह क्षेत्र स्वाभाविक रूप से आकर्षक बन जाते हैं।

इन राज्यों की सरकारों ने न केवल नीतिगत समर्थन दिया है, बल्कि भूमि उपलब्धता, प्रशासनिक प्रक्रियाओं में सरलता और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिए स्पष्ट रोडमैप भी तैयार किया है। इसका परिणाम यह हुआ कि यूके, ऑस्ट्रेलिया और अन्य पश्चिमी देशों के विश्वविद्यालयों ने इन राज्यों में अपने परिसरों की स्थापना शुरू कर दी है। इससे स्थानीय छात्रों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा सुलभ हो रही है और रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं। इसके विपरीत, कोलकाता, जो कभी भारत का बौद्धिक और शैक्षणिक केंद्र माना जाता था, आज इस दौड़ में पीछे छूटता नजर आता है।

पश्चिम बंगाल में किसी भी विदेशी विश्वविद्यालय द्वारा परिसर स्थापित करने में रुचि न दिखाना कई गंभीर प्रश्न खड़े करता है। यह स्थिति केवल संयोग नहीं है, बल्कि इसके पीछे कई गहरे कारण हैं। पहला और सबसे महत्वपूर्ण कारण है राज्य सरकार की ओर से स्पष्ट और प्रभावी पहल का अभाव। जहां अन्य राज्य विदेशी निवेशकों और शैक्षणिक संस्थानों को आकर्षित करने के लिए सक्रिय हैं, वहीं पश्चिम बंगाल में ऐसी कोई ठोस रणनीति दिखाई नहीं देती। नीतिगत अस्पष्टता और धीमी प्रशासनिक प्रक्रियाएं संभावित निवेशकों के लिए बाधा बनती हैं।

दूसरा कारण सामाजिक मानसिकता से जुड़ा हुआ है। मध्यम वर्गीय बंगाली समाज, जो ऐतिहासिक रूप से शिक्षा और बौद्धिकता के लिए जाना जाता रहा है, आज भी कई मामलों में पारंपरिक और रूढ़िवादी सोच से प्रभावित है। परिवर्तन के प्रति झिझक और नई पहल के प्रति संदेह, आधुनिक शिक्षा मॉडल को अपनाने में बाधा उत्पन्न करते हैं। किसी भी क्षेत्र में उच्च शिक्षा का विकास उद्योग और आर्थिक गतिविधियों से गहराई से जुड़ा होता है। जिन राज्यों में उद्योग, आईटी सेक्टर और स्टार्टअप इकोसिस्टम मजबूत है, वहां शिक्षा संस्थानों के लिए अवसर अधिक होते हैं।

दुर्भाग्यवश, पश्चिम बंगाल इस मामले में पिछड़ गया है। राज्य में लंबे समय से उद्योगों का पलायन, निवेश की कमी और रोजगार के सीमित अवसरों ने एक नकारात्मक चक्र बना दिया है। जब उद्योग नहीं होंगे, तो छात्रों के लिए रोजगार के अवसर कम होंगे और जब अवसर कम होंगे, तो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संस्थान भी वहां आने में रुचि नहीं दिखाएंगे। यही कारण है कि विदेशी विश्वविद्यालय उन राज्यों को प्राथमिकता देते हैं, जहां उन्हें छात्रों के साथ-साथ उद्योगों से भी जुड़ने का अवसर मिलता है। कोलकाता कभी कलकत्ता विश्वविद्यालय और प्रेसीडेंसी कॉलेज जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के कारण शिक्षा का केंद्र था। यहां से कई महान विद्वान, वैज्ञानिक और विचारक निकले हैं, लेकिन वर्तमान में यह विरासत आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित नहीं हो पाई है।

आज की शिक्षा केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं है, इसमें शोध, नवाचार, उद्योग सहयोग और वैश्विक एक्सपोजर की आवश्यकता होती है। यदि कोई क्षेत्र इन आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पाता, तो वह धीरे-धीरे पीछे छूट जाता है। हालांकि स्थिति चुनौतीपूर्ण है, लेकिन असंभव नहीं। पश्चिम बंगाल यदि सही दिशा में कदम उठाए, तो वह फिर से अपनी शैक्षणिक पहचान को पुनर्स्थापित कर सकता है। इसके लिए कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाने होंगे। पहला यह कि विदेशी विश्वविद्यालयों के लिए स्पष्ट, पारदर्शी और आकर्षक नीतियां बनाई जाएं। दूसरा- आधुनिक कैंपस, रिसर्च सुविधाएं और टेक्नोलॉजी आधारित वातावरण तैयार किया जाए। तीसरा- निवेश को आकर्षित करने के लिए उद्योग अनुकूल नीतियां लागू की जाएं। चौथा- समाज में नवाचार और परिवर्तन को स्वीकार करने की प्रवृत्ति विकसित की जाए। पांचवां- वैश्विक संस्थानों के साथ साझेदारी को बढ़ावा दिया जाए। भारत के उच्च शिक्षा क्षेत्र में हो रहे बदलाव एक बड़ा अवसर प्रस्तुत करते हैं।

जहां कई राज्य इस अवसर का लाभ उठा रहे हैं, वहीं पश्चिम बंगाल को अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। यदि सही कदम उठाए जाएं, तो पश्चिम बंगाल फिर से शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बन सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

> इस संदर्भ में कई प्रतिष्ठित विदेशी विश्वविद्यालयों ने भारत के विभिन्न राज्यों में अपने परिसरों की स्थापना शुरू कर दी है, लेकिन इस बदलते परिदृश्य में कोलकाता और व्यापक रूप से पश्चिम बंगाल की स्थिति चिंताजनक दिखाई देती है।

### सोशल फोरम

## ईरान पर विपरीत रुख

अमेरिका और यूरोपीय देश दोनों ईरान के मुद्दे पर विपरीत रुख वाले दिख रहे हैं। नाटो पहली बार इस तरह विभाजित है। लग सकता है कि पश्चिम दोफाड़ है, पर यह भ्रम हो सकता है। पश्चिम की छवि उदारवाद के प्रवक्ता के रूप में बनाई गई है। एक हद तक यह सही है कि पश्चिम ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता, लोकतंत्र, बंधुत्व, समता, कानून के शासन आदि उच्च मूल्यों को प्रतिष्ठित किया, पर वह केवल अपने देशों के भीतर उदार था। सबको पता है कि उसी घड़ी वह उपनिवेशितों के प्रति अत्यंत कठोर, षड्यंत्री और नियंत्रणशील था। अमेरिका और यूरोपीय देश आज प्रति-ध्रुव की तरह दिखते हैं। नए दौर में सारे पश्चिमी देशों में ही 'अमेरिका फर्स्ट' की ही तरह 'नेशन फर्स्ट' ही मुख्य नारा बन रहा है।




शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता


अमेरिका सहित हर पश्चिमी देश में उदारवाद पर दक्षिणपंथ भारी हो चुका है। इसलिए यदि अमेरिका से यूरोपीय देश अपना स्वतंत्र रास्ता पकड़ रहे हैं, तो यह विश्व में 'बहुकेंद्रिक अंध-राष्ट्रवाद' से भिन्न कुछ नहीं है। बहुकेंद्रित अंध-राष्ट्रवाद वैश्विक स्तर पर समस्याओं के सामूहिक समाधान में विफलता का नतीजा है, जो सभ्यता के शिखर पर एक विस्मयजनक त्रासदी है। 'नेशन फर्स्ट' अंततः 'पॉपुलिज्म' की तरफ ले जाता है, 'पहचान की राजनीति' हर चीज पर भारी हो जाती है और तर्क तथा मानव हित आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था टूट जाती है। 'नेशन फर्स्ट' से अमेरिकी डॉलर मजबूत हुआ है, दादागिरी बढ़ी है। इन सबका नतीजा है विश्व में सहयोग के स्थान पर नकारात्मक प्रतिस्पर्धा का बढ़ना और नैतिकता के स्थान पर ताकत की प्रधानता।

इससे विश्व में अराजकता, आर्थिक अस्थिरता और सामाजिक विभाजन बढ़ेगा। महंगाई और बेरोजगारी बढ़ेगी। लोकतांत्रिक गिरावट पाताल छू लेगी। अतः मुझे लगता है कि अमेरिका और यूरोपीय देश की इस तात्कालिक प्रति-ध्रुवता पर ज्यादा प्रफुल्लित होने की जरूरत नहीं है। दरअसल यूरोपीय देश भी धीरे-धीरे अमेरिका की तरह होते जाएंगे। भारत में छोटे-छोटे अमेरिका बन ही चुके हैं, छोटे-छोटे ट्रंप पहले से हैं। क्या यह सब चिंताजनक नहीं है? वास्तविकता शायद इन दोनों के बीच है-संकट भी है और संभावनाएं भी। जहां तक भारत में "छोटे–छोटे ट्रंप" की बात है-यह एक तीखा रूपक है, लेकिन पूरी वास्तविकता नहीं हो सकती है। भारत जैसे समाज में विविधता इतनी गहरी है कि एकरूप राजनीतिक व्यवहार स्थायी नहीं हो सकता। यहां प्रतिरोध और वैकल्पिक विचारधाराएं भी साथ-साथ चलती हैं।

**–फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## विकास और विश्वास की नई विजयगाथा

भारत ने लंबे समय तक जिस आंतरिक चुनौती का सामना किया, वह नक्सलवाद के रूप में देश के अनेक हिस्सों में फैली रही। यह समस्या केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित नहीं थी, बल्कि इसने सामाजिक, आर्थिक और मानवीय जीवन को भी गहराई से प्रभावित किया। दशकों तक आदिवासी क्षेत्रों में भय, असुरक्षा और पिछड़ापन बना रहा। गांवों में विकास की रफ्तार थम गई और लोगों का भरोसा व्यवस्था से डगमगाने लगा। आज जब देश नक्सलवाद के अंत की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ा चुका है, तब यह आवश्यक हो जाता है कि इस परिवर्तन के पीछे की नीति, संकल्प और प्रयासों को समझा जाए।




कांतिलाल मांडोत
लेखक


गृह मंत्रालय के नेतृत्व में बीते वर्षों में जो रणनीति अपनाई गई, वह बहुआयामी रही। केवल सुरक्षा बलों की तैनाती तक सीमित न रहकर सरकार ने विकास और विश्वास दोनों को साथ लेकर चलने का प्रयास किया। यही कारण है कि जिन क्षेत्रों में कभी बंदूक की आवाज गूंजती थी, वहां आज स्कूल खुल रहे हैं, सड़कें बन रही हैं और जीवन सामान्य हो रहा है। यह बदलाव अचानक नहीं आया, बल्कि इसके पीछे वर्षों की योजनाबद्ध मेहनत और स्पष्ट नीति रही है। कई ऐसे क्षेत्र भी रहे, जहां आर्थिक स्थिति कमजोर थी, फिर भी वहां नक्सलवाद नहीं पनपा। इससे स्पष्ट होता है कि यह केवल आर्थिक नहीं, बल्कि वैचारिक और रणनीतिक चुनौती भी थी। वामपंथी उग्रवाद ने आदिवासी समाज को प्रभावित कर उन्हें मुख्यधारा से दूर करने का प्रयास किया। स्कूलों को जलाना, विकास कार्यों में बाधा डालना और भय का वातावरण बनाना इसी रणनीति का हिस्सा रहा। इन परिस्थितियों को समझते हुए गृह मंत्रालय ने अपनी नीति को सुदृढ़ बनाया। सुरक्षा बलों को आधुनिक संसाधनों से लैस किया गया, खुफिया तंत्र को मजबूत किया गया और स्थानीय पुलिस को सशक्त किया गया। साथ ही आत्मसमर्पण नीति को प्रभावी रूप से लागू किया गया, जिससे बड़ी संख्या में नक्सली मुख्यधारा में लौटे। यह केवल सुरक्षा की सफलता नहीं, बल्कि सामाजिक पुनर्वास का भी उदाहरण है। बस्तर जैसे क्षेत्रों में आया परिवर्तन इस नीति की सफलता का प्रमाण है, जहां कभी प्रशासन की पहुंच सीमित थी, वहां आज सरकारी योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू हो रही हैं। राशन, स्वास्थ्य और पहचान से जुड़ी सुविधाएं सीधे लोगों तक पहुंच रही हैं। इससे लोगों का विश्वास बढ़ा है और वे हिंसा से दूर होकर विकास की राह पर आगे बढ़ रहे हैं।

सरकार ने यह संदेश दिया है कि हिंसा का मार्ग स्वीकार्य नहीं है, साथ ही भटके हुए लोगों को मुख्यधारा में लौटने का अवसर भी प्रदान किया गया है। इस संतुलित दृष्टिकोण के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। हिंसा की घटनाओं में कमी आई है और आत्मसमर्पण की संख्या में वृद्धि हुई है। सबसे महत्वपूर्ण परिवर्तन यह है कि अब आदिवासी समाज स्वयं इस बदलाव का सहभागी बन रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की बढ़ती उपलब्धता ने नई पीढ़ी को नई दिशा दी है। अब वे हथियार नहीं, बल्कि विकास और अवसरों को अपना लक्ष्य बना रहे हैं। नक्सलवाद के अंत की यह यात्रा केवल सरकार की उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझा सफलता है। सुरक्षा बलों का साहस, प्रशासन की प्रतिबद्धता और आम नागरिकों का सहयोग इन सभी ने मिलकर यह परिवर्तन संभव किया है। आज आवश्यकता इस बात की है कि इस उपलब्धि को स्थायी बनाया जाए। विकास की गति निरंतर बनी रहे और यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी क्षेत्र पुनः पिछड़ेपन और असुरक्षा की ओर न लौटे। यही नक्सलवाद के स्थायी अंत की सच्ची गारंटी होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

नौकरी से रिटायरमेंट अपने साथ अकेलापन लेकर आता है। कुछ लोग इसे स्वीकार कर लेते हैं और कुछ निकल पड़ते हैं खुशियां बिखेरने के लिए। बरेली के कुछ रिटायर 'नौजवानों' ने जिंदगी को जी भरकर जीने का फैसला किया। उन्होंने देशभर के ही नहीं, दुनिया के दूसरे देशों के लोगों को भी अपनी मंडली में शामिल किया और बनाया एक ऐसा अनूठा ग्रुप, जो हर संडे के तीसरे पहर सुरों की महफिल सजाते हैं। इंटरनेट के पंखों पर सवार यह 'सुरीले नौजवान' जूम के जरिए अपने-अपने घरों से जुड़ते हैं। मजेदार बात यह है कि हर प्रोग्राम की एक थीम होती है। कभी सिर्फ साहिर के लिखे गीत गाए जाते हैं, तो कभी सिर्फ मन्ना डे के गाए गीत। अहम यह भी है कि इस ग्रुप में आधी संख्या महिलाओं की है। ग्रुप में अमेरिका और आस्ट्रेलिया से भी मेंबर हैं। इस ग्रुप का नाम है गा लो-मुस्कुरा लो।

*–कुमार रहमान, बरेली*



# जिंदगी को जी भरकर जीना है

### हर बार नया बैकग्राउंड

हर प्रोग्राम का एक नया बैक ग्राउंड होता है। इसे अरुण शर्मा खुद डिजाइन करते हैं। इसमें थीम के हिसाब से बैकग्राउंड होता है। ऊपर की तरफ थीम का नाम और नीचे उस दिन की तिथि और सन। जैसे साहिर लुधियानवी के स्पेशल प्रोग्राम की डिजाइन में उनकी एक तस्वीर थी और कुछ म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट। इसे रिकॉर्ड में भी रखा जाता है।

### यूट्यूब चैनल भी

ग्रुप का अपना यूट्यूब चैनल भी है। हर संडे को होने वाले प्रोग्राम की बाकायादा रिकॉर्डिंग और एडिटिंग की जाती है। उस वीडियो को सभी मेंबरों को भेजने के साथ ही यूट्यूब पर भी अपलोड किया जाता है।

### ऑफलाइन भी होता है प्रोग्राम

ग्रुप हर तीसरे महीने मंच पर भी प्रोग्राम का आयोजन करता है। इसमें ग्रुप से बाहर के लोग भी शिरकत करते हैं। यह काफी लोकप्रिय आयोजन है। इसे हर तीसरे महीने आयोजित किया जाता है। अब तक इसके 19 आयोजन हो चुके हैं।



### बरेली की नीरा जुड़ती हैं अमेरिका से

नीरा इस ग्रुप की एक्टिव मेंबर हैं। वह डेढ़ साल से इस ग्रुप से जुड़ी हैं। नीरा यहां बिहारीपुर में रहती थीं। उनके पिता दिवंगत रघुवीर नारायण मेहरोत्रा तिलक इंटर कॉलेज में टीचर थे। नीरा ने साहूराम स्वरूप महिला डिग्री कॉलेज से संगीत (गायन) में पीएचडी की है। शादी के बाद वह अमेरिका चली गईं। उन्होंने बताया कि उन्हें संडे का बेसब्री से इंतजार रहता है। उस वक्त अमेरिका में सुबह का वक्त रहता है। इस प्रोग्राम में शामिल होकर उनका पूरा दिन संगीतमय हो जाता है।

### आस्ट्रेलिया से जुड़ते हैं अरविंद

अरविंद वर्मा पटना के हैं। बरेली उनकी ससुराल है। वह बरेली में स्टेट बैंक में मैनेजर थे। बरेली में सात साल रहे। बाद में आस्ट्रेलिया जा बसे। उन्हें भी इस प्रोग्राम की प्रतीक्षा रहती है। वह एक साल से इस ग्रुप से जुड़े हैं। वह आमतौर पर मन्ना डे, किशोर कुमार, तलत महमूद और हेमंत कुमार को गाना पसंद करते हैं।



### कब बना ग्रुप

वह 21 अप्रैल 2021 का दिन था। कोविड के खौफ भरे दिन। जिंदगी बचाने की जद्दोजहद के बीच अकेले और खामोश दिन। सभी अपने-अपने घरों में कैद। तनाव भरे इन पलों में अरुण कुमार शर्मा के जेहन में ख्याल आया कि क्यों न एक ग्रुप बनाया जाए, जिसमें सभी लोग ऑनलाइन जुड़ें और गीत-संगीत की महफिल सजाई जाए। उन्होंने यह विचार पत्नी कंचन शर्मा को बताया। वह तैयार हो गईं। अरुण शर्मा बैंक ऑफ बड़ौदा में चीफ मैनेजर थे और अब रिटायर हो गए हैं। फोन पर यह बात उन्होंने अपने दोस्त अशोक कुमार सक्सेना को बताई। अशोक कुमार डाकघर में प्रवर अधीक्षक थे और वह भी रिटायर हो गए हैं। उन्हें भी ख्याल जंच गया। उसी दिन सभी जूम ऐप के जरिए ऑनलाइन जुड़े और सजा ली संगीत संध्या। पहले प्रोग्राम में सात लोग थे, लेकिन दूसरा आयोजन अपने साथ निराशा लाया। सदस्यों की संख्या बढ़ने के बजाए घटकर दो रह गई। आज ग्रुप में 150 सदस्य हैं, जिनमें एक्टिव मेंबर 70 के आसपास हैं। ज्यादातर रिटायर्ड लोग हैं। बरेली के अलावा लखनऊ, कानपुर, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, आगरा, मुंबई, बीकानेर, इंदौर के साथ ही अमेरिका और आस्ट्रेलिया से लोग शामिल होते हैं। बरेली से तकरीबन 25 लोग इस ग्रुप में हैं। अब ग्रुप को रजिस्टर्ड भी करा लिया गया है और इसका नाम हो गया है 'गा लो-मुस्कुरा लो' वेल्फेयर सोसायटी। यह सोसायटी वेल्फेयर के काम भी करती है। इसके अध्यक्ष अशोक कुमार सक्सेना और सचिव अरुण कुमार शर्मा हैं। श्री शर्मा कहते हैं कि पत्नी कंचन शर्मा के बिना यह आयोजन हो पाना संभव नहीं है। उनका बराबर का सहयोग रहता है।




### कैसे होता है आयोजन

इसका आयोजन हर संडे को शाम चार बजे होता है और रात आठ बजे तक चलता है। टीम ने वाट्सऐप पर एक ग्रुप बना रखा है। प्रोग्राम में शामिल होने वाले साथी रविवार को दोपहर दो बजे तक अपना नाम और गाना ग्रुप में भेज देते हैं। अरुण शर्मा इसे कोआर्डिनेट करते हैं और एक लिस्ट बनाते हैं। फिर पौने चार बजे तक सभी जूम ऐप पर ऑनलाइन जुड़ जाते हैं और अपने क्रम के हिसाब से गीत पेश करते हैं। खास बात यह है कि गीत के साथ संगीत भी होता है। इसके लिए एक ऐप का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें डूइट भी गाते हैं। अब तक इसके 289 प्रोग्राम हो चुके हैं।

### संगीत ने खालीपन किया दूर



ग्रुप के अध्यक्ष अशोक कुमार सक्सेना ने बताया कि अरुण शर्मा के प्रोत्साहन से अब उन्होंने भी गाना शुरू किया है। इससे पहले उन्होंने कभी सार्वजनिक तौर पर गाने के बारे में सोचा भी नहीं था। वह कहते हैं, "संगीत ने रिटायरमेंट के खालीपन को भर दिया।" वह बरेली में सुरेश शर्मा नगर में रहते हैं। उन्होंने बताया कि ग्रुप में बहुत सारी ऐसी महिलाएं हैं, जिन्होंने पतियों के प्रोत्साहन से अब गाना शुरू किया है।



### फिजी रेडियो में गाते थे नीरज

नीरज टंडन बरेली के बैंक ऑफ बड़ौदा में एजीएम हैं। वह और उनकी पत्नी नीतू टंडन भी बराबर प्रोग्राम में शरीक होते हैं। नौकरी के सिलसिले में वह कई देशों में रहे हैं। वह बीओबी की फिजी ब्रांच में भी रहे। इस दौरान उन्होंने रेडियो फिजी में काफी प्रोग्राम किए। वह वहां गीत प्रस्तुत किया करते थे। इसे काफी पसंद किया जाता था। सिंगिंग उनका बचपन का पैशन है।

---

**जॉब का पहला दिन**

## जब जिम्मेदारी ने गौरव का रूप लिया

मेरे जीवन की किताब में कुछ पन्ने ऐसे हैं, जिन्हें मैं जब भी पलटती हूं, तो उनकी चमक आज भी ताजा महसूस होती है। उन्हीं में से एक सबसे महत्वपूर्ण और यादगार पन्ना है 1 अगस्त 2011 का, जब पहली बार मैं बाराबंकी के मुंशी रघुनंदन प्रसाद सरदार पटेल महिला महाविद्यालय के प्राचार्या से मिली तो प्राचार्या ने कहा कि हमारे कॉलेज की बस प्रतिदिन लखनऊ से आती है, जिससे आपको यहां आने में कोई असुविधा नहीं होगी।



डॉ. रचना श्रीवास्तव
अवध विश्वविद्यालय अयोध्या

विश्वविद्यालय में मेरे बतौर प्रोफेसर चयन की कहानी बड़ी दिलचस्प है। मैं एक बार दूरदर्शन का एक प्रोग्राम कर रही थीं। उस प्रोग्राम को विश्वविद्यालय की प्राचार्या भी देखकर रहीं थीं। उनको मेरी गायकी बहुत पसंद आई और मेरी प्रतिभा से प्रभावित होकर मुझे मिलने के लिए बुलाया। प्राचार्य ने साक्षात्कार के बाद स्टाफ के सदस्य को बुलाकर उसे स्टॉफ रूम ले जाने को कहा। स्टॉफ रूम में सभी सदस्य साड़ी पहने थीं। क्योंकि इस कॉलेज में साड़ी कंपलसरी थी,मैं भी साड़ी में ही गई थी। जिसे देखकर मेरे मन में आत्मविश्वास बढ़ा। यह देखकर मुझे परिसर परिवार जैसा लगने लगा।

उस सुबह की हवा में एक हल्की सी ठंडक थी, जो मन में उमड़ते उत्साह और आशंकाओं के बीच एक सुकून दे रही थी। जब मैंने विश्वविद्यालय के विशाल और हरे-भरे परिसर में कदम रखा, तो एक अजीब सा गर्व महसूस हुआ। वह शैक्षणिक वातावरण, विभागों की पुरानी, लेकिन भव्य इमारतें और छात्रों की चहल-पहल सब कुछ जैसे मुझे पुकार रहा था। मुझे अहसास हुआ कि आज से मेरी पहचान केवल एक व्यक्ति के रूप में नहीं, बल्कि राष्ट्र के निर्माता यानी एक 'शिक्षक' के रूप में होने वाली है।

विभाग पहुंचते ही विभागाध्यक्ष ने जिस गर्मजोशी से मेरा स्वागत किया, उसने मेरी सारी हिचकिचाहट को पल भर में दूर कर दिया। सहकर्मियों का वह सहज और सहयोगी व्यवहार



मेरे लिए किसी वरदान से कम नहीं था, लेकिन असली चुनौती अभी बाकी थी। औपचारिकताओं के बीच मुझे बताया गया कि आज ही मेरी पहली कक्षा है। यह सुनकर मन में उत्साह तो था, पर साथ ही एक अनजानी घबराहट ने भी दस्तक दी।

जब मैं कक्षा के द्वार पर पहुंची, तो दर्जनों उत्सुक निगाहें मेरी ओर मुड़ गईं। वह मेरा पहला व्याख्यान था। मैंने अपनी आवाज को संयत किया और सहजता से संवाद शुरू किया। शुरुआत में शब्दों में थोड़ी झिझक थी, लेकिन जैसे ही मैंने विषय की गहराई में उतरना शुरू किया, मेरा आत्मविश्वास लौट आया। मैंने कोशिश की कि मैं केवल 'पढ़ाऊं' नहीं, बल्कि 'जुड़ूं'। जब छात्रों ने सवाल पूछना शुरू किया और कक्षा एक जीवंत चर्चा में तब्दील हो गई, तब मुझे लगा कि मैं अपनी बात उन तक पहुंचाने में सफल रही हूं।

कक्षा के बाद जब कुछ छात्र अपनी जिज्ञासाएं लेकर मेरे पास आए, तो मुझे एक बड़ी सच्चाई का अनुभव हुआ। एक शिक्षक केवल सूचनाओं का स्रोत नहीं होता, बल्कि वह एक मार्गदर्शक और प्रेरक भी होता है। उनकी आंखों की वह उम्मीद ही मेरी सबसे बड़ी जिम्मेदारी थी।

दोपहर में स्टाफ रूम में वरिष्ठ सहयोगियों के साथ बिताया गया समय भी बहुत कीमती रहा। उनके अनुभवों से निकले सुझावों ने मुझे सिखाया कि अध्यापन केवल ब्लैकबोर्ड तक सीमित नहीं है, यह निरंतर सीखने की एक प्रक्रिया है। दिन ढलने पर जब मैं परिसर से बाहर निकली, तो शरीर में थकान तो थी, लेकिन मन आत्मसंतुष्टि और गहरी खुशी से भरा था। वह दिन मेरे लिए केवल एक करियर की शुरुआत नहीं, बल्कि एक ऐसे संकल्प का आगाज था, जिसमें ज्ञान बांटने और समाज को एक नई दिशा देने का अवसर छुपा था। आज भी जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं, तो वह दिन मुझे याद दिलाता है कि सपनों को जीने का साहस ही हमें जीवन के सबसे यादगार पल देता है।

---

## नौकरी छोड़ गुलाबी फल से बदली अपनी किस्मत

कहते हैं कि अगर इरादे मजबूत हों और सोच वैज्ञानिक, तो मिट्टी भी सोना उगलने लगती है। बरेली के भोजीपुरा स्थित गांव महिमा पट्टी निवासी यशपाल (48) ने इसे सच कर दिखाया है। एमबीए की पढ़ाई के बाद एक निजी कंपनी में नौकरी करने वाले यशपाल ने कोरोना काल के संकट को अवसर में बदलते हुए खेती को अपना बिजनेस बनाया। आज वे गुलाबी फल, जिसे दुनिया "ड्रैगन फ्रूट" के नाम से जानती है, की खेती कर सालाना लाखों रुपये का मुनाफा कमा रहे हैं। यशपाल बताते हैं कि उनका लक्ष्य हमेशा से बिजनेस करना था, इसीलिए उन्होंने एमबीए किया। 2020 में जब कोरोना की लहर ने नौकरियों पर संकट खड़ा किया, तो उन्होंने निजी नौकरी छोड़ने का साहसिक फैसला लिया। हालात सामान्य होने पर उन्होंने ड्रैगन फ्रूट की खेती का मन बनाया और इसके गुर सीखने के लिए महाराष्ट्र और गुजरात के मॉडल फार्म्स का दौरा कर वहां से विधिवत प्रशिक्षण लिया।

*– महिपाल गंगवार, बरेली*



यशपाल ने 2023 में महज 48 पौधों के साथ ड्रैगन फ्रूट फैक्ट्री की शुरुआत की थी। आज वैज्ञानिक पद्धति और कड़ी मेहनत के दम पर उनके पास 25 हजार पौधे हैं। यशपाल के अनुसार, यह एक लॉन्ग टर्म बिजनेस है, जिसमें निवेश केवल एक बार करना होता है। तीन एकड़ में फैली इस खेती से वे सालाना 10 से 12 लाख रुपये कमा रहे हैं। एक बार बाग पूरी तरह तैयार होने पर सालाना मुनाफा 20 लाख रुपये तक पहुंच सकता है। इस सफलता में यशपाल के बड़े भाई और सेवानिवृत्त सैनिक सूरजपाल उनका पूरा साथ देते हैं। आज यशपाल न केवल खुद आत्मनिर्भर बने हैं, बल्कि उन्होंने 10 लोगों को रोजगार भी दिया है। वे अब तक चार नए फार्म खुलवा चुके हैं और अन्य किसानों को भी इस आधुनिक खेती का प्रशिक्षण दे रहे हैं। वह कहते हैं कि सबसे बड़ी राहत की बात यह है कि उन्हें मंडी के चक्कर नहीं काटने पड़ते, फल की गुणवत्ता ऐसी है कि व्यापारी खुद खेत पर आकर ड्रैगन फ्रूट ले जाते हैं, जिससे उन्हें मार्केटिंग की कोई चिंता नहीं रहती। उनका साफ कहना है कि अगर विजन वैज्ञानिक हो, तो खेती किसी भी कॉर्पोरेट नौकरी से बेहतर रिटर्न दे सकती है।


### औषधीय गुणों से होता है भरपूर ड्रैगन फ्रूट

ड्रैगन फ्रूट की ऊपरी सतह पर गुलाबी और लाल रंग का होता है, जबकि अंदर का भाग पीले रंग का होता है। इसके सेवन से रक्ताल्पता की समस्या दूर होती है। साथ ही फाइबर और विटामिन सी की अच्छी मात्रा होने के चलते इस फल के सेवन से कई और बीमारियों में काफी हद तक निजात मिलती है। ड्रैगन फ्रूट के पौधे को 36 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान और हल्के पानी की आवश्यकता होती है और इसकी खेती से बहुत सकारात्मक परिणाम मिलते हैं।



---

## नई कहानी के प्रमुख स्तंभ शेखर जोशी



शेखर जोशी की गणना हिन्दी साहित्य के प्रमुख कहानीकारों में की जाती है। उन्होंने नई कहानी के विकास में प्रमुख भूमिका निभाई। वे मर्मस्पर्शी कहानियों के प्रमुख कथाशिल्पी थे। उनकी कहानियों में आम आदमी का प्रतिबिंब झलकता है।

शेखर जोशी का जन्म 10 सितंबर 1932 को अल्मोड़ा जिले के सोमेश्वर गांव में हुआ था। सोमेश्वर को पहाड़ी भाषा में ओलिया भी कहते थे। उनके पिता एक साधारण किसान थे। इसलिए उनका बचपन अभावों में बीता। शेखर जोशी की शिक्षा अजमेर और देहरादून में हुई थी। इंटरमीडिएट की पढ़ाई के दौरान ही उनका चयन सुरक्षा विभाग में ई.एम.ई. अप्रेन्टिसशिप के लिए हो गया। 1996 तक वे एक सैनिक औद्योगिक प्रतिष्ठान में सेवारत रहे। इसके बाद उन्होंने स्वैच्छिक रूप से त्यागपत्र दे दिया और स्वतंत्र रूप से लेखन कार्य में जुट गए।

उनकी रुचि कहानी लेखन में थी इसलिए उन्होंने कहानियां लिखना प्रारंभ कीं। आम आदमी को केन्द्र मानकर पारिवारिक एवं सामाजिक ताने-बाने पर बुनी उनकी कहानियां बहुत लोकप्रिय हुईं। उनकी कहानियों की प्रसिद्धि देश की सीमाओं को पार कर विदेशों तक जा पहुंची और उनकी गणना हिन्दी के अग्रिम पंक्ति के कहानीकारों में होने लगी। अपनी साहित्य यात्रा के दौरान उन्होंने 'कोशी के घटवार', 'दाज्यू', 'बदबू', 'मेटल', 'पेड़ की याद', नौरंगी बीमार है' तथा प्रतिनिधि कहानियां जैसी अमर कृतियों की रचना की। उनको विशेष प्रसिद्धि 'कोशी के घटवार' से मिली। उनकी कुछ कहानियों का अनुवाद अंग्रेजी, चेक, पोलिश एवं रूसी भाषाओं में भी हुआ। उनकी एक कहानी "दाज्यू" पर बाल फिल्म भी बनी।

उन्होंने कई उपन्यास भी लिखे। 'अथ मूषक उवाच', 'हलवाला', 'साथ के लोग', 'मेरा पहाड़', 'चींटी के पर' आदि शामिल हैं। मगर उन्हें विशेष प्रसिद्धि कहानीकार के रूप में मिली। शेखर की कहानियों में पहाड़ी जीवन, पहाड़ी संस्कृति एवं पहाड़ी परिवेश की झलक स्पष्ट रूप से देखने को मिलती है। उनका जन्म एक साधारण कृषक परिवार में हुआ था इसलिए उनकी कहानियों में गरीबी, उत्पीड़न, नारी संघर्ष तथा पहाड़ी ग्रामीण समाज में फैली रुढ़ियों का सजीव चित्रण मिलता है। उन्होंने पहाड़ी जीवन के कठोर यथार्थ को अपनी कहानियों के माध्यम से समाज तक पहुंचाने का सफल प्रयास किया है। इसलिए उनकी कहानियां जीवंत प्रतीत होती हैं।



सुरेश बाबू मिश्रा
लेखक

शेखर जोशी को उनकी कालजयी कहानियों के लिए कई प्रतिष्ठित सम्मानों से अलंकृत किया गया। सन् 1987 में उन्हें उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान से महावीर प्रसाद द्विवेदी साहित्य सम्मान से समादृत किया गया। सन् 1995 में हिन्दी साहित्य का अति प्रतिष्ठित सम्मान साहित्य भूषण प्रदान किया गया। सन् 1997 में उन्हें 'पहल' सम्मान व 'मैथिलीशरण गुप्त' सम्मान से समादृत किया गया। अभी कुछ समय पूर्व उन्हें 'श्री लाल शुक्ल सम्मान' भी दिया गया। आज वे हमारे मध्य नहीं हैं, मगर अपनी कालजयी रचनाओं के रूप में वे सदैव अमर रहेंगे। उनकी कृतियां हिन्दी साहित्य की अनमोल धरोहर हैं।

### सीएफआई ने एलएंडटी के एमवी सतीश को अध्यक्ष चुना

**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण और बुनियादी ढांचा क्षेत्र की कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाले निकाय कंस्ट्रक्शन फेडरेशन आफ इंडिया (सीएफआई) ने एमवी सतीश को संस्था का अध्यक्ष चुना है। सीएफआई ने कहा कि उसने नई राष्ट्रीय परिषद का गठन किया है और दो वर्ष के कार्यकाल (वित्त वर्ष 2026-27 और 2027-28) के लिए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

अमृत विचार
हल्द्वानी, शनिवार, 4 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2685, राज श्री 2050, फ़ॉर्चून कि. 2780, रविन्द्रा 2670, फॉर्चुन 13 किग्रा 2440, जय जवान 2215, सचिन 2350, सूरज 2215, अवसर 2145, उजाला 2200, गृहणी 13 किग्रा 2175, क्लासिक (किग्रा) 2560, मोर 2420, चक्र टिन 2655, ब्लू 2425, आशीर्वाद मस्टर्ड 2530, स्वास्तिक 2640

**किराना :** निजामाबाद हल्दी 16000-18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500-24000, धनिया 14000-18000, अजवाइन 14000-19000, मेथी 7000-8000 सौंफ 11000-20000, सोंठ 33000, **प्रति किलो :** लौंग 850-1000, बादाम 750-1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330-380, मखाना 800-1150

**चावल प्रति कुंटल :** डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 9000, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1 किग्रा ,5 किग्रा ) 10100, हरी पत्ती नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 9000, गौरी प्रीमियम 10800, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4350, लाडली 4200

**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500-13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450, मलका दाल 7450-9600, मलका छांटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10300-11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800-8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100-11800, अरहर कोरी छोटी 12800

**चीनी :** पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4260

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती 3400, मसूरी 1200, बासमती 7600-7900, परमल 1400-3800

**दाल दलहन :** काला चना 2000-3400, साबुत चना दाल 1000, मूंग साबुत 5400, राजमा 7500-12600, दाल उड़द 5000, साबुत मसूर दाल 2200, मसूर दाल 1200, उड़द साबुत 10600, काबुली चना 5200-10200, अरहर दाल 10200 -12000, लोबिया/करमानी- 1900-3400

# आध्यात्मिक राजधानी बनेगा यूपी, रोडमैप तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकसित उत्तर प्रदेश 2047 विजन के तहत प्रदेश को विश्व की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक राजधानी बनाने की दिशा में पर्यटन विभाग ने विस्तृत रोडमैप तैयार किया है। इसके तहत पर्यटन आधारित सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) में यूपी की हिस्सेदारी को मौजूदा 9.2% से बढ़ाकर वर्ष 2047 तक 16% तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है।



रोडमैप के अनुसार वर्ष 2029-30 तक जीवीए में 11 प्रतिशत, वर्ष 2035-36 तक 14 प्रतिशत और वर्ष 2046-47 तक 16 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने की योजना है। इसके लिए पर्यटन अवसंरचना को तेजी से विकसित किया जाएगा। प्रदेश में पर्यटकों के लिए उपलब्ध कमरों की संख्या को वर्तमान में प्रति लाख आबादी पर 30 से बढ़ाकर 2047 तक 150 करने का लक्ष्य है। साथ ही विदेशी पर्यटकों के ठहरने की औसत अवधि को तीन रात से बढ़ाकर छह रात तक ले जाने की योजना है।

पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए भी लक्ष्य तय किए हैं। वर्ष 2025 में महाकुंभ सहित विभिन्न स्थलों पर कुल 66 करोड़ से अधिक पर्यटक पहुंचे, अन्य स्थलों पर 64.9 करोड़ पर्यटक आए। इसे 2029-30 तक 75 करोड़ और 2047 तक 100 करोड़ तक ले जाने की योजना है। वैश्विक पहचान को मजबूत करने के लिए यूनेस्को से मान्यता प्राप्त विरासतों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। अभी सात विरासतों वाले प्रदेश में 2029-30 तक 8, 2035-36 तक 14 और 2047 तक 20 तक पहुंचाने का लक्ष्य है। काशी, अयोध्या, प्रयागराज और मथुरा-वृंदावन जैसे धार्मिक स्थलों के विकास के जरिए प्रदेश को वैश्विक आध्यात्मिक पर्यटन केंद्र बनाने पर काम किया जा रहा है। इस पहल से पर्यटन को तो बढ़ावा मिलेगा ही, रोजगार सृजन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिलेगी।

# आईआईए और एयूएस के बीच 16 ऐतिहासिक समझौतों पर हस्ताक्षर




समझौते होने के बाद एयूएस के प्रतिनिधियों के साथ आईआईए के अध्यक्ष दिनेश गोयल।

**नामसाई, अमृत विचार।** उत्तर-पूर्वी भारत में औद्योगिक क्रांति और सतत विकास को गति देने के लिए इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन का 35 सदस्यीय उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष दिनेश गोयल के नेतृत्व में अरुणाचल प्रदेश के दौरे पर है। इस दौरान नामसाई स्थित 'अरुणाचल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडीज' (एयूएस) के सहयोग से आयोजित 'व्यापार सम्मेलन और अरुणाचल निवेशक शिखर सम्मेलन' में क्षेत्र के आर्थिक कायाकल्प के लिए 16 महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। शिखर सम्मेलन का उद्‌घाटन अरुणाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री पासांग दोरजी सोना ने किया। इस अवसर पर नामसाई के विधायक चौ जिंगनु नामचूम, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष वांगलिन लोवांगडोंग और एयूएस के अध्यक्ष डॉ. अश्वनी लोचन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए दिनेश गोयल ने कहा कि नामसाई, तिनसुकिया और आसपास के जिलों के उद्यमियों की सक्रिय भागीदारी उत्साहजनक है। हमने यहाँ विशेष रूप से हरित उद्योगों को प्रोत्साहित करने पर बल दिया है। हमारा लक्ष्य ऐसे निवेश को बढ़ावा देना है जो आजीविका के अवसर पैदा करने के साथ-साथ पर्यावरण की रक्षा करें और अरुणाचल प्रदेश में सतत विकास को मजबूती प्रदान करें। शिखर सम्मेलन की सबसे बड़ी उपलब्धि एयूएस के 'यूनिवर्सिटी-इंडस्ट्री इंटरलिंकेज सेंटर' और आईआईए के सदस्य उद्योगों के बीच हुए 16 समझौते रहे। श्री गोयल ने इन समझौतों को पूर्वोत्तर के युवाओं और उद्यमियों के लिए नवाचार और अवसरों की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया। आईआईए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक अग्रवाल और कुलपति प्रो. अजय झा ने भी इस साझेदारी को ऐतिहासिक करार दिया। एयूएस प्रबंधन ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि विश्वविद्यालय उत्तर-पूर्वी राज्यों के निवेशकों और स्थानीय उद्यमियों के बीच एक मजबूत सेतु का काम करेगा, जिससे क्षेत्र में एक आत्मनिर्भर उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र तैयार हो सके।

### अरुणाचल में खुलेगा निवेश का द्वार



नामसाई में आईआईए के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत।

# इंडक्शन हीटर और बर्तनों का उत्पादन बढ़ाने के उपाय ढूंढने में जुटी सरकार

## एलपीजी संकट से निपटने की तैयारी, वाणिज्य मंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक की

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने पश्चिम एशिया संकट के कारण एलपीजी की उपलब्धता की चिंता के बीच इंडक्शन हीटर व उससे जुड़े बर्तनों की मांग बढ़ गई है, लिहाजा सरकार ने इनका उत्पादन बढ़ाने के उपाय तलाशने शुरू कर दिए हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को अधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें कंपनियों को इनका उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने के तरीकों पर चर्चा की गई।

पश्चिम एशिया संकट ने होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल और गैस ले जाने वाले जहाजों की आवाजाही को बाधित कर दिया है। इससे खाना पकाने की गैस की आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं और लोग इंडक्शन हीटर और उसके अनुकूल बर्तन खरीद रहे हैं। बैठक में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री गोयल के साथ ऊर्जा सचिव, विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) और उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव सहित वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। एक अधिकारी ने बताया कि बैठक में चर्चा की गई कि इंडक्शन हीटर और उससे जुड़े इंडक्शन कुकर जैसे बर्तनों का उत्पादन किस तरह तेजी से बढ़ाया जा सकता है।



बेंगलुरु के एक पेट्रोल पंप पर शुक्रवार को एलपीजी भरवाने के लिए लगी टेंपो की कतार।

### एलपीजी आपूर्ति स्थिर घबराहट में बुक न करें

**नई दिल्ली।** इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने दोहराया है कि पश्चिम एशिया संकट के बावजूद देश में एलपीजी की आपूर्ति स्थिर एवं पर्याप्त है और घरेलू उपलब्धता उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। लिहाजा लोग घबराहट में बुकिंग न करें। कंपनी के अनुसार, वह प्रतिदिन करीब 28 लाख एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति कर रही है जो मौजूदा तनाव से पहले के सामान्य स्तर के अनुरूप है। घरों तक निर्बाध आपूर्ति जारी है।

### पाकिस्तान में पेट्रोल 43 प्रतिशत, डीजल 55 प्रतिशत महंगा हुआ

**इस्लामाबाद।** वैश्विक तेल कीमतों में आए उछाल के बीच पाकिस्तान ने पेट्रोल और हाईस्पीड डीजल की कीमतों में 43 प्रतिशत और 55 प्रतिशत की भारी वृद्धि की घोषणा की है। इस फैसले के तहत पेट्रोल की कीमत 321.17 रुपये से 137.23 रुपये प्रति लीटर यानी करीब 42.7 प्रतिशत बढ़ाकर 458.41 रुपये प्रति लीटर कर दी गई। हाईस्पीड डीजल की कीमत 335.86 रुपये से 184.49 रुपये प्रति लीटर यानी करीब 55 प्रतिशत बढ़ाकर 520.35 रुपये प्रति लीटर कर दी गई। इसके साथ, केरोसिन तेल की कीमत भी 34.08 रुपये प्रति लीटर बढ़ाकर 457.80 रुपये कर दी गई है। पाकिस्तान सरकार ने डीजल की कीमतों में वृद्धि को सीमित रखने के लिए पेट्रोलियम शुल्क दरों में भी बदलाव किया है। पेट्रोल पर शुल्क 105 रुपये से बढ़ाकर 160 रुपये लीटर कर दिया गया जबकि डीजल पर 55 रुपये प्रति लीटर के शुल्क को घटाकर शून्य कर दिया गया। पेट्रोलियम मंत्री अली परवेज मलिक ने इसे एक मुश्किल फैसला करार देते हुए कहा कि इसका मकसद सब्सिडी को केवल जरूरतमंद वर्गों तक सीमित रखना और वित्तीय अनुशासन बनाए रखना है।

### समुद्री भोजन निर्यात को वैश्विक प्रतिस्पर्धी बनाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वैश्विक सीफूड बाजार में पैठ बढ़ाने के लिए निर्यात विविधीकरण और गुणवत्ता मानकों को अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुरूप बनाने की दिशा में सक्रिय प्रयास शुरू किए हैं।

कहा गया है कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत सरकार चुनिंदा वस्तुओं पर निर्भरता कम करने और उत्पाद पोर्टफोलियो का विस्तार करने के लिए उच्च मूल्य वाली प्रजातियों की जलीय कृषि को बढ़ावा दे रही है। निर्यात शृंखला को मजबूत करने के लिए मत्स्य विभाग मछली बीज उत्पादन, आधुनिक मत्स्य बंदरगाहों के निर्माण और निर्बाध शीत शृंखला नेटवर्क जैसे बुनियादी ढांचे में निवेश कर रहा है।

### बांझपन के इलाज में एआई का इस्तेमाल हो

**नई दिल्ली।** बांझपन के इलाज से जुड़ी कंपनी गॉडियम आईवीएफ एंड वूमन हेल्थ लिमिटेड ने देश में एआई की मदद से बांझपन के उपचार की पेशकश की है। कंपनी के मुताबिक, इसके तहत उन्नत भ्रूण-विज्ञान प्रौद्योगिकी को इलाज के तरीकों में शामिल किया गया है।

### विदेशी मुद्रा भंडार में साप्ताहिक 10.29 अरब डॉलर की गिरावट

**मुंबई।** देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 27 मार्च को समाप्त सप्ताह में साप्ताहिक आधार पर करीब 10.29 अरब डॉलर घट कर 688.06 अरब डॉलर के स्तर पर रहा। पिछले साल इसी समय की



तुलना में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 22.66 अरब डॉलर ऊंचा है। भारतीय रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार 27 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश के कुल विदेशी मुद्रा भंडार में विदेशी परिसम्पत्तियां उससे एक साल पहले की तुलना में 6.62 अरब डॉलर घट कर 551.07 अरब डॉलर के स्तर पर रहीं। इस सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 3.66 अरब डॉलर घट कर 113.52 अरब डॉलर के बराबर रहा।

## छोटे अपराधों से जुड़े अदालती मामलों को वापस लें

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंशा जताई है कि सभी सरकारी विभाग छोटे अपराधों से जुड़े अदालती मामलों को वापस लेने पर विचार करें, ताकि जन विश्वास संशोधन विधेयक के अनुरूप न्यायपालिका पर बोझ कम हो और जीवन की सुगमता को बढ़ाया जा सके।

संसद ने कारोबारी माहौल को बेहतर बनाने और कारोबारियों के उत्पीड़न को रोकने के लिए 79 केंद्रीय कानूनों के 784 प्रावधानों में संशोधन करने और लगभग 1,000 छोटे अपराधों को फौजदारी की श्रेणी से बाहर करने के लिए बृहस्पतिवार को जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक, 2026 पारित किया था।

उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने कहा, कानून में बदलावों के कारण इन सभी प्रावधानों की समीक्षा की जा सकती है। हम कानून मंत्रालय के साथ इस मुद्दे पर तय करेंगे कि संबंधित विभागों को इस बारे में किस तरह अवगत कराया जाए।

# बौद्ध कॉन्क्लेव में 3,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


- कुशीनगर बना वैश्विक केंद्र, 2300 से अधिक प्रतिनिधियों की भागीदारी
- यूपी में होटल, टाउनशिप और इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश की बड़ी संभावनाएं

**अमृत विचारः** कुशीनगर में आयोजित इंटरनेशनल बौद्ध कॉन्क्लेव-2026 ने उत्तर प्रदेश को वैश्विक बौद्ध पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाया है। तीन दिवसीय इस आयोजन में करीब तीन हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव सामने आए, जिससे पर्यटन और इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में तेजी आने की उम्मीद है।

कॉन्क्लेव में 2300 से अधिक बौद्ध श्रद्धालुओं और विशेषज्ञों ने भाग लिया, जिनमें दो हजार से अधिक भिक्षु, विद्वान और नीति-निर्माता शामिल थे। वहीं थाइलैंड, जापान, म्यांमार, भूटान और नेपाल से 300 से अधिक विदेशी मेहमान पहुंचे। इस दौरान होटल-रिजॉर्ट, रियल एस्टेट, बायो-सीएनजी और फूड प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों में निवेशकों ने रुचि दिखाई। साथ ही कुशीनगर में दो नए टाउनशिप विकसित करने की योजना पर भी चर्चा हुई।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह आयोजन प्रदेश को वैश्विक बौद्ध पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने में सफल रहा है। उन्होंने बताया कि निवेश प्रस्तावों से होटल, परिवहन और पर्यटन क्षेत्र में तेजी आएगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। कॉन्क्लेव में यह भी जोर दिया गया कि बौद्ध पर्यटन को केवल तीर्थयात्रा तक सीमित न रखकर इसे सांस्कृतिक आदान-प्रदान और सतत विकास से जोड़ा जाए।

कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की बेहतर कनेक्टिविटी को भी निवेश आकर्षित करने में अहम बताया गया। अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात ने कहा कि उत्तर प्रदेश का बौद्ध सर्किट तेजी से मजबूत हो रहा है। वर्ष 2025 में प्रदेश के छह प्रमुख बौद्ध स्थलों पर 82 लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे, जो इसकी बढ़ती वैश्विक लोकप्रियता का प्रमाण है।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# न्यायिक अधिकारियों के घेराव के लिए एआईएमआईएम व आईएसएफ दोषी

हरिरामपुर, एजेंसी

### ममता बनर्जी ने लगाया आरोप, कहा- भाजपा और कांग्रेस ने उपद्रवियों को उकसाया, मुख्य आरोपी को भाजपा लाई थी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मालदा जिले में न्यायिक अधिकारियों का घेराव करने के लिए शुक्रवार को एआईएमआईएम और आईएसएफ को दोषी ठहराया, साथ ही आरोप लगाया कि भाजपा और कांग्रेस ने उपद्रवियों को उकसाया।

दक्षिण दिनाजपुर जिले के हरिरामपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा ने मुख्य आरोपी को एआईएमआईएम से लिया और हैदराबाद से यहां लेकर आई। इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) उन लोगों के साथ है। भाजपा के साथ कांग्रेस ने भी उकसाने का काम किया है। सीआईडी ने मुख्य आरोपी और अधिवक्ता मोफक्करुल इस्लाम को बागडोगरा हवाई अड्डे से उस समय गिरफ्तार किया जब वह भागने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने कहा, मालदा के मोथाबाड़ी में हिंसा की साजिश इन्हीं लोगों ने रची थी। पश्चिम बंगाल में अशांति फैलाने के लिए बाहर से गुंडों को लाने का आरोप लगाते हुए ममता बनर्जी ने कहा, उन्होंने न्यायिक अधिकारियों को भी नहीं बख्शा।



दक्षिण दिनाजपुर में चुनावी सभा में पहुंची ममता।

> मोथाबाड़ी में कई घंटों तक न्यायिक अधिकारियों को घेरे रखने की साजिश रचने वाले मुख्य आरोपी को राज्य के आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने गिरफ्तार किया है। यह विभाग अब तक निर्वाचन आयोग के बजाय मेरे नियंत्रण में है। - **ममता बनर्जी**

ममता ने एआईएमआईएम पर आरोप लगाया कि उसने बिहार चुनाव में मतों को विभाजित करके भाजपा को चुनाव जीतने में मदद की। राज्य में जारी एसआईआर के दौरान मतदाताओं के नाम हटाए जाने पर सहानुभति जताते हुए ममता ने कहा कि उन्होंने मतदाता सूची में उनके नाम शामिल किए जाने के लिए लड़ाई लड़ी है। उन्होंने सवाल उठाया कि विधानसभा चुनाव उसी सूची के आधार पर क्यों नहीं कराए जा सकते, जिसका इस्तेमाल 2024 के आम चुनाव में किया गया था। कहा, अगर मतदाता सूची में घुसपैठियों के नाम थे तो इससे पहले मोदी भी उनके वोट से चुनाव जीत चुके हैं इसलिए उन्हें तो सबसे पहले इस्तीफा देना चाहिए।



तमिलनाडु के डिप्टी सीएम उदयनिधि स्टालिन ने चेन्नई में चुनाव प्रचार किया।

### तमिलनाडुः भाजपा ने 27 उम्मीदवारों की सूची जारी की

**नई दिल्ली/चेन्नई।** भाजपा ने तमिलनाडु के लिए शुक्रवार को 27 उम्मीदवारों की सूची जारी की। पार्टी ने केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन को अवनाशी जबकि तेलंगाना की पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन को मायलापुर सीट से मैदान में उतारा है। अटकलें थीं कि पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई भी चुनाव में किस्मत आजमाएंगे। हालांकि, अन्नामलाई ने पिता के स्वास्थ्य का हवाला देते हुए पार्टी से चुनाव प्रबंधक की जिम्मेदारी से मुक्त करने का अनुरोध किया था।

## बंगाल और तमिलनाडु के चुनाव नतीजो को प्रभावित करने को बुलाया विशेष सत्र

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि सरकार ने पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव के नतीजों को प्रभावित करने तथा चुनावी लाभ हासिल करने के लिए इस महीने संसद का विशेष सत्र बुलाया है, जो चुनाव आचार संहिता का घोर उल्लंघन है।

- कांग्रेस ने लगाया आरोप कहा- ये चुनाव आचार संहिता का घोर उल्लंघन

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने इस बात पर जोर दिया कि परिसीमन की प्रक्रिया में जल्दबाजी के खतरनाक नतीजे होंगे तथा हम राज्य स्तर पर लोकसभा सीटों की संख्या के तुलनात्मक अंतर में बदलाव नहीं चाहते। उन्होंने कहा, यह जानकारी भी मिली है कि लोकसभा की सीटों की संख्या में 50 प्रतिशत की समानुपातिक वृद्धि की जाएगी और अगर ऐसा होता है तो दक्षिण, पश्चिम और पूर्वोत्तर भारत के छोटे राज्यों को नुकसान होगा। रमेश ने दावा भी किया कि महिला आरक्षण के विषय पर सरकार 30 महीने बाद जागी है तथा प्रधानमंत्री मोदी महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन करके दोबारा श्रेय लेना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन के साथ परिसीमन का भी एकतरफा फैसला किया और विपक्ष के साथ कोई बातचीत नहीं की। महिला आरक्षण विधेयक पारित करने के लिए संसद का वर्तमान बजट सत्र बढ़ा दिया गया और अब लोकसभा तथा राज्यसभा की अगली बैठक 16 अप्रैल को होगी। पहले से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, संसद का वर्तमान बजट सत्र बृहस्पतिवार, दो अप्रैल को ही संपन्न होना था।

# मोदी-हिमंत ने आदिवासियों के विकास के लिए रोडमैप बनाया : अमित शाह

**दुधनोई।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने आदिवासियों के विकास के लिए एक रोडमैप तैयार किया है। उन्होंने इस रोडमैप को लागू करने के लिए राज्य में भाजपा की सत्ता में वापसी सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

ग्वालपाड़ा जिले के दुधनोई में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस ने कभी किसी आदिवासी महिला को राष्ट्रपति नहीं बनाया, लेकिन मोदी ने इस चलन को बदल दिया और द्रौपदी मुर्मू भारत की राष्ट्रपति बनीं। उन्होंने कहा, केंद्र में प्रधानमंत्री और यहां असम में मुख्यमंत्री के पास राज्य में आदिवासियों के विकास के लिए एक रोडमैप है।



- केंद्रीय गृहमंत्री ने चुनावी जनसभा में की राज्य में भाजपा की सत्ता में वापसी कराने की अपील

लोग भाजपा को लगातार तीसरी बार जनादेश देते हैं, तो इसे आगे बढ़ाया जाएगा। शाह ने कांग्रेस पर पलाशबाड़ी में आईआईएम की स्थापना के लिए लाए गए विधेयक को रोकने की कोशिश का भी आरोप लगाया।

### तमिलनाडुः कांग्रेस ने जारी की 27 नामों की सूची

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने तमिलनाडु विधानसभा के लिए शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष के सेल्वपेरुठन्गो सहित 27 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर दिए। कांग्रेस ने 234 सदस्यों वाली तमिलनाडु विधानसभा के लिए जिन उम्मीदवारों की सूची जारी की है उसमें पूर्व विधायक के सेल्वापेरुन्थगई तथा एएम मुनिरत्नम भी शामिल हैं। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति ने इन उम्मीदवारों के नाम का चयन किया है। कांग्रेस का विधानसभा चुनाव के लिए सत्तारुढ़ द्रमुक के साथ गठबंधन है।

### बंगाल : शिक्षक भर्ती प्रक्रिया रुकी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बीच 2022 प्राथमिक शिक्षक अहर्ता परीक्षा (टीईटी) में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की साक्षात्कार प्रक्रिया स्थगित कर दी गई है। लिखित परीक्षा 11 दिसंबर 2022 को हुई थी और इसके परिणाम 10 फरवरी 2023 को घोषित किए गए थे। पश्चिम बंगाल शिक्षा बोर्ड ने इस साल 12 मार्च को अधिसूचना जारी कर साक्षात्कार कार्यक्रम घोषित किया था।

### बंगाल में चुनाव के लिए अतिरिक्त सीएपीएफ बलों की तैनाती की

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अतिरिक्त केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती के आदेश जारी किए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल में चुनाव के दौरान और चुनाव के बाद भी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की 500 कंपनियां मतगणना पूरी होने के बाद भी राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात रहेंगी।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### रूसी सुखोई-30 हुआ विमान क्रीमिया में क्रैश

**मॉस्को।** एक सुखोई-30 लड़ाकू विमान शुक्रवार को क्रीमिया में सामान्य प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मीडिया में आईं खबरों में बताया गया है कि दोनों पायलट सुरक्षित रूप से विमान से बाहर कूद गए। आरबीसी बिजनेस पोर्टल ने रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति का हवाला देते हुए बताया कि चालक दल के सदस्य सुरक्षित रूप से विमान से कूद गए और उन्हें जमीनी तलाश एवं बचाव दल ने बचा लिया। पायलट खतरे से बाहर हैं। अत्यंत शक्तिशाली लड़ाकू विमान माना जाने वाला सुखोई-30 प्रशिक्षण उड़ान पर था। रक्षा मंत्रालय ने हालांकि दुर्घटना के संभावित कारण या अन्य परिस्थितियों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। इससे पहले 31 मार्च की शाम को क्रीमिया में एक एएन-26 सैन्य परिवहन विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

### पूर्वी कांगो में विद्रोहियों के हमले में 43 की मौत

**गोमा।** आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट से जुड़े विद्रोहियों ने पूर्वी कांगो में कम से कम 43 लोगों की हत्या कर दी। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेज' (एडीएफ) के लड़ाकों ने बुधवार रात बाफवाकोआ गांव में नागरिकों को निशाना बनाया। युगांडा में इस्लामिक स्टेट से जुड़ा यह विद्रोही समूह खुली सीमा के दोनों ओर सक्रिय है। नागरिक समाज से जुड़े एक संगठन के सदस्य सैमुअल बनापिया ने फोन पर बताया कि उन्होंने गांव में घरों को आग लगा दी। कांगो की सेना ने कहा कि 43 लोग मारे गए हैं, जबकि स्थानीय अधिकारियों के अनुसार मृतकों की संख्या कम से कम 56 है। कई लोग लापता हैं और कम से कम दो लोगों को बंधक बनाया गया है। कांगो की सेना एडीएफ सहित पूर्वी क्षेत्र में कई अन्य विद्रोही समूहों से जूझ रही है।

### सूडान में अस्पताल पर ड्रोन हमले में 10 की मौत

**काहिरा।** सूडान के अर्धसैनिक बलों द्वारा बृहस्पतिवार को देश के दक्षिण-मध्य भाग में स्थित एक अस्पताल पर ड्रोन से किये गए हमले में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स नामक समूह ने बताया कि सूडानी अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज ने व्हाइट नाइल प्रांत के अल-जबलैन अस्पताल पर ड्रोन से दो हमले किए। इस हमले में एक ऑपरेशन थिएटर और एक प्रसूति वार्ड को निशाना बनाया गया। समूह ने बताया कि सेना और आरएसएफ के बीच गृहयुद्ध जारी है और इन ड्रोन हमलों में सात चिकित्सा कर्मियों सहित 10 लोग मारे गए

# सीबीएसई कक्षा 6 से तीन भाषा प्रणाली लागू करेगा

- नये फार्मूल में कक्षा 9 के लिए गणित, विज्ञान के दो स्तर होंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने अपना नया शैक्षिक कार्यक्रम लागू कर दिया है, जिसके तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 से कक्षा 9 के लिए गणित और विज्ञान की दो-स्तरीय प्रणाली तथा कक्षा 6 से तीन-भाषा फॉर्मूले का चरणबद्ध कार्यान्वयन शुरू किया जाएगा।

सीबीएसई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि 2026 से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत अनिवार्य तीन-भाषा फार्मूला कक्षा 6 के लिए लागू किया जाएगा, जबकि कक्षा 9 के लिए गणित और विज्ञान में अनिवार्य मानक एवं वैकल्पिक उन्नत पाठ्यक्रमों की दो-स्तरीय प्रणाली शुरू की जाएगी। अधिकारी ने कहा कि भाषाओं को तीन चरणों-आर1, आर2 और आर3-में एक सुव्यवस्थित तीन-भाषा ढांचे के तहत व्यवस्थित किया गया है।

नए राष्ट्रीय पाठ्यक्रम ढांचे की सिफारिशों के अनुसार, इन तीन भाषाओं में से दो भारत की मूल भाषाएं होनी चाहिए। कहा कि बहुभाषी शिक्षा के चरणबद्ध कार्यान्वयन के बोर्ड के प्रयासों को जारी रखते हुए शैक्षणिक सत्र 2026-27 से कक्षा 6 से तीसरी भाषा को अनिवार्य कर दिया जाएगा।

## दुनिया के अस्तित्व पर गहराता संकट

21वीं सदी में दुनिया एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है जहां कूटनीति की भाषा धीरे-धीरे परमाणु निवारण की गूंज में दबती जा रही है। अमेरिका और ईरान के बीच दशकों से चला आ रहा तनाव वैश्विक परमाणु सुरक्षा के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन चुका है। अमेरिका का स्पष्ट रुख है कि वह ईरान को परमाणु शक्ति संपन्न देश नहीं बनने देगा, जबकि ईरान का तर्क है कि उसका परमाणु कार्यक्रम ऊर्जा और शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है। इस रस्साकशी के बीच, दुनिया के कई अन्य देश भी गोपनीय तरीके से अपनी परमाणु क्षमताओं को बढ़ाने में लगे हैं, जिससे एक नई और खतरनाक हथियारों की दौड़ शुरू हो गई है। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी इस आग को बुझाने की कोशिश में जुटी है, लेकिन महाशक्तियों के बीच बंटी दुनिया और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की गुटबाजी ने इस संकट को और गहरा कर दिया है।

## बढ़ता परमाणु खतरा



### खतरे के केंद्र में एशिया महाद्वीप

- एशिया, जो दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला महाद्वीप है, इस खतरे के केंद्र में है। ईरान का मुद्दा सीधे तौर पर पश्चिम और दक्षिण एशिया की सुरक्षा और अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है। यदि यह तनाव युद्ध में बदलता है, तो इसके परिणाम केवल क्षेत्रीय नहीं बल्कि प्रलयंकारी होंगे। भारत जैसे देशों के लिए यह स्थिति ऊर्जा सुरक्षा और रणनीतिक संतुलन बनाए रखने की एक कठिन परीक्षा है। अगले कुछ वर्षों में वैश्विक नेतृत्व का कौशल इस बात पर निर्भर करेगा कि वे परमाणु प्रसार को रोकने और दुनिया को एक और महाविनाश से बचाने में कितने सफल होते हैं।

### आईएईए की भूमिका

- परमाणु प्रहरी : आईएईए दुनिया की परमाणु प्रहरी है। इसका मुख्य कार्य यह सुनिश्चित करना है कि परमाणु ऊर्जा का उपयोग केवल शांतिपूर्ण कार्यों के लिए हो।
- निगरानी और निरीक्षण : आईएईए के निरीक्षक संदिग्ध परमाणु केंद्रों का दौरा करते हैं और सीसीटीवी कैमरों व सील के जरिए यूरेनियम की मात्रा पर नजर रखते हैं।
- तकनीकी रिपोर्टिंग : एजेंसी संयुक्त राष्ट्र को नियमित रिपोर्ट देती है कि क्या कोई देश परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) के नियमों का उल्लंघन कर रहा है।

### हालिया रिपोर्ट

- चिंताजनक : आईएईए की हालिया रिपोर्टों में चिंता जताई गई है कि ईरान ने 60% शुद्धता तक यूरेनियम का भंडार बढ़ा लिया है। 60 से 90% (हथियार ग्रेड) तक पहुँचना तकनीकी रूप से बहुत आसान और कम समय लेने वाला काम है।
- निरीक्षण में बाधा : ईरान ने कई मौकों पर आईएईए निरीक्षकों के प्रवेश पर रोक लगाई है, जिससे गोपनीय परमाणु कार्यक्रम की आशंका और प्रबल हो गई है।

### संरा सुरक्षा परिषद का रुख

- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने ईरान पर कई आर्थिक और सैन्य प्रतिबंध लगाए हैं ताकि उसे परमाणु कार्यक्रम रोकने पर मजबूर किया जा सके। ● जहाँ अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस ईरान पर सख्त कार्रवाई चाहते हैं, वहीं रूस और चीन सॉफ्ट रुख अपनाते हैं।

### भारत और एशिया के समक्ष चुनौती

- ऊर्जा सुरक्षा : भारत अपनी तेल जरूरतों के लिए पश्चिम एशिया पर निर्भर है। युद्ध होने पर तेल की कीमतें आसमान छूएँगी, जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था चरमरा सकती है।
- सामरिक संतुलन : यदि ईरान परमाणु बम बनाता है, तो सऊदी अरब और तुर्की जैसे देश भी परमाणु हथियार की दौड़ में शामिल हो सकते हैं, जिससे एशिया एक परमाणु बारूद घर बन जाएगा।
- चाबहार और कनेक्टिविटी : भारत का ईरान में चाबहार बंदरगाह प्रोजेक्ट और मध्य एशिया तक पहुँचने का रास्ता खतरे में पड़ सकता है।

# वाणिज्यिक पोतों, तेल टैंकरों की सुरक्षा में नौसेना की भूमिका महत्वपूर्ण : राजनाथ

## आईएनएस तारागिरी नौसेना में औपचारिक रूप से शामिल, विशाखापत्तनम में जलावतरण

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि ऊर्जा आपूर्ति समेत देश का 95 प्रतिशत व्यापार समुद्री मार्ग से होता है और ऐसे में उभरते समुद्री खतरों के बीच वाणिज्यिक जहाजों और तेल टैंकरों की सुरक्षा में भारतीय नौसेना की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां आईएनएस तारागिरी के जलावतरण समारोह को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि भारतीय नौसेना हिंद महासागर में लगातार अपनी उपस्थिति बनाए रखती है, चाहे वह फारस की खाड़ी हो या मलक्का जलडमरूमध्य।

रक्षा मंत्री ने कहा कि जब भी कोई संकट आता है, चाहे वह लोगों को निकालने का अभियान हो या मानवीय सहायता पहुंचाना, हमारी नौसेना हमेशा सबसे आगे रहती है। मुझे लगता है कि हमारी नौसेना भारत के मूल्यों और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। मेरा मानना है कि आईएनएस तारागिरी के सेवा में शामिल होने से हमारी नौसेना की शक्ति, मूल्यों एवं प्रति बद्धता में और भी वृद्धि होगी।

पश्चिम एशिया में मौजूदा परिस्थितियों के कारण तेल आपूर्ति में बाधा और टैंकरों को रोके जाने की स्थिति के बीच रक्षामंत्री की ये टिप्पणियां महत्वपूर्ण मानी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि एक मजबूत और सक्षम नौसेना देश के लिए विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि समुद्र में कई संवेदनशील क्षेत्र हैं, जहां हमारी नौसेना लगातार सक्रिय उपस्थिति बनाए रखती है ताकि वस्तुओं की आपूर्ति सुचारु बनी रहे। जब भी वहां तनाव की स्थिति उत्पन्न होती है, भारतीय नौसेना हमारे वाणिज्यिक जहाजों और तेल टैंकरों की सुरक्षा सुनिश्चित करती है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय नौसेना ने यह साबित किया है कि वह न केवल देश के हितों की रक्षा करने में सक्षम है, बल्कि जरूरत पड़ने पर दुनिया भर में अपने नागरिकों और व्यापारिक मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर कदम उठा सकती है। उन्होंने कहा कि यह क्षमता भारत को एक ज़िम्मेदार समुद्री शक्ति बनाती है।

### दुश्मन की गतिविधियों पर हर पल होगी भारत की नजर

रक्षा मंत्री के अनुसार, आईएनएस तारागिरी ऐसी प्रणाली से लैस है जिसे दुश्मन की गतिविधियों पर नज़र रखने, अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने और ज़रूरत पड़ने पर तुरंत जवाबी कार्रवाई करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। सिंह ने कहा कि इसमें आधुनिक रडार, सोनार और मिसाइल प्रणालियां शामिल हैं जैसे कि ब्रह्मोस और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, जो इसकी अभियानगत क्षमता को और बढ़ाती हैं। उन्होंने कहा कि तीव्र युद्ध से लेकर समुद्री सुरक्षा, समुद्री दस्यु-रोधी अभियानों, तटीय निगरानी और मानवीय मिशन तक-यह हर भूमिका में पूरी तरह से उपयुक्त बैठता है, जो इसे एक अद्वितीय नौसैन्य मंच बनाता है। प्रोजेक्ट 17ए के तहत चौथे प्लेटफॉर्म के रूप में, तारागिरी 6,670 टन वजनी युद्धपोत है, जिसे मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड द्वारा निर्मित किया गया है। यह उन्नत डिज़ाइन और इंजीनियरिंग उत्कृष्टता का बेजोड़ उदाहरण है। यह जटिल समुद्री वातावरण में गुप्त अभियान चलाने और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने में सक्षम है।






### परमाणु चालित पनडुब्बी अरिदमन सेवा में शामिल

**नई दिल्ली।** भारत ने स्वदेशी रूप से निर्मित अपनी नई परमाणु-चालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी आईएनएस अरिदमन को शुक्रवार को सेवा में शामिल कर लिया, जिससे देश के परमाणु त्रय के नौसैन्य घटक को और मजबूती मिली है। भारत का परमाणु-चालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी (एसएसबीएन) कार्यक्रम एक अत्यंत गोपनीय परियोजना है। आईएनएस अरिहंत एसएसबीएन परियोजना के तहत पहली पनडुब्बी थी, जिसके बाद दूसरी पनडुब्बी आईएनएस अरिघात आई। भारत उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल है, जिनके पास परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियां हैं। जिन देशों के पास ऐसी क्षमताएं हैं, उनमें अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस और चीन शामिल हैं।

# म्यांमार की संसद ने मौजूदा जनरल मिन आंग ह्लाइंग को चुना राष्ट्रपति

**बैंकॉक, एजेंसी**



- ह्लाइंग ने ही किया था आंग सू की सरकार को सत्ता से बेदखल

म्यांमार की संसद ने शुक्रवार को मिन आंग ह्लाइंग को देश का नया राष्ट्रपति चुन लिया जो सेना के जनरल रह चुके हैं। ह्लाइंग ने 2021 में आंग सान सू ची की असैन्य सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया था और पिछले पांच वर्षों से सत्ता पर अपना कड़ा नियंत्रण बनाए रखा। यह कदम औपचारिक रूप से निर्वाचित सरकार की वापसी को दर्शाता है।

हालांकि व्यापक रूप से इसे सेना द्वारा आयोजित चुनाव के बाद सत्ता में बने रहने के उसके प्रयास के रूप में देखा जा रहा है क्योंकि विरोधियों और स्वतंत्र पर्यवेक्षकों ने इस चुनाव को न तो स्वतंत्र और न ही निष्पक्ष माना है। निर्वाचित सरकार की स्थापना होने से, देश में सैन्य तख्तापलट के बाद दक्षिण-पूर्वी एशिया के कुछ पड़ोसी देशों के साथ बिगड़े संबंधों के सुधरने की उम्मीद है। चीन और रूस ने सैन्य प्रशासन का समर्थन किया है, जबकि पश्चिमी देशों ने प्रतिबंध लगाए हैं। मिन आंग ह्लाइंग राष्ट्रपति पद के लिए तीन नामांकित व्यक्तियों में से एक थे, लेकिन सैन्य समर्थित दलों के सांसदों और सेना द्वारा नियुक्त सदस्यों का संसद में भारी बहुमत होने के कारण उनकी नियुक्ति लगभग तय मानी जा रही थी।

मतदान राजधानी नेपीताव में नवनिर्मित संसद भवन में हुआ, जो पिछले साल आए भूकंप में क्षतिग्रस्त हो गया था। संसद के संयुक्त ऊपरी और निचले सदन के अध्यक्ष आंग लिन ड्वे ने घोषणा की कि मिन आंग ह्लाइंग ने 584 में से 429 वोट हासिल किए हैं। दूसरे स्थान पर रहे दोनों उम्मीदवार उपराष्ट्रपति बने हैं। पूर्व जनरल न्यो सॉ, जो मिन आंग ह्लाइंग के सलाहकार रह चुके हैं और सैन्य समर्थक यूनियन सॉलिडैरिटी एंड डेवलपमेंट पार्टी की करेन जातीय समूह की नेता नान नी नी ऐ देश की पहली महिला उपराष्ट्रपति होंगी। इन तीनों का शपथ ग्रहण

## आर्टेमिस-2 के अंतरिक्ष यात्री चांद की ओर रवाना

- मिशन में शामिल हैं तीन अमेरिकी और एक कनाडाई अंतरिक्ष यात्री

**केप केनवरल।** नासा के आर्टेमिस-2 मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों ने बृहस्पतिवार रात अपने इंजन चालू किए और चंद्रमा की ओर प्रस्थान किया, जिससे दशकों तक पृथ्वी की कक्षा तक सीमित रहे मानव कदम अब चांद की ओर बढ़ गए हैं। प्रक्षेपण के 25 घंटे तक पृथ्वी के करीब रहने के बाद हुआ यह 'ट्रांसलूनर इग्निशन' तीन अमेरिकी और एक कनाडाई अंतरिक्ष यात्री को अगले सप्ताह की शुरुआत में चंद्रमा के पास से गुजरने की दिशा में ले जाएगा। उनका ओरियन कैप्सूल पृथ्वी की कक्षा से निकलकर लगभग चार लाख किलोमीटर दूर चंद्रमा की ओर बढ़ गया है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की अधिकारी लोरी ग्लेज ने कहा कि मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि 1972 में अपोलो-17 के बाद पहली बार इंसान पृथ्वी की कक्षा से बाहर गए हैं। उन्होंने बताया कि इंजन का संचालन पूरी तरह सफल रहा। कनाडाई अंतरिक्ष यात्री जेरेमी हैनसेन ने कहा कि वह और उनके साथी खिड़कियों से पृथ्वी को दूर जाते हुए देख रहे थे और यह दृश्य अद्भुत था। हैनसेन ने कहा कि मानवता ने एक बार फिर दिखा दिया है कि हम क्या कर सकते हैं और भविष्य के लिए आपकी उम्मीदें ही हमें चंद्रमा की यात्रा पर आगे बढ़ा रही हैं।

## दलितों से माफी मांगेंगे नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह के देश के दलितों पर सदियों से हो रहे अत्याचार को लेकर माफी मांगने के ऐलान का आम लोगों, सामाजिक संगठनों ने दिल खोल कर स्वागत किया है। गौरतलब है कि नेपाल में दलित समुदाय को दशकों से देश की राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक संरचनाओं से व्यवस्थित रूप से बाहर रखा गया है। उनको पीढ़ियों से, सामाजिक जगहों और सरकारी तंत्र, दोनों में ही गंभीर अन्याय और अमानवीय व्यवहार का सामना करना पड़ा है। सदियों से चले आ रहे इस उत्पीड़न को स्वीकार करते हुए, प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह के नेतृत्व वाली नई सरकार ने अपने 100-सूत्रीय कार्ययोजना के हिस्से के तौर पर, दलितों और ऐतिहासिक रूप से हाशिए पर पड़े समुदायों से औपचारिक रूप से माफी मांगने और 15 दिनों के भीतर उनके उत्थान के लिए विशेष सुधार कार्यक्रमों की घोषणा करने का फैसला किया। उनके इस ऐलान का दलित समुदाय के नेताओं, समाज सुधार के लिए काम करने वाले संगठनों ने खुशी का इजहार किया है। उन्होंने यह भी कहा है कि यह सही दिशा में उठाया गया कदम है लेकिन यह अपने आप में पर्याप्त नहीं है। स्थानीय मीडिया काठमांडू पोस्ट ने लिखा है कि यह एक दुर्लभ और महत्वपूर्ण क्षण है। फिर भी, वास्तविक बदलाव लाकर इस माफी को सार्थक बनाना, कहने में जितना आसान है, करने में उतना ही मुश्किल है।

**माफी मांगने के प्रधानमंत्री के ऐलान का आमजन और संगठनों ने किया स्वागत**

## महावीर सिंघवी बने टोरंटो में भारत के महावाणिज्यदूत

**ओटावा।** वरिष्ठ राजनयिक महावीर सिंघवी ने टोरंटो में भारत के नये महावाणिज्यदूत के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है, जब नई दिल्ली और ओटावा व्यापार, निवेश एवं ऊर्जा सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक विस्तार देने की कोशिशों में जुटे हैं। सिंघवी भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के 1999 बैच के अधिकारी हैं। वह नई भूमिका संभालने से पहले नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय के मुख्यालय में अतिरिक्त सचिव के रूप में कार्यरत थे।

## अमेरिका सेना प्रमुख जनरल रैंडी को हटाया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ ने सेना प्रमुख जनरल रैंडी जॉर्ज को उनके पद से हटा दिया है। इसके अलावा दो अन्य उच्च सैन्य अधिकारियों को भी बर्खास्त किया गया है। यह फैसला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान संघर्ष को लेकर राष्ट्र के नाम संबोधन के एक दिन बाद गुरुवार को आया है। ट्रंप ने घोषणा की थी कि अमेरिका ईरान के खिलाफ सैन्य हमलों को और तेज करेगा। उन्होंने संकेत दिया कि यह संघर्ष अगले दो से तीन हफ्तों में समाप्त हो सकता है।

जनरल जॉर्ज के अलावा दो अन्य उच्च पदस्थ सैन्य अधिकारियों को भी बर्खास्त किया गया है। इनमें मेजर जनरल विलियम ग्रीन जूनियर और जनरल डेविड होडने शामिल हैं। एक अमेरिकी अधिकारी के मुताबिक, ये कदम इस अस्थिर दौर में रक्षा विभाग के ढांचे को नया रूप देने के रक्षा मंत्री के व्यापक प्रयासों का हिस्सा हैं। हालांकि जनरल जॉर्ज के कार्यकाल में एक साल से अधिक का समय शेष था।

## रोका जाए पश्चिम एशिया में चल रहा युद्ध

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने चेतावनी दी है कि पांचवें हफ्ते में पहुंच चुका ईरान युद्ध पूरे क्षेत्र को एक व्यापक संघर्ष की ओर धकेल रहा है, जिससे वैश्विक आर्थिक और मानवीय संकट पैदा हो सकता है। इसे तत्काल रोका जाना चाहिए गुटेरेस ने गुरुवार को प्रेस वार्ता के दौरान कहा, यह युद्ध जितने दिन खिंचेगा, मानवीय पीड़ा उतनी ही बढ़ेगी। हम एक व्यापक युद्ध के मुहाने पर हैं जो पूरे पश्चिमी एशिया को अपनी चपेट में ले लेगा और इसका दुनिया भर में नाटकीय असर होगा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने इसके वैश्विक आर्थिक और मानवीय परिणामों पर जोर देते हुए फिलीपींस से लेकर श्रीलंका और मोजाम्बिक तक के कमजोर समुदायों पर खाद्य और ऊर्जा की बढ़ती कीमतों के प्रभाव का जिक्र किया। उन्होंने महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य की ओर इशारा करते हुए चेतावनी दी कि जहाजों की आवाजाही की स्वतंत्रता में बाधा आने से दुनिया के सबसे गरीब लोगों के लिए खतरा पैदा हो गया है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज का दिन ऊर्जा से भरपूर रहेगा। स्वाति नक्षत्र आपके निर्णयों को तीक्ष्ण बनाएगा। निवेश सोच-समझकर करें।

**तुला** — आज चंद्रमा आपकी राशि में आत्मविश्वास, सौंदर्य, लोकप्रियता सब बढ़ेगा। अधिक भावुक निर्णय से बचें।

**वृष** — आज संबंधों में मधुरता रहेगी। चंद्र तुला से पारिवारिक सामंजस्य बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति बेहतर, पर खर्च भी बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज गुप्त शत्रु शांत होंगे। न्याय आपके पक्ष में होगा। भूमि-भवन से लाभ होगा। ध्यान-योग लाभकारी रहेगी।

**मिथुन** — आज बौद्धिक क्षमता शिखर पर। प्रतियोगी परीक्षा, लेखन और स्क्रिप्टिंग सबमें सफलता मिलेगी। कोई नया अवसर मिल सकता है।

**धनु** — आज धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। कोई अनुभवी व्यक्ति मार्गदर्शन देगा। लक्ष्य स्पष्ट होंगे। दांपत्य में सामंजस्य मजबूत होगा।

**कर्क** — आज चंद्रमा की स्थिति मानसिक हलचल ला सकती है। घर-परिवार में सहमति बनेगी। वाहन चलाते समय सावधानी।

**मकर** — आज करियर में मजबूत स्थितियां रहेंगी। रुके हुए काम पूरे होंगे। नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी।

**सिंह** — आज आकर्षण और करिश्मा बढ़ेगा। लोगों पर प्रभाव जमाएंगे। मीडिया, क्रिएटिविटी और पब्लिक डीलिंग वालों के लिए लाभप्रद है।


**कुंभ** — आज यात्रा, व्यापार, कम्युनिकेशन सब आपके पक्ष में होगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात लाभ देगी।

**कन्या** — आज आपकी योजना और रणनीति सफल रहेगी। व्यापार में विस्तार, नौकरी में मान-सम्मान बढ़ेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**मीन** — आज के दिन नए काम की शुरुआत शुभ होगी। मंगल-शनि का प्रभाव आपको दृढ़ और कार्यशील बनाएगा। आर्थिक वृद्धि के संकेत हैं।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय




**आज की ग्रह स्थिति :** 4 अप्रैल, शनिवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वितीया 10 .08 तक तत्पश्चात तृतीया।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-स्वाती 21.35 तक तत्पश्चात विशाखा।

### सुडोकू - 108 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 8 | 1 | 5 |
| 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 9 | 7 | 5 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 | 6 |
| 1 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 3 | 2 | 4 | 1 | 9 | 7 |
| 2 | 4 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 9 | 2 | 4 | 7 | 8 | 5 | 6 | 1 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 | 7 | 4 |
| 7 | 1 | 4 | 2 | 5 | 6 | 9 | 3 | 8 |

### सुडोकू -109

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 4 | 7 | | 9 |
| 4 | | 1 | | 3 | | 8 | | |
| | | 2 | | 5 | | 4 | | |
| 2 | 7 | | | | | | 3 | 4 |
| | | 5 | | | | 9 | | |
| 6 | 8 | | | 9 | | | 5 | |
| | | 3 | | | | 2 | | |
| | | 7 | | 4 | | 5 | | 6 |
| 9 | | | 7 | | | | | |

## मुक्त न्याय

### न्यायमूर्ति विक्रमनाथ बोले-प्रौद्योगिकी ने संवैधानिक संस्थाओं की जगह नहीं ली, माहौल बदल दिया

# अदालती कार्यवाही के प्रसारण से मजबूत होती है जवाबदेही

**अहमदाबाद, एजेंसी**



उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश विक्रम नाथ ने शुक्रवार को कहा कि प्रौद्योगिकी ने संवैधानिक संस्थाओं की जगह नहीं ली है, बल्कि उस माहौल को बदल दिया है, जिसमें उनकी वैधता स्थापित होती है। उन्होंने कहा कि डिजिटल एकीकरण अब सिर्फ़ एक अतिरिक्त चीज नहीं, बल्कि एक प्रक्रियागत नियम बन गया है। वह यहां डिजिटल गणराज्य में मुक्त न्याय विषय पर 21वां न्यायमूर्ति पीडी. देसाई स्मृति व्याख्यान दे रहे थे।

न्यायमूर्ति नाथ ने कहा कि अदालती कार्यवाही के इंटरनेट के माध्यम से सीधे प्रसारण से व्यवस्था के अंदर जवाबदेही मजबूत होती है, आम लोगों तक पहुंच बढ़ती है, संस्था अपने लोगों से जुड़ी रहती है, और यह भारत में कानूनी साक्षरता को बेहतर बनाने का सबसे असरदार जरिया बन सकती है। उन्होंने कहा कि आज नागरिक फोन और सोशल मीडिया मंचों के जरिये सीखते हैं, परिचर्चा करते हैं, आलोचना करते हैं और हिस्सा लेते हैं। सार्वजनिक जवाबदेही अब तेजी से डिजिटल क्षेत्रों में आकार ले रही है। प्रौद्योगिकी ने संवैधानिक संस्थाओं की जगह नहीं ली है, लेकिन इसने उस माहौल को बदल दिया है जिसमें उनकी वैधता आकार लेती है। उन्होंने कहा कि अगर प्रौद्योगिकी गरिमा और निष्पक्षता से समझौता किए बिना पब्लिक गैलरी का विस्तार कर सकती है, तो खुलापन उस संवैधानिक वादे के और करीब आ जाता है, जिसका लाभ आम नागरिक उठा सकते हैं।

### संस्थागत प्रवृत्ति से ही संवैधानिक विचार सार्थक

न्यायमूर्ति विक्रमनाथ ने बताया कि कोई भी संवैधानिक विचार तभी सार्थक होता है, जब वह संस्थागत प्रवृत्ति में बदल जाए। न्यायमूर्ति नाथ उस समय गुजरात हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश थे, जब 26 अक्टूबर 2020 को कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान अदालत की कार्यवाही का यूट्यूब पर सीधा प्रसारण शुरू किया गया था। ऐसा करने वाला यह देश का पहला हाईकोर्ट था। जुलाई 2021 में पूरी अदालत की कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग भी शुरू कर दी गई।

## पाकिस्तान के प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में आत्मघाती कार हमले में पांच की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम में एक पुलिस थाने को निशाना बनाकर किए गए आत्मघाती कार हमले में बृहस्पतिवार देर रात एक ही परिवार के चार सदस्य समेत पांच लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार बताया कि आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से भरी अपनी गाड़ी को खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू जिले की डोमेल तहसील स्थित पुलिस थाने के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी, जिससे एक जोरदार धमाका हुआ। विस्फोट की तीव्रता इतनी अधिक थी कि उसकी आवाज कई मील दूर तक सुनाई दी, जिससे निवासियों में दहशत फैल गई। विस्फोट के तुरंत बाद गोलीबारी शुरू हो गई, जिससे इलाके में तनाव और बढ़ गया। किसी भी समूह ने तत्काल हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। बचाव दल ने मौके से पांच शव बरामद किए हैं।



“अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी का कोई इरादा नहीं है। परिवार को समय देने के लिए उन्होंने संन्यास का फैसला किया था। मैंने दो सप्ताह तक सोचा, लेकिन फिर फैसला लिया कि वापसी नहीं करनी है।
–हेनरिच क्लासेन

# स्टेडियम

हल्द्वानी, शनिवार, 4 अप्रैल 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com

**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

1 दिल्ली कैपिटल्स बनाम मुंबई इंडियंस
समय - दोपहर 3:30 बजे

2 राजस्थान रॉयल्स बनाम गुजरात टाइटंस
समय - शाम 7:30 बजे

**हाईलाइट**

### डेल स्टेन की स्विंग ने तेज गेंदबाज बनने के लिए किया प्रेरित : नबी

**मुंबई।** जम्मू कश्मीर के खिलाड़ी औकिब नबी ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन की तेज गति से गेंद को स्विंग कराने की क्षमता ने उन्हें तेज गेंदबाज बनने के लिए प्रेरित किया। इस साल जम्मू-कश्मीर को रणजी ट्रॉफी में पहली बार खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले नबी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स की टीम में शामिल हैं। उन्हें शनिवार को दिल्ली के घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलने का मौका मिल सकता है। नबी ने जियो हॉटस्टार से कहा बचपन में मैं डेल स्टेन को गेंदबाजी करते हुए देखता था। जिस तरह से वह तेज गति से गेंद को स्विंग कराते थे, उससे मुझे तेज गेंदबाज बनने की प्रेरणा मिली और उम्मीद है कि एक दिन मैं भारत के लिए खेलूंगा। उन्होंने कहा क्रिकेट खेलने के कारण मुझे पिता से बहुत डांट पड़ती थी। वह नहीं चाहते थे कि मैं क्रिकेटर बनूं। वह चाहते थे कि मैं डॉक्टर बनूं।

# म्हात्रे के विस्फोटक पचासे से चेन्नई ने पंजाब को दिया 210 रनों का लक्ष्य

## आईपीएल-2026 : संजू सैमसन फिर नहीं कर पाए कमाल, विशाख ने झटके दो विकेट

चेन्नई, एजेंसी

आयुष म्हात्रे के 43 गेंद पर 73 रनों की मदद से चेन्नई सुपर किंग्स ने पंजाब किंग्स के खिलाफ शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में पांच विकेट पर 209 रन बनाये। संजू सैमसन (सात) के जल्दी आउट होने के बाद म्हात्रे ने कप्तान रूतुराज गायकवाड़ (28) के साथ दूसरे विकेट के लिये 96 रन की साझेदारी की।

सैमसन ने जेवियर बार्टलेट की आउटस्विंगर पर कवर में शॉट खेलने की कोशिश की लेकिन विकेट के पीछे प्रभसिमरन सिंह को कैच दे बैठे। इसके बाद हालांकि म्हात्रे ने पंजाब के गेंदबाजों पर दबाव बना दिया।

उन्होंने बार्टलेट को लगातार तीन चौके लगाये और पावरप्ले में चेन्नई को एक विकेट पर 57 रन तक पहुंचाया। इससे पहले शॉर्टपिच गेंदों पर असहज महसूस कर रहे म्हात्रे आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिखे और मुंबई के इस युवा बल्लेबाज ने मार्को यानसेन को छक्का लगाया। इसके बाद मार्कस स्टोइनिस को लगातार दो छक्के लगाये और 29 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने अपने से 17 साल छोटे इस बल्लेबाज को लगातार गुगली डालकर फांसने की कोशिश की लेकिन कामयाबी नहीं मिली।

म्हात्रे को 59 के स्कोर पर विजयकुमार विशाख ने और 67 के स्कोर पर शशांक सिंह ने डीप में जीवनदान दिया। वह विशाख की गेंद पर खराब शॉट खेलकर शॉर्ट थर्डमैन में चहल को कैच देकर लौटे। इस बीच गायकवाड़ को भी चहल ने आउट किया। चेन्नई ने दसवें से 15वें ओवर के बीच सिर्फ 45 रन बनाये। सरफराज खान ने 12 गेंद में 32 रन बनाकर रनगति तेज करने की कोशिश की।

उन्होंने अर्शदीप सिंह और विशाख को लगातार तीन तीन चौके लगाये लेकिन विशाख की ही गेंद पर निहाल वढेरा को कैच देकर पवेलियन लौटे। शिवम दुबे ने 27 गेंद में नाबाद 45 रन बनाये और चेन्नई ने आखिरी पांच ओवर में 64 रन बनाकर 200 का आंकड़ा पार किया।



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते आयुष म्हात्रे। एजेंसी

**चेन्नई सुपर किंग्स**

**209/5** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन का प्रभसिमरन बो बार्टलेट | 07 |
| रूतुराज गायकवाड़ का वढेरा बो चहल | 28 |
| आयुष म्हात्रे का चहल बो विशाख | 73 |
| शिवम दुबे नाबाद | 45 |
| कार्तिक शर्मा पगबाधा बो यानसेन | 01 |
| सरफराज खान का वढेरा बो विशाख | 32 |
| प्रशांत वीर नाबाद | 06 |
| अतिरिक्त : 17 रन | |

**गेंदबाजी :** अर्शदीप 4-0-41-0, बार्टलेट 4-0-48-1, यानसेन 4-0-43-1, विशाख 4-0-38-2, चहल 3-0-21-1, स्टोइनिस 1-0-17-0


### दिनेश कार्तिक ने मेरी मदद की: जितेश

**बेंगलुरु।** आरसीबी के उप कप्तान जितेश शर्मा ने कहा कि जब अपने पिता के निधन के बाद वह भावनात्मक रूप से कमजोर महसूस कर रहे थे तब पूर्व भारतीय विकेटकीपर दिनेश कार्तिक ने उनकी काफी मदद की। जितेश ने कहा कि इस साल फरवरी में उनके पिता के निधन के बाद कार्तिक ने उन्हें कुछ समय के लिए खेल से दूर रहने और भावनात्मक रूप से मजबूत बनने के लिए प्रोत्साहित किया था। जितेश ने आरसीबी के एक पॉडकास्ट में कहा दिनेश कार्तिक अन्ना ने मुझसे कहा कि मैं थोड़ा आराम करूं। कुछ समय के लिए खेल से दूर रहूं तथा अपने परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताऊं। इससे मुझे फिर से तरोताजा होने में मदद मिली।

**अंक तालिका**


| | टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 4.171 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 2.907 |
| 3. | दिल्ली कैपिटल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 1.397 |
| 4. | मुंबई इंडियंस | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.687 |
| 5. | पंजाब किंग्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.509 |
| 6. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | 0.469 |
| 7. | गुजरात टाइटंस | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.509 |
| 8. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -1.397 |
| 9. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -1.964 |
| 10. | चेन्नई सुपर किंग्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -4.171 |

**ऑरेंज कैप**



अंगकृष रघुवंशी केकेआर 103
ईशान किशन हैदराबाद 94 रन
हेनरिच क्लासेन हैदराबाद 83 रन

**पर्पल कैप**



विजयकुमार वैशक पंजाब 5 विकेट
जयदेव उनादकट हैदराबाद 4 विकेट
ब्लेसिंग मुजरबानी केकेआर 4 विकेट

# ग्रीन ने केकेआर का बिगाड़ दिया संतुलन : गावस्कर

- बोले-टीम को एक और विशेषज्ञ बल्लेबाज को लाने पर विचार करना चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी

महान खिलाड़ी सुनील गावस्कर ने शुक्रवार को कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) से एक और विशेषज्ञ बल्लेबाज को लाने पर विचार करने की बात कही क्योंकि ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन की सीमित भूमिका ने इस आईपीएल में उनकी टीम का संतुलन बिगाड़ दिया है।

ग्रीन को आईपीएल से संन्यास ले चुके आंद्रे रसेल की जगह नीलामी में 25.20 करोड़ रुपये में खरीदा गया था और वह क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के कार्यभार प्रबंधन के कारण केकेआर के पहले दो मैच में गेंदबाजी नहीं कर पाए। यह बात टीम प्रबंधन को पसंद नहीं आई। गावस्कर ने कहा अगर कैमरन ग्रीन गेंदबाजी नहीं करने वाले हैं तो केकेआर को अपने संयोजन के बारे में सोचना होगा। अगर वह गेंद से योगदान नहीं दे रहे हैं तो उन्हें किसी दूसरे विशेषज्ञ बल्लेबाज को लाने पर विचार करना पड़ सकता है। मुंबई इंडियंस से हार से अपने अभियान की शुरुआत करने के बाद केकेआर को बृहस्पतिवार को सनराजइर्स हैदराबाद से 65 रन से एक और हार का सामना करना पड़ा।

गावस्कर ने कहा हम जानते हैं कि उसने आईपीएल में शतक जड़ा है। वह अच्छी बल्लेबाजी कर सकता है लेकिन हाल में उसकी फॉर्म अच्छी नहीं रही है।

# मुंबई के खिलाफ दिल्ली के शीर्ष क्रम पर होगी निगाह

- पिछले मैच में पहली ही गेंद पर आउट हो गए थे केएल राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स शनिवार को यहां जब अपने घरेलू मैदान पर पहले मैच में आत्मविश्वास से ओतप्रोत मुंबई इंडियंस का सामना करेगा तो सभी की निगाहें उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर टिकी होगी। दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले साल पारी की शुरुआत करने के लिए सात जोड़ियों को आजमाया था। उम्मीद की जा रही थी कि इस साल वह इसमें अधिक स्थिरता लाएगा, लेकिन शुरुआती संकेतों से पता चलता है कि समस्या अब भी बनी हुई है।

दिल्ली कैपिटल्स पहले मैच में लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ 142 रन का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत नहीं कर पाया था। केएल राहुल पहली ही गेंद पर आउट हो गए, जबकि नितीश राणा और पथुम निस्संका भी नहीं टिक पाए जिससे उसका स्कोर चार विकेट पर 26 रन हो गया। इसके बाद 22 वर्षीय समीर रिजवी ने 'इंपैक्ट प्लेयर' के रूप में उतरकर संयम और परिपक्वता का शानदार परिचय देते हुए नाबाद अर्धशतक लगाया। इन्होंने अनुभवी ट्रिस्टन स्टब्स के साथ मिलकर 119 रन की अटूट साझेदारी करके अपनी टीम को छह विकेट से जीत दिलाई थी। रिजवी का प्रदर्शन दिल्ली के लिए अच्छा संकेत है लेकिन शीर्ष क्रम में उसकी कमजोरी चिंता का विषय है। अब उसे जसप्रीत बुमराह के अगुवाई वाले मुंबई के मजबूत गेंदबाजी आक्रमण का सामना करना है और उसके लिए यह आसान नहीं होगा। अपने पहले आईपीएल खिताब की तलाश में जुटी कैपिटल्स की टीम शीर्ष क्रम में अधिक स्थिरता देखने के लिए उत्सुक होगी। उसके पास दो विकल्प हैं। या तो पिछले सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने अभिषेक पोरेल या फिर निरंतरता बनाए रखने में नाकाम रहे पृथ्वी साव पर भरोसा दिखाए। दिल्ली की गेंदबाजों का सामना अब रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा जैसे बल्लेबाजों से होगा और इसलिए उन्हें अपनी गति में विविधता और स्पिन पर नियंत्रण रखने की जरूरत पड़ेगी। मुंबई इंडियंस पिछले कई वर्षों से आईपीएल में अच्छी शुरुआत नहीं कर पा रहा था लेकिन इस बार उसने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ जीत हासिल करने पहले मैच में हार के 14 साल के सिलसिले को खत्म कर दिया।



अभ्यास सत्र के दौरान मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव (दाएं) और दिल्ली कैपिटल्स के मुकेश कुमार। एजेंसी

**टीम**

**दिल्ली कैपिटल्स :** अभिषेक पोरेल, केएल राहुल, नितीश राणा, समीर रिज़वी, ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, आशुतोष शर्मा, दुष्मंथा चमीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विप्रज निगम, मिचेल स्टार्क, त्रिपुराना विजय, डेविड मिलर, औकिब नबी डार, पथुम निसांका, लुंगी एनगिडी, पृथ्वी साव, काइल जैमीसन, अजय जादव मंडल, टी नटराजन, माधव तिवारी, करुण नायर, साहिल पारख।

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक, दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज, रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), शेरफेन रदरफोर्ड, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, अथर्व अंकोलेकर, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, मिचेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, तिलक वर्मा, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, एएम गजनफर, मयंक मार्कंडेय, मोहम्मद इज़हार, रघु शर्मा।



अहमदाबाद में अभ्यास सत्र के दौरान गुजरात टाइटंस के राशिद खान। एजेंसी

# सूर्यवंशी के सामने टाइटंस के तेज गेंदबाजों की होगी कड़ी परीक्षा

अहमदाबाद, एजेंसी

कैगिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज की मौजूदगी वाला तेज गेंदबाजी आक्रमण देखने में तो काफी खतरनाक लगता है, लेकिन शनिवार को यहां राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के बीच होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मैच में बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर 'वंडर ब्वाय' वैभव सूर्यवंशी के सामने उनकी कड़ी परीक्षा होगी। पंद्रह वर्षीय सूर्यवंशी ने आईपीएल में अपने दूसरे सत्र की शानदार शुरुआत की।

उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ केवल 15 गेंद पर अर्धशतक जड़ दिया था जिससे उसकी टीम ने 127 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर दिया था। सूर्यवंशी शनिवार को नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में एक बार फिर से आक्रामक रुख अपनाने की कोशिश करेंगे, लेकिन गुजरात टाइटंस का गेंदबाजी आक्रमण काफी मजबूत है जिसमें रबाडा, सिराज और प्रसिद्ध जैसे खतरनाक तेज गेंदबाज हैं। इस मैच में टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल से बेहतर रणनीति अपनाने की उम्मीद की जाएगी क्योंकि पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में टीम की हार के दौरान उनके कुछ फैसलों की आलोचना हुई थी। इस मैच में जहां सिराज को केवल दो ओवर दिए गए थे वहीं प्रसिद्ध को 13वें ओवर में गेंदबाजी के लिए लाया गया था। बल्लेबाजी की बात करें तो नरेन्द्र मोदी स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए स्वर्ग मानी जा रही है, जहां वे खुलकर बल्लेबाजी कर सकते हैं। टूर्नामेंट में अब तक सभी टीम ने लक्ष्य का पीछा करना अच्छा समझा है। राजस्थान रॉयल्स के पास नांद्रे बर्गर और जोफ्रा आर्चर जैसे दो अच्छे तेज गेंदबाज हैं तथा वह गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर को शुरुआती ओवरों में कड़ी चुनौती देना चाहेंगे। गुजरात टाइटंस की समस्या उसकी शीर्ष तीन बल्लेबाजों की पर अत्यधिक निर्भरता है। कप्तान गिल (27 गेंदों में 39 रन) और बटलर (33 गेंदों में 38 रन) दोनों ही मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने रंग में नहीं दिखे।

**टीम**

**राजस्थान रॉयल्स :** रियान पराग (कप्तान), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जयसवाल, रवींद्र जड़ेजा, एडम मिल्ने, ब्रिजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा।

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, जोस बटलर, निशांत सिंधु, वॉशिंगटन सुंदर, अरशद खान, शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, कैगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, ईशांत शर्मा, गुरनूर सिंह बराड़, राशिद खान, मानव सुथार, साई किशोर, जयंत यादव, ग्लेन फिलिप्स, जेसन होल्डर, अशोक शर्मा, ल्यूक वुड, पृथ्वी राज यारा, टॉम बैंटन।

# मेरे स्ट्राइक रेट की आलोचना करने के पीछे खास एजेंडा : रहाणे

कोलकाता, एजेंसी

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने अपने स्ट्राइक रेट को लेकर हो रही आलोचना के बारे में कहा कि इस चर्चा के पीछे एक 'खास एजेंडा' और 'ईर्ष्या' का भाव मौजूद है। केकेआर की आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों 65 रन की करारी हार के बाद रहाणे के स्ट्राइक रेट पर सवाल उठने लगे हैं।

केकेआर की टीम 227 रन की लक्ष्य का पीछा करते हुए 16 ओवर में 161 रन पर आउट हो गयी। यह इस सत्र में उसकी लगातार दूसरी हार है। इस हार ने सारा ध्यान रहाणे के प्रदर्शन और स्ट्राइक रेट पर केंद्रित कर दिया। गुरुवार को 10 गेंदों में आठ रन बनाने वाले केकेआर के कप्तान ने आलोचनाओं पर अप्रत्याशित रूप से तल्ख रवैया अपनाया।



रहाणे ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा जहां तक मेरे स्ट्राइक रेट का सवाल है तो मुझे लगता है कि 2020 से अब तक मेरा स्ट्राइक रेट सबसे अच्छा रहा है। जो लोग मेरे बारे में बात कर रहे हैं, शायद वे मैच नहीं देख रहे हैं या उनके मन में मेरे खिलाफ कोई खास एजेंडा है। उन्हें मेरा खेलना पसंद नहीं है। उन्होंने कहा वे नहीं चाहते कि मैं खेलता रहूं। मैंने जितनी सफलता हासिल की है उसे देखकर शायद वे मुझसे ईर्ष्या करते हैं। मुझे इसकी ज्यादा चिंता नहीं है। भारतीय टीम से बाहर चल रहे इस खिलाड़ी ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुंबई के लिए 10 पारियों में 161.57 के स्ट्राइक रेट से 391 रन बनाए थे। पिछले साल केकेआर आठवें स्थान पर रहा था लेकिन रहाणे ने टीम की तरफ से सर्वाधिक रन बनाए थे।

रहाणे बीच के ओवरों में अपेक्षित तेजी से रन नहीं बना पाए हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहले मैच में रहाणे ने पहली 18 गेंदों में 36 रन बनाए, लेकिन अगली 22 गेंदों में केवल 31 रन ही बना सके। रहाणे ने कहा जो लोग बातें कर रहे हैं उन्हें खेल की समझ नहीं है।

### पहले ही मैच में घबराने की जरूरत नहीं : कुलदीप

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के स्पिनर कुलदीप यादव ने शुक्रवार को कहा कि आईपीएल में पहले ही मैच के बाद शीर्ष क्रम के खराब प्रदर्शन को लेकर घबराने की कोई जरूरत नहीं है। दिल्ली कैपिटल्स ने टूर्नामेंट के पहले मैच में शीर्ष क्रम के चरमराने के बाद समीर रिजवी और ट्रिस्टन स्टब्स की मैच विजयी साझेदारी से छह विकेट से जीत हासिल की।

केएल राहुल पहली ही गेंद पर शून्य पर आउट हो गए जबकि पाथुम निसांका को रन बनाने में मुश्किल हुई और नीतिश राणा आक्रामक खेल दिखाने की कोशिश में आउट हो गए। मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कुलदीप ने कहानीतिश कई साल से खेल रहे हैं और आईपीएल के अनुभवी खिलाड़ी हैं।

**सही कदम**

**पिता योगराज सिंह के विवादित बयानों पर जताया अफसोस**

# युवराज ने धोनी और कपिल से मांगी माफी

नई दिल्ली, एजेंसी

विश्व कप विजेता पूर्व भारतीय आलराउंडर युवराज सिंह ने कहा कि उनके पिता योगराज सिंह ने महेंद्र सिंह धोनी और कपिल देव के बारे में गुस्से में जो बातें कहीं, वे गलत थीं और इसके लिए माफी मांगते हैं।

उन्होंने कहा कि वह अपने पिता की इन विवादित बातों से सहमत नहीं हैं और इन खिलाड़ियों से दिल से माफी मांगते हैं। युवराज ने 'स्पोर्ट्स तक' के साथ एक पॉडकास्ट साक्षात्कार में अपने पिता के उस विवादित मुद्दे पर बात की जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय टीम से उनके बाहर होने के लिए धोनी को दोषी ठहराया था और साथ ही उन्होंने बीते समय में चयन के मुद्दों को लेकर भी कपिल को गाली दी थी। युवराज ने कहा मैं कपिल और एम एस धोनी से इन टिप्पणियों के लिए माफी मांगना चाहता हूं क्योंकि कपिल पाजी भारत के लिए एक महान खिलाड़ी रहे हैं। उनके (योगराज और कपिल) बीच कैसा रिश्ता था, मुझे नहीं पता, मैं तो तब पैदा भी नहीं हुआ था।



उन्होंने कहा मैं धोनी के साथ खेला हूं और उनके साथ अपने रिश्ते को लेकर मेरी उम्मीदें थीं। लेकिन मेरे पिता ने उनके बारे में जो कहा, मैंने उनसे कहा कि यह ठीक नहीं है। भारत की 2011 विश्व कप जीत के नायक रहे इस आलराउंडर ने कहा मैंने उनसे कहा यह ठीक नहीं है क्योंकि इसका असर मुझ पर पड़ता है। मैं उनके साथ खेला हूं और मैं चाहूंगा कि आप उनके बारे में ये बातें नहीं कहें।

युवराज ने कहा कि कपिल और धोनी दोनों अच्छी तरह जानते हैं कि उनके पिता के बयान किसी भी तरह से उनके अपने विचारों को नहीं दिखाते हैं। उन्होंने कहा जो कोई भी कारण हों, आप जानते हैं कि वे क्या हैं। लेकिन मैं उन दोनों से इन शब्दों के लिए ईमानदारी से माफी मांगना चाहूंगा लेकिन वे यह भी जानते हैं कि ये शब्द मेरे नहीं हैं। क्रिकेटर के तौर पर, उन्होंने देश के लिए जो कुछ किया है, मेरे मन में उनके लिए बहुत सम्मान है।

### पिता के अंदर दोनों के प्रति भरा है गुस्सा

कपिल उत्तर क्षेत्र और हरियाणा के कप्तान थे और योगराज का कहना है कि तब उन्होंने उन्हें 'बिना किसी वजह' टीम से बाहर कर दिया था जिसके कारण उन्होंने कपिल को उनके घर पर गाली दी और फिर क्रिकेट छोड़ दिया। धोनी के मामले में योगराज ने कहा युवराज के टीम से बाहर होने का कारण वही थे। 2011 में विश्व कप जीतने के बाद युवराज ने क्रिकेट में वापसी करने के लिए कैंसर से लड़ाई लड़ी और जब उन्हें उस साल विश्व कप के लिए नहीं चुना गया तो उन्होंने 2019 में क्रिकेट से संन्यास ले लिया। योगराज ने कहा युवराज के करियर को बर्बाद करने के लिए धोनी जिम्मेदार थे इसलिए माफ नहीं करेंगे।